सुत्तपिटके

संयुत्तनिकायपालि

[हिन्दी-अनुवादसहिता]



सम्पादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-४१
Bauddha Bharati Series-41

सुत्तपिटके

संयुत्तनिकायपालि

[हिन्दी अनुवादसहिता]

(२. निदानवग्गो ३. खन्धवग्गो च)

2

प्रधानसम्पादक
स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

Bauddha Bharati Series-41

The SAMYUTTANIKĀYAPĀLI

(1. Nidāna Vagga, 2. Khandha Vagga)

with

HINDI TRANSLATION

Vol. - 2

Edited & Translated By

Swāmī Dwārikādās Śāstrī

बौद्धभारती

Varanasi

B. 2543] 2000 [V. 2056

बौद्धभारतीग्रन्थमाला-४१

सुत्तपिटके

संयुत्तनिकायपालि

[हिन्दी अनुवादसहिता]

(२. निदानवग्गो ३. खन्धवग्गो च)

द्वितीय भाग

सम्पादक एवं अनुवादक

स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

बौद्धभारती

वाराणसी

बु० २५४३] सन् २००० ई० [वि० २०५६

प्रकाशक :
बौद्धभारती
पञ्चशील, एस १०/६ ए-२ए,
मकबूल आलम रोड,
(जिला जेल के सामने) वाराणसी-२२१ ००२
फोन : ०५४२-३२९८०४४
मो० : ०९३३६९१२५४७
* * * * * * * * * * * *
पोस्ट बाक्स नं. : १०४९,
वाराणसी-२२१ ००१. (भारत)

Publisher :
Bauddha Bhāratī
S 10/6 A-2A, 'Panchasila'
Maqbool Alam Road,
Opp. Distt. Jail, Varanasi-221 002
Ph. 0542-3298044
Mo. 09336912547
* * * * * * * * * * * *
Post Box No. : 1049,
Varanasi-221 001 (India)

e-mail : bauddhabhrti@satyam.net.in

सहसम्पादक :
धर्मकीर्तिशास्त्री
चन्द्रकीर्तिशास्त्री

प्रथम संस्करण : २००० ई.

First Edition : 2000 E.

Price Rs. 2250/- (In 4 Vol's set)

मुद्रक :
साधना प्रेस
वाराणसी-२२१ ००२

Printed By :
Sadhana Press
Varanasi- 221 002



"एसोहं, भन्ते, भगवन्तं सरणं गच्छामि, धम्मं च, भिक्खुसङ्घं च। उपासकं मं, भन्ते, भगवा धारेतु, अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणङ्गतं" ति।

प्रकाशकीय वक्तव्य

''अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया परियापुणितुं'' ति

—विनयपिटके, भगवा बुद्धो।

सन् १९५८-१९६१ ई० में पालित्रिपिटकप्रकाशनसमिति, नालन्दा द्वारा सम्पूर्ण त्रिपिटक प्रकाशन में कार्य करते समय से ही हमारा यह सङ्कल्प था कि समस्त त्रिपिटक (बुद्धवचन) का हिन्दी-रूपान्तर (अनुवाद) के साथ भी प्रकाशन होना चाहिये, जिससे वह अन्य भाषाओं के विद्वानों के लिये भी उपयोगी हो सके। परन्तु यह कार्य स्वयं में इतना विशाल, गुरुतर एवं बहुजनसाध्य था कि हमारे जैसा अल्पसाधन वाला एकाकी पुरुष इसके प्रकाशन का साहस नहीं कर पा रहा था।

एतदर्थ, हमने विगत पन्द्रह वर्षों में अत्यधिक प्रयास किया; भारत के केन्द्रीय शिक्षामन्त्रालय से, उ०प्र० शासन के शिक्षाविभाग से, भारत के अनेक साधनसम्पन्न प्रकाशकों से तथा धनपतियों एवं बुद्धिजीवियों से इस कार्य के लिये आर्थिक साधन संगृहीत कराने हेतु निवेदन किया; परन्तु किसी ने भी, इस कार्यहेतु, हमारा उत्साहवर्धन नहीं किया।

अन्त में, हमने विवश होकर, अपने अल्प साधनों के बल पर ही इस कार्य को आगे बढ़ाने का निश्चय किया। तदनुसार, सर्वप्रथम सुत्तपिटक का **मज्झिमनिकाय** (सम्पूर्ण) हिन्दी अनुवाद के साथ पाँच भागों में प्रकाशित किया, जो कि पाँच वर्ष में पूर्ण हुआ।

तदनन्तर, हमने सुत्तपिटक का **दीघनिकाय** (सम्पूर्ण) (हिन्दी अनुवाद के साथ) तीन भागों में प्रकाशित करने का सङ्कल्प किया।

इस बार हमने पुनः केन्द्रीय शिक्षामन्त्रालय, नई दिल्ली से (सन् १९९६ ई० में) इस ग्रन्थ के प्रकाशनहेतु आर्थिक अनुदान के लिये आवेदन किया। सौभाग्य से, इस बार हमारा यह आवेदन स्वीकृत हो गया और मुद्रण पर होने वाले समग्र व्यय में से ८० प्रतिशत अंश राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली से प्राप्त होने की स्वीकृति मिली। एतदर्थ हम उक्त मन्त्रालय के आभारी हैं।

इसी क्रम में हमने समस्त **संयुत्तनिकायपालि** का हिन्दी अनुवाद के साथ चार भागों में प्रकाशन करने का सङ्कल्प किया। दो वर्ष के कठिन परिश्रम एवं प्रयास के बाद, यह ग्रन्थ (चार भागों में सम्पूर्ण) आप के सम्मुख प्रस्तुत किया जा रहा है। यह ग्रन्थ २२५० पृष्ठों में पूर्ण हो पाया, अतः ग्रन्थ का कलेवर कुछ विशाल हो गया है। परन्तु हमें इस बात की प्रसन्नता है कि यह ग्रन्थ पालि एवं हिन्दी-दोनों भाषाओं में एक साथ सुलभ हो रहा है। इस

तरह, इस ग्रन्थमाला में त्रिपिटक के **सुत्तनिकाय** का बहुत अंश प्रकाशित हो चुका है। अब **अङ्गुत्तरनिकाय** का अनुवाद कार्य हो रहा है। उसे भी यथासम्भव शीघ्र ही मुद्रित-प्रकाशित कराने का हमारा प्रयास है। अस्तु।

यह इस ग्रन्थ का **२. निदानवग्ग** एवं **३. खन्धवग्ग** नामक द्वितीय भाग है। इसमें ३४वें **ध्यानसंयुक्त** तक २३ संयुक्त संगृहीत हैं। 'मज्झिमनिकाय' एवं 'दीघनिकाय' की तरह इसमें भी हमने पालि-पाठ के लिये बर्मा में हुए छट्ठ सङ्गायन पर आधृत, और श्रीलंका, स्याम (थाईलैण्ड) तथा पालिटैक्स्ट सोसाइटी लन्दन के संस्करणों का सहयोग लेकर १९५९ में 'पालि त्रिपिटक प्रकाशन बोर्ड' नालन्दा से प्रकाशित एवं आदरणीय भिक्षु जगदीश काश्यप द्वारा सम्पादित देवनागरी-संस्करण को आदर्श रूप में रखा है। इसमें हमने बहुत कम परिवर्तन किया है। कहीं कहीं मुद्रणाशुद्धियों के संशोधन के अतिरिक्त अधिक कुछ नहीं किया है।

साथ ही हमने उक्त सभी बर्मा, नालन्दा एवं रोमन संस्करणों की पृष्ठ-संख्या भी रोमन अक्षरों में क्रमशः यथास्थान दे दी है। अनुसन्धाता इससे भी लाभान्वित होंगे।

इसमें हमने आचार्य बुद्धघोष की अट्ठकथा को प्रमाण मान कर अपना स्वतन्त्र **हिन्दी अनुवाद** सम्पन्न करते हुए, उसे पालि-पाठ के साथ नीचे दिया है। इससे पाठकों को पालि एवं उसकी हिन्दी—दोनों ही भाषाएँ अत्यन्त सरलता से हृदयङ्गम हो सकेंगी—ऐसा हमारा विश्वास है।

यहाँ हमें एक निवेदन अवश्य करना है कि विषय-वैशद्य (बात को समझाने) के लिये त्रिपिटक में विषय का अनुकूल-प्रतिकूल, या आरोह-अवरोह दोनों क्रमों से विस्तृत (अक्षरशः) वर्णन किया जाता है। इस शैली में भाषाच्छटा तो अवश्य आ जाती है, परन्तु इस शब्द-समूह में फँस कर पाठक से मूल विषय दूर दूर सा होने लगता है। इसके लिये पालि-संग्रहकारों ने ऐसे विशेष स्थानों (जहाँ पाठ पुनः पुनः आवृत्त हो) के लिये '...पे०...' की परम्परा रखी है। इस परम्परा का इससे पहले के संस्करणों में निर्भयता से उपयोग हुआ है। इसे हमने भी अपने हिन्दी-अनुवाद में स्वीकार किया है। परन्तु '...पे०...' का अनुवाद हमने '...पूर्ववत्...' करके दिया है, या प्रायः '...' इस चिह्न का प्रयोग किया है, ताकि पाठक प्रसङ्ग के प्रधान विषय से दूर न हो जाय।

यों हमने एक अभिनव पद्धति में बुद्ध-वचन (त्रिपिटक) का प्रकाशन प्रारम्भ किया है। यदि विद्वानों को यह पद्धति रुचिकर व अनुकूल प्रतीत हुई तो हम आगामी काल में त्रिपिटक के समग्र ग्रन्थों का प्रकाशन इसी पद्धति से करेंगे।

एक कार्य हमने इस प्रसङ्ग में और किया है। ग्रन्थ में वर्णित सूत्रों का संक्षेप हिन्दी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं में ग्रन्थ के प्रारम्भ में दे दिया है, जिससे पाठकों को सूत्रों का वर्ण्य विषय एक ही दृष्टि में हृदयङ्गम हो जाय।

इस तरह, हम इस ग्रन्थमाला को पालि-हिन्दी-इंग्लिश तीनों ही भाषाओं के विद्वानों के लिये उपयोगी बना पाये हैं—ऐसा हमारा विश्वास है।

अन्ते च, इस पवित्र ग्रन्थ का यह अनुवाद हमने स्वकीय ज्ञानवृद्धिहेतु लिखा था, लिखने के बाद यह ध्यान में आया कि यह हमारे समानधर्मा अन्य जिज्ञासुओं का भी अर्थसाधक हो सकता है। इसी उद्देश्य से यह प्रकाशित किया जा रहा है।

इतने विस्तृत अनुवाद में, हो सकता है कहीं परम्परा का निर्वाह न हो पाया हो, एतदर्थ हमारा विज्ञ जनों से विनम्र निवेदन है कि हमारे प्रमाद को क्षमा करते हुए हमें सूचित करने का कष्ट करें; जिससे आगामी संस्करण में उस का परिहार किया जा सके।

वसन्तपञ्चमी, २०५६ वि.
वाराणसी

विद्वद्वशंवद
स्वामी द्वारिकादासशास्त्री

संयुक्तनिकायपालि के

निदानवर्ग का संक्षिप्त विवरण

इस वर्ग में १० संयुक्तों का व्याख्यान है; जैसे—१. निदानसंयुक्त, २. अभिसमय-संयुक्त, ३. धातुसंयुक्त, ४. अनमृताग्रसंयुक्त, ५. काश्यपसंयुक्त, ६. सत्कारलाभसंयुक्त, ७. राहुलसंयुक्त, ८. लक्षणसंयुक्त, ९. औपम्यसंयुक्त एवं १०. भिक्षुसंयुक्त। अब इन का क्रमशः संक्षिप्त वर्णन किया जा रहा है—

१. (१२) निदानसंयुक्त : यह संयुक्त १. बुद्धवर्ग, २. आहारवर्ग, ३. दशबलवर्ग, ४. कळारक्षत्रियवर्ग, ५. गृहपतिवर्ग, ६. दुःखवर्ग, ७. महावर्ग, ८. श्रमणब्राह्मणवर्ग, ९. पेय्यालवर्ग—इन नौ (९) वर्गों में विभाजित कर १०२ सूत्रों के आधार से वर्णित हुआ है। इन में प्रथम बुद्धवर्ग में विपश्यी बुद्ध से गौतम बुद्ध तक ७ बुद्धों ने प्रतीत्यसमुत्पाद सिद्धान्त विस्तारपूर्वक समझाया है।

द्वितीय आहारवर्ग में सांसारिक प्राणियों के चतुर्विध आहारों का वर्णन किया गया है। ये आहार चार प्रकार के हैं—१. ग्रास ग्रास कर खाया जाने वाला आहार, २. स्पर्श, ३. मन की चेतना, एवं ४. विज्ञान। इन्हें आहार इस लिये कहा जाता है कि प्राणी इन के कारण अपने फल का आहरण (ग्रहण) करते हैं। साथ ही १७वें एवं २०वें सूत्र में प्रतीत्यसमुत्पाद, १९वें सूत्र में मूर्ख एवं पण्डित का भेद समझाया गया है।

तृतीय दशबलवर्ग में, १० सूत्रों से भगवान् बुद्ध सर्वोत्तम कहलाने योग्य क्यों हैं? बौद्धमत में कर्मवाद की व्याख्या, सुखदुःख की सहेतुकता, प्रतीत्यसमुत्पाद, परमार्थज्ञ श्रमणब्राह्मण एवं संस्कार पारङ्गत श्रमणब्राह्मणों के विषय में समझाया गया है।

चतुर्थ कळारक्षत्रियवर्ग के १० सूत्रों से यथार्थ ज्ञान, प्रतीत्यसमुत्पाद, ४४ ज्ञानविषय, ज्ञान के ७७ विषय, दुःखमूल अविद्या, शरीर के प्रति अनासक्ति, चेतना एवं सङ्कल्प के अभाव में मुक्ति—ये विषय विस्तारपूर्वक समझाये गये हैं।

पञ्चम गृहपतिवर्ग में, १० सूत्रों से पाँच वैरभयों की शान्ति, दुःख एवं दुःखनाश, लोक एवं उस का नाश, प्रतीत्यसमुत्पाद, मध्यम मार्ग का उपदेश, लौकिक मार्गों का त्याग, आर्यश्रावक को प्रतीत्यसमुत्पाद के प्रति सन्देह नहीं—आदि बातें समझायी गयी हैं।

षष्ठ दुःखवर्ग में, १० सूत्रों से प्रतीत्यसमुत्पाद, संसार के प्रति अशुभ भावना से दुःखनाश, आसक्ति त्याग से तृष्णानाश, सांसारिक आसक्ति से नामरूप का उत्पाद, विज्ञान का उत्पाद एवं प्रतीत्यसमुत्पाद का गाम्भीर्य समझाया गया है।

सप्तम महावर्ग में भी दश सूत्रों से चित्त की चञ्चलता, पञ्चस्कन्धों में वैराग्य से मुक्ति, चतुर्विध आहार, आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग ही सनातन बुद्ध मार्ग, आध्यात्मिक चिन्तन, जरामरणोत्पत्तिनियम, भवनिरोध ही निर्वाण है, जरामरणनिरोध, धर्मज्ञान के अनन्तर ही निर्वाण-ज्ञान—आदि विषय समझाये गये हैं।

अष्टम श्रमणब्राह्मणवर्ग में ११ सूत्रों से परमार्थज्ञ श्रमणों एवं ब्राह्मणों के लक्षण बताये गये हैं।

नवम पेय्यालवर्ग में व्याख्यात १२ सूत्रों से यथार्थ ज्ञानहेतु भगवान् की गवेषणा, यथार्थ ज्ञानहेतु शिक्षक की गवेषणा, यथार्थ ज्ञानहेतु शिक्षा आदि विविध उपायों का विस्तृत वर्णन किया गया है। इस तरह विविध व्याख्यानों से परिपूर्ण यह निदानसंयुक्त सम्पन्न हुआ है॥

१३. अभिसमयसंयुक्त : (अभिसमय=स्पष्ट ज्ञान) इस संयुक्त में ११ सूत्रों के माध्यम से १. स्रोतआपन्न के दु:ख अत्यल्प हैं, २. महानदियों के जल-परिमाण से दु:ख की तुलना, ३. पृथ्वी के परिमाण से दु:ख की तुलना, ४. समुद्र जल के परिमाण से दु:ख की तुलना, ५. हिमालय पर्वत से दु:ख की तुलना, ६. सुमेरु पर्वत से दु:ख की तुलना—आदि का वर्णन है॥

१४. धातुसंयुक्त : इस संयुक्त में चार वर्ग हैं। प्रथम नानात्ववर्ग में—धातु एवं स्पर्श का विभाग, धातुभेद से स्पर्शभेद, वेदनाभेद, बाह्यपञ्चकधातुभेद, संज्ञाभेद, यत्नभेद से धातुभेद अस्वीकार्य, विभिन्न लाभों के हेतु, धातुनानात्व से संज्ञानानात्व—इन विषयों का १० सूत्रों में वर्णन है।

द्वितीय वर्ग में—सात धातु, कारण से कार्य की उत्पत्ति, धातु के कारण संज्ञादि की उत्पत्ति, धातुओं के अनुसार प्राणियों से सम्बन्ध—इन विषयों का १२ सूत्रों के माध्यम से अति विस्तृत वर्णन हुआ है।

तृतीय कर्मपथवर्ग में भी धातुओं के अनुसार प्राणियों का परस्पर मेल, दश कर्मपथिकों में परस्पर मेल, अष्टाङ्गिकों में, दश अङ्गों में परस्पर मेल का वर्णन सात सूत्रों द्वारा किया गया है।

चतुर्थ वर्ग में—पूर्वज्ञान, धातुओं के आस्वादन में विचरण, धातुओं के यथार्थ ज्ञान से मुक्ति, धातुओं में विरक्ति से दु:खमुक्ति, धातुनिरोध से दु:खनिरोध, चार धातु—इन का वर्णन है॥

१५. अनमृताग्रसंयुक्त : इस में दो वर्ग हैं। प्रथम वर्ग में—संसार के अनादित्व में तृणकाष्ठ की, आँसुओं की, दूध की, पर्वत की, लौहनगर की, कल्पों के स्मरण की, गङ्गा नदी के बालुकाकणों की उपमाएँ, संसार के आरम्भ के ज्ञान में असम्भावना का वर्णन है। तथा द्वितीय वर्ग में—दु:खी एवं सुखी प्राणी के प्रति सहानुभूति, समुद्र जल की

अपेक्षा मानव रक्त का आधिक्य, संसार में कोई कभी पिता, माता, भ्राता, भगिनी, पुत्र, पुत्री आदि न बना हो—इस की असम्भावना एवं वैपुल्यपर्वत की प्राचीनता—ये विषय वर्णित हैं। इस संयुक्त में **वैपुल्यपर्वतसूत्र** अनेक दृष्टियों से पठनीय है॥

१६. काश्यपसंयुक्त : इस संयुक्त में १३ सूत्र हैं। इन में—प्राप्त चीवर आदि से सन्तोष, उद्योगी सङ्कोची को ज्ञानप्राप्ति, भिक्षु का गृहस्थों के घरों में चन्द्रमा की तरह निरपेक्षभाव से जाना, आरण्यक व्रत के लाभ, धर्मोपदेश श्रवण में अयोग्य भिक्षु, ध्यानाभिज्ञा में आयुष्मान् काश्यप बुद्धतुल्य, थुल्लतिस्सा भिक्षुणी का सङ्घ से बहिष्कार, आयुष्मान् महाकाश्यप द्वारा आयुष्मान् आनन्द को 'बालक' कहना, अव्याकृत प्रश्न, चार आर्यसत्य एवं कृत्रिम धर्म से सद्धर्म का लोप—ये विषय वर्णित हैं। इस संयुक्त में **उपाश्रयसूत्र** अनेक दृष्टियों से पठनीय है॥

१७. लाभसत्कारसंयुक्त : इस संयुक्त का चार वर्गों में विभाजन कर वर्णन हुआ है।

प्रथम वर्ग में—दारुण लाभसत्कार को मछली पकड़ने के काँटे की, कछुए की, लम्बे बालों वाली भेड़ की उपमा से निर्वाणप्राप्ति एवं तदर्थ साधना में विघ्नकारक बताया है। लाभसत्कार पा कर प्रसन्न होना विद्युत् की, विषाक्त बाण की, शृगाल की, पर्वतों में उठने वाली प्रबल वायु के झोंकों की उपमा से कष्ट कर ही बताया है।

द्वितीय वर्ग में—सोने चाँदी की प्राप्ति के लोभ में असत्य भाषण आदि पापधर्मों का आश्रयण दुःखदायी बताया है।

तृतीय वर्ग में—लाभसत्कार को जञ्जाल बता कर उस के यथार्थ दोषज्ञानद्वारा ही संसार से छुटकारा पाया जा सकता है, क्यों कि लाभसत्कार की रस्सी चर्म को छेद डालती है, तथा यह अर्हत्त्वप्राप्ति में विघ्नकारक है—ऐसा बताया गया है।

चतुर्थ वर्ग में—लाभसत्कार के कारण सङ्घभेद, पुण्यमूल का उच्छेद, कुशल धर्मों तथा शुक्ल धर्मों का नाश, इस में देवदत्त की उपमा दे कर समझाया गया है। इस वर्ग में **अचिरप्रकान्तसूत्र** एवं **पञ्चशतरथसूत्र** पठनीय हैं॥

१८. राहुलसंयुक्त : यह संयुक्त भी दो वर्गों में विभक्त है। प्रथम वर्ग में १० सूत्र हैं, जिन में इन्द्रियों के अनित्यत्व, अनात्मत्व एवं दुःखत्व का, विज्ञान में, संस्पर्श में, वेदना में, संज्ञा में, सञ्चेतना में, तृष्णा में, धातुओं में, स्कन्धों में अनित्यत्व आदि का मनन निरूपित है। द्वितीय वर्ग में—चक्षु आदि में, रूप आदि में अनित्यत्वभावना से मुक्ति, रूप आदि के सम्यक् मनन से मानानुशय का नाश एवं ममत्वत्याग से मुक्ति बतायी गयी है॥

१९. लक्षणसंयुक्त : इस संयुक्त में दो वर्गों के माध्यम से २१ सूत्रों द्वारा गोहत्या, पक्षिहत्या, मृगहत्या, शूकरहत्या, अन्यायपूर्वक अभियोगों का निर्णय, चुगलखोरी, परस्त्रीगामिता, व्यभिचार, झूठे सच्चे ज्यौतिष बताना, डाका डालना, धर्मोपदेश में पापबुद्धि आदि दोषों (पापों) का दुष्परिणाम बताया है॥

२०. औपम्यसंयुक्त : इस संयुक्त में १२ सूत्रों के माध्यम से नख के अग्रभाग पर लगी धूल की, भात बनाने के बड़े पात्र की, भाले के अग्रभाग की, बाण की, मृदङ्ग की, लकड़ी के तख्तों की, हाथियों की उपमा देते हुए भगवान् ने भिक्षुओं को अविद्यामूलक अकुशल धर्मों के त्याग की, मैत्रीभावना की, अप्रमादपूर्वक साधना की, गम्भीर धर्मों में मन लगाने की, सावधान हो कर धर्मसाधना की, निरासक्त हो कर भोजन करने की, संयमपूर्वक भिक्षाटन की एवं अप्रमादमयी साधना की शिक्षा दी है। अन्त में किसी के द्वारा कृत उपकार की कृतज्ञता प्रकट करने की भी शिक्षा दी है॥

२१. भिक्षुसंयुक्त : इस संयुक्त में १२ सूत्रों की सहायता से भगवान् ने यथासमय यथाप्रसङ्ग पृथक् पृथक् भिक्षुओं को देशना की है। जैसे—महामोग्गल्लान को आर्य मौनभाव की, नवप्रव्रजित भिक्षु की शिथिलता को निर्वाणप्राप्ति में बाधा बताना, सुजात भिक्षु की, उस के गुणों के कारण, प्रशंसा, लकुण्डकभद्दिय की ज्ञान के कारण महत्ता बताना, विशाखपञ्चालपुत्र द्वारा की जा रही धर्मकथा की प्रशंसा, नन्द को कामभोगों के प्रति निरपेक्ष रह कर धर्मसाधना का उपदेश, तिष्य भिक्षु को कुपथगामी न होने का उपदेश, किसी स्थविर भिक्षु के एकाकी रहने की प्रशंसा, तथा आयुष्मान् कप्पिन के गुणों की प्रशंसा—ये सभी इस संयुक्त में वर्णित हैं। आयुष्मान् सारिपुत्र एवं महामोग्गलान की परस्पर स्तुति भी यहाँ यथाप्रसङ्ग वर्णित है॥

निदानवर्ग में १० संयुक्त एवं २९६ सूत्र संगृहीत हैं।

निदानवर्गपालि संक्षेप सम्पन्न॥

तृतीय स्कन्धवर्ग का सार-संक्षेप :

संयुक्तनिकायपालि के

स्कन्धवर्ग का संक्षिप्त विवरण

२२. स्कन्धसंयुक्त : ऐसा लगता है, यहाँ से ग्रन्थ के व्याख्यानक्रम में कुछ परिवर्तन कर दिया है। यहाँ से कुछ संयुक्तों में सूत्रों को वर्ग के साथ साथ 'पण्णासक' (पञ्चाशत्क) नाम से भी विभक्त किया गया है। क्यों कि सूत्रों की अधिक सङ्ख्या हो गयी है, अत: उन में पचास पचास की सङ्ख्या के सूत्रों का क्रमश: **मूल पण्णासक** (मूलपञ्चाशत्क), **मज्झिम पण्णासक** (मध्यम पञ्चाशत्क) एवं **उपरि पण्णासक** (उपरिपञ्चाशत्क)—यों एक और विभाजन कर दिया गया है। इस विभाजन की व्याख्यान-पद्धति से पूर्व व्याख्यानपद्धति में कोई विशेष अन्तर नहीं आया है। हाँ, सूत्रों के बहुत अधिक सङ्ख्या में हो जाने के कारण, उन की गणना में 'पञ्चाशत्क' नाम से कुछ सुविधा विशेष हो गयी है। इस के अतिरिक्त कोई अन्य अन्तर हमें प्रथमदृष्ट्या ज्ञात नहीं होता। आगे विद्वान् प्रमाण हैं।

(क) प्रथम पञ्चाशत्क में—पाँच वर्ग हैं तथा उन में बावन (५२) सूत्र परिगणित हैं। जैसे—१. नकुलपितृवर्ग, २. अनित्यवर्ग, ३. भारवर्ग, ४. नयुष्माकंवर्ग, एवं ५. आत्मद्वीपवर्ग।

प्रथम नकुलपितृवर्ग में ११ सूत्र संगृहीत हैं। **प्रथम सूत्र में**—भगवान् ने नकुलपिता गृहपति को शरीर के व्याधिग्रस्त रहते हुए भी चित्त को, साधना के बल पर अनातुर (स्वस्थ) रखने का उपदेश किया गया है। **द्वितीय सूत्र में** 'गुरुशिक्षा' के व्याज से भगवान् ने आयुष्मान् सारिपुत्र के मुख से भिक्षुओं के सम्मुख कुछ बौद्धसिद्धान्तों का स्पष्टीकरण कराया है, जिन का समाज में प्रचार करना अत्यावश्यक माना गया। **तृतीय सूत्र** में चारिका करने वाले भिक्षु को ग्राम में किस तरह वास करना चाहिये ?—इसी बात का स्पष्टीकरण आयुष्मान् सारिपुत्र के मुख से सुत्तनिपात की एक गाथा का व्याख्यान हुआ है। **चतुर्थ, पञ्चम** एवं **षष्ठ सूत्रों** में शक्रप्रश्न में भगवान् के उपदेश का स्पष्टीकरण एवं समाधि के अभ्यास से ही स्कन्धों की यथार्थता का ज्ञान होना बताया है। **सप्तम** एवं **अष्टम** सूत्रों में परिग्रह परितर्षणा में तथा अपरिग्रह अपरितर्षणा (तृष्णाक्षय) में सहायक बताया गया। एवं **दशम** तथा **एकादशम** सूत्र में अतीत अनागत एवं वर्तमान के सभी स्कन्ध अनित्य, दु:ख तथा अनात्म हैं—ऐसा उपदेश हुआ है।

द्वितीय अनित्यवर्ग में पञ्चस्कन्धों को अनित्य, दु:ख एवं अनात्म बताते हुए अनित्यता, दु:खता एवं अनात्मता का माहात्म्य बताया गया। साथ ही हेतुओं की अनात्मता का ज्ञान एवं निरोध किस का करना है—यह बताया गया है।

तृतीय भारवर्ग का 'भारसूत्र' सभी बौद्धों के लिये महत्त्वशाली है, फिर भले ही वे श्रावकयानी हों या महायानी। सभी ने इस को समान महत्त्व दिया है। इस में 'भार', 'भारहार', एवं 'भारादान' तीनों ही शब्दों का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए उसे उतार फेंकने का उपदेश किया है। ततः 'परिज्ञा' एवं 'परिज्ञेय धर्म' बताये गये हैं। साथ ही रूप आदि का ज्ञान, छन्दराग का त्याग, रूप आदि का आस्वाद (रस), आस्वाद की गवेषणा, आस्वाद से आसक्ति, उस में आसक्ति से दुःखोत्पत्ति, तथा प्रसङ्गवश 'अघ' एवं 'क्षणभङ्गुरता' का भी विश्लेषण किया गया है॥

चतुर्थ नयुष्माकंवर्ग में—संसार के प्रति ममत्वत्याग का उपदेश किया गया है। तदनन्तर जिज्ञासु की चित्तप्रवृत्ति के अनुकूल धर्मोपदेश का सङ्केत, साथ ही धर्म का उत्पाद, नाश एवं अन्यथाभाव (विपरिणाम); अन्त में वैराग्यमयी, अनित्यानुपश्यना दुःखानुपश्यना अनात्मानुपश्यना पूर्वक साधना भी बतायी गयी है।

पञ्चम आत्मद्वीपवर्ग में—अपना आधार स्वयं बनो, सत्काय की उत्पत्ति तथा उस का निरोधमार्ग, अनित्यता, अविद्या, पाँच स्कन्ध, यथार्थ का ज्ञान, श्रमणत्व एवं ब्राह्मणत्व का बोधन, तथा आसक्ति का क्षय, एवं रूप का यथार्थतः दमन—यह सब बताया गया है॥

(ख) मध्यम पञ्चाशत्क में—पाँच वर्ग हैं—१. उपयवर्ग, २. अर्हद्वर्ग, ३. खादनीयवर्ग, ४. स्थविरवर्ग एवं ५. पुष्यवर्ग।

प्रथम उपयवर्ग में—अनासक्त ही विमुक्त होता है, पञ्चविध बीज का दृष्टान्त, आश्रवों का क्षय कैसे हो?, उपादानस्कन्धों की व्याख्या, सप्तस्थानकुशल में ज्ञानित्व, तथागत एवं प्रज्ञाविमुक्त भिक्षु में भेद, अनित्य, अनात्म दुःख का उपदेश, पूरणकाश्यप का मत, प्रज्वलित रूप आदि, तीन निरुक्तियाँ सब के लिये समान—इन विषयों पर उपदेश हुआ है।

द्वितीय अर्हद्वर्ग में—अपरिग्रह से मारबन्धन से मुक्ति, मार से मुक्ति का उपाय, संसार में आसक्ति से मारबन्धन में फँसना, छन्द, कामना, अनात्म पदार्थों में कामना, रागोत्पादक वस्तुओं में कामना तथा अहङ्कार का नाश—इन बातों का वर्णन है।

तृतीय खादनीयवर्ग में—आस्वाद, उत्पाद, अर्हत्त्व की श्रेष्ठता, बुद्धोपदेश से देवता भी भयाक्रान्त हो कर बुद्ध को दूर से प्रणाम करते हैं, श्मशान में दग्ध काष्ठ की उपमा, आश्रवक्षय का उपाय, पञ्चस्कन्धों की व्याख्या, आदि विषयों पर भगवान् के उपदेश संगृहीत हैं।

चतुर्थ स्थविरवर्ग में १० सूत्रों के माध्यम से इन विषयों का वर्णन हुआ है—उपादान से अहम्भाव, वीतराग ही वीतशोक, देहपात के बाद अर्हत् की स्थिति, दुःखनिरोध, धर्म का द्रष्टा ही बुद्ध का द्रष्टा है, वेदनाओं के प्रति अनासक्ति, वस्तु के उत्पाद-नाश के मनन से मुक्ति, बुद्धोपदिष्ट मध्यम मार्ग, स्कन्धज्ञान से अहङ्कार का नाश।

पञ्चम पुष्पवर्ग में १० सूत्र संगृहीत हैं, जिन में इन विषयों पर भगवान् का उपदेश संगृहीत है—अनित्यताज्ञान से पुनर्जन्मनिरोध, तथागत संसार से अनुपलिप्त, यह शरीर निःसार है, सभी संस्कार अनित्य हैं, अविद्याग्रस्त प्राणी का कोई अन्त नहीं, निरन्तर आत्मचिन्तन ही श्रेयस्कर है, भावना द्वारा आश्रवों का क्षय एवं अनित्य संज्ञा की भावना॥

(ग) उपरिपञ्चाशत्क में—इस पञ्चाशत्क का भी पाँच वर्गों से विभाजन है। जैसे—१. अन्तवर्ग, २. धर्मकथिकवर्ग, ३. अविद्यावर्ग, ४. कुकूलवर्ग एवं ५. दृष्टिवर्ग।

प्रथम अन्तवर्ग में—अन्तचतुष्टय, आर्यसत्यचतुष्टय, सत्कायदृष्टि, परिज्ञेय धर्म, पाँच उपादानस्कन्ध, स्रोतआपन्न, अर्हत् ज्ञानी, छन्दराग एवं कामनाओं का त्याग वर्णित हैं।

द्वितीय धर्मकथिकवर्ग में—अविद्या, विद्या, धर्मकथिक, बद्ध, रूपज्ञान से पुनर्जन्माभाव, संयोजन धर्म, उपादानीय धर्म, शीलवान् तथा श्रुतवान् के मननीय धर्म, अहङ्कारत्याग, अहङ्कारत्याग से मुक्ति आदि वर्णित हैं।

तृतीय अविद्यावर्ग में—अविद्या क्या है? विद्या क्या है?—इन प्रश्नों का विविध प्रकार से उत्तर है।

चतुर्थ कुकूलवर्ग में—पाँच उपादानस्कन्धों की उष्ण भस्म से तुलना, अनित्य में आसक्ति छन्दराग एवं कामना का निषेध, दुःख में आसक्ति आदि का निषेध; अनात्म पदार्थों में आसक्ति आदि का निषेध, वैराग्यपूर्वकसाधना, पदार्थों में अनित्यबुद्धि, दुःखबुद्धि एवं अनात्मबुद्धि से साधना वर्णित है।

पञ्चम दृष्टिवर्ग में—आध्यात्मिक सुखदुःख, 'यह मेरा है' या 'यह मेरी आत्मा है' आदि सांसारिक अभिनिवेश, मिथ्यादृष्टि, सत्कायदृष्टि, आत्मानुदृष्टि, संयोजनों में अभिनिवेश, आयुष्मान् आनन्द को उपदेश आदि वर्णित है॥

२३. राधसंयुक्त : इस संयुक्त को चार वर्गों में, जैसे—१. प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग, तृतीय आयाचनवर्ग एवं चतुर्थ उपनिषिण्णवर्ग—इस तरह विभक्त कर वर्णित किया है।

प्रथम वर्ग में—मार क्या है? आसक्ति कैसे होती है? भवसूत्र, परिज्ञा परिज्ञाता एवं परिज्ञेय, उपादानस्कन्धज्ञ श्रमण, स्रोतआपन्न ज्ञानी, रूपकामना का त्याग वर्णित है। द्वितीय वर्ग में भी—मार, मारधर्म, अनित्य अनित्यधर्म, दुःख दुःखधर्म, अनात्म एवं अनात्मधर्म, क्षय एवं व्ययधर्म तथा निरोधधर्म पर उपदेश है। तृतीय आयाचनवर्ग में—मार के प्रति कामनात्याग, एवं निरोधधर्मों के प्रति छन्दराग का त्याग वर्णित है। चतुर्थ उपनिषिण्णवर्ग में—मार के प्रति कामनात्याग आदि द्वितीय वर्ग के समान ही वर्णित हुए हैं॥

२४. दृष्टिसंयुक्त : यह संयुक्त भी वर्गों में विभक्त कर के ही वर्णित हुआ है।

ज़ैसे—१. स्रोतआपत्तिवर्ग (१८ सूत्र), २. गमनवर्ग (२६ सूत्र), ३. गमनवर्ग (२६ सूत्र), ४. गमनवर्ग (२६ सूत्र)। प्रथम स्रोतआपत्तिवर्ग में—मिथ्यादृष्टि का मूल, उच्छेदवाद, अक्रियवाद, हेतुवाद, अकृतवाद, शाश्वतवाद, अशाश्वतवाद, अन्तवाद, अनन्तवाद, शरीर एवं तथागत के विषय में मिथ्यादृष्टि—इस तरह अट्ठारह (१८) उपदेश संगृहीत हैं। द्वितीय गमनवर्ग में—मिथ्यादृष्टि का मूल, तथागतविषयक मिथ्यादृष्टियाँ, आत्मविषयक मिथ्यादृष्टियाँ—आदि मिथ्यादृष्टियों का विस्तृत वर्णन है। तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में भी इन्हीं मिथ्यादृष्टियों का विस्तार है॥

२५. अवक्रान्तसंयुक्त : इस संयुक्त में दश सूत्र व्याख्यात हैं। जिन में—'चक्षु आदि अनित्य हैं'—ऐसा ज्ञान, 'रूप आदि अनित्य हैं'—ऐसा ज्ञान, 'पृथ्वी आदि धातु अनित्य हैं'—ऐसा ज्ञान, तथा 'पाँचों स्कन्ध अनित्य हैं'—ऐसा ज्ञान वर्णित है॥

२६. उत्पादसंयुक्त : यह संयुक्त भी दश सूत्रों से ही व्याख्यात है। इन में—चक्षुर्निरोध से दु:खनिरोध, रूपनिरोध से दु:खनिरोध, चक्षुर्विज्ञान, चक्षु:संस्पर्श, तज्जन्य वेदना संज्ञा सञ्चेतना तृष्णा का एवं पृथ्वीधातु आदि का तथा उपादानस्कन्धों का निरोध वर्णित है॥

२७. क्लेशसंयुक्त : यह संयुक्त भी दश ही सूत्रों से व्याख्यात है। इन सूत्रों में—चक्षु आदि छह स्थानों में, रूप आदि विषयों में, विज्ञान में, चक्षु:संस्पर्श आदि में, वेदना संज्ञा सञ्चेतना तृष्णा में, पृथ्वीधातु आदि में तथा स्कन्धों में उद्भूत छन्दराग ही चित्त का उपक्लेश है—यह समझाया गया है॥

२८. सारिपुत्रसंयुक्त : यह संयुक्त भी दश सूत्रों में ही व्याख्यात है। इन में प्रथम सूत्र में विवेकजन्य प्रथम ध्यानावस्था, द्वितीय सूत्र में वितर्करहित द्वितीय ध्यानावस्था, तृतीय सूत्र में प्रीतिसहगत तृतीय ध्यानावस्था, चतुर्थ सूत्र में उपेक्षासहगत चतुर्थ ध्यानावस्था, पञ्चम सूत्र में आकाशानन्त्यायतन अवस्था, षष्ठ सूत्र में विज्ञानानन्त्यायतन अवस्था, सप्तम सूत्र में आकिञ्चन्यायतन अवस्था, अष्टम सूत्र में नैवसंज्ञानासंज्ञायतन अवस्था, नवम सूत्र में निरोधसमापत्ति अवस्था का आयुष्मान् सारिपुत्र द्वारा प्रवचन किया गया है। तथा दशम सूत्र में आयुष्मान् सारिपुत्र द्वारा शुचिमुखी परिव्राजिका द्वारा पूछे गये भोजन विषयक प्रश्नों का उत्तर है॥

२९. नागसंयुक्त : इस संयुक्त में छोटे बड़े मिला कर पचास (५०) सूत्र व्याख्यात हैं। इन सभी में नागयोनि से सम्बद्ध क्रियाकलाप वर्णित हैं। जैसे—चार नागयोनियाँ, उन में औपपातिक (अयोनिज=देव) नागों की श्रेष्ठता, अण्डज नागों द्वारा उपोसथ व्रत ग्रहण, अण्डज नागयोनि में, जरायुज नागयोनि में, संस्वेदज नागयोनि में, औपपातिक नागयोनि में उत्पत्ति का हेतु, इन सभी नागयोनियों में उत्पन्न नागों द्वारा मानवसुलभ धार्मिक व्यवस्थाओं का, उपयोग (पालन) कर अपनी अपेक्षा श्रेष्ठ योनियों में उत्पत्ति का वर्णन है॥

३०. सुपर्णसंयुक्त : इस संयुक्त के व्याख्यान में पूर्व नागसंयुक्त में वर्णित विधि से, ४६ छयालीस सूत्रों द्वारा सुपर्णयोनिसम्बद्ध क्रियाकलाप वर्णित है। उपर्युक्त अनुसार ही इस का भी संक्षेप समझ लें॥

३१. गन्धर्वदेवकायसंयुक्त : संग्रहकारों के प्रमाण से इस संयुक्त में ११२ सूत्रों का व्याख्यान है। जिन में गन्धर्व देवकाय कौन हैं ? गन्धर्वदेव का दशविध विभाजन, गन्धर्वयोनि में उत्पन्न होने का कारण, दान से गन्धर्वयोनि में उत्पत्ति आदि का विस्तार नागसंयुक्त के समान किया गया है॥

३२. वलाहकसंयुक्त : इस संयुक्त में, संग्रहकारों के अनुसार, सतावन (५७) सूत्र वर्णित हैं। जिन में सर्वप्रथम वलाहकदेव कौन हैं ? यह प्रश्न उठा कर उत्तर दिया है—ये वलाहकदेव पञ्चविध होते हैं। फिर वलाहकदेवों की उत्पत्ति का कारण, शीतवलाहक उष्णवलाहक आदि की धार्मिक क्रियाएँ वर्णित हैं। इन का विस्तार नागसंयुक्त के समान कर लेना चाहिये॥

३३. वत्सगोत्रसंयुक्त : इस संयुक्त में आगत सूत्रों में अधोलिखित कारणों से उद्भूत मिथ्यादृष्टियों का वर्णन है। जैसे—१. अज्ञान से, २. अदर्शन से, ३. अनभिसमय (अस्पष्ट ज्ञान) से, ४. अननुबोध से, ५. अप्रतिवेध से, ६. असल्लक्षण से, ७. अनुपलक्षण से, ८. अप्रत्युपलक्षण से, ९. असम्प्रेक्षण से, १०. अप्रत्युपेक्षण से, तथा ११. अप्रत्यक्षकर्म (साक्षात्कार न करने) से॥

३४. ध्यानसंयुक्त : इस संयुक्त में ध्यानावस्था का विशद वर्णन है। ध्यानावस्था के स्थूल क्रम से दो भेद माने गये हैं—१. शमथ (समाधि) एवं २. विपश्यना। यहाँ (इस संयुक्त में) समाधिविषयक व्याख्यान हुआ है। इस के पहले विभाग में—समाधि की अवस्थाएँ— १. समापत्ति, २. स्थिति, ३. व्युत्थान (चिरस्थायिता), ४. कल्यित (दक्षता), ५. आलम्बन, ६. गोचर, ७. अभिनीहार (सङ्कल्प), ८. सत्कृत्यकारी, ९. सातत्यकारी एवं १०. सत्प्रायकारी—इन भेदों से वर्णित हैं। तदनन्तर समापत्ति, स्थिति आदि अवस्थाओं का क्रमशः वर्णन है। इस तरह समाधि की सभी अवस्थाओं का यह वर्णन ५५ (पचपन) सूत्रों में सम्पन्न हुआ। इसे पाठक को ग्रन्थ से साक्षात् समझने में अधिक सुविधा होगी।

प्रसङ्गवश एक बात और बता दें। इसी ग्रन्थ में **ध्यानसंयुक्त** नाम से ५१वें क्रम में भी एक संयुक्त वर्णित मिलेगा। वहाँ (यहाँ से) भिन्न क्रम में ध्यान का व्याख्यान है। वह व्याख्यान, उस का क्रम आने पर लिखा जायगा॥

इस वर्ग में **१३ संयुक्त** एवं **७१६ सूत्र** हैं।

स्कन्धवर्ग-संक्षेप सम्पन्न॥

The Saṁyutta Nikāya Pāli

There are altogether 2945 Suttas in the Saṁyutta Nikāya, classed in fifty-six divisions (called *Saṁyuttas*), grouped in five parts (called *Vaggas*), as under :—

(I) Sagātha Vagga

1. Devatā Saṁyutta
2. Devaputta Saṁyutta
3. Kosala Saṁyutta
4. Māra Saṁyutta
5. Bhikkhuni Saṁyutta
6. Brahma Saṁyutta
7. Brāhmaṇa Saṁyutta
8. Vaṅgisa Saṁyutta
9. Vana Saṁyutta
10. Yakkha Saṁyutta
11. Sakka Saṁyutta

(II) Nidāna Vagga

12. Nidāna Saṁyutta
13. Abhisamaya Saṁyutta
14. Dhātu Saṁyutta
15. Anamatagga Saṁyutta
16. Kassapa Saṁyutta
17. Lābhasakkāra Saṁyutta
18. Rāhula Saṁyutta
19. Lakkhana Saṁyutta
20. Opamma Saṁyutta
21. Bhikkhu Saṁyutta

(III) Khandha Vagga

22. Khandha Saṁyutta
23. Rādha Saṁyutta
24. Diṭṭhi Saṁyutta
25. Okkanta Saṁyutta
26. Uppāda Saṁyutta
27. Kiḷesa Saṁyutta
28. Sāriputta Saṁyutta
29. Nāga Saṁyutta
30. Supaṇṇa Saṁyutta
31. Gandhabbakāya Saṁyutta
32. Valāhaka Saṁyutta
33. Vacchagotta Saṁyutta
34. Jhāna Saṁyutta

(IV) Saḷāyatana Vagga

35. Saḷāyatana Saṁyutta
36. Vedanā Saṁyutta
37. Mātugāma Saṁyutta
38. Jambukhādaka Saṁyutta
39. Sāmaṇḍaka Saṁyutta
40. Moggallāna Saṁyutta
41. Citta Saṁyutta
42. Gāmaṇi Saṁyutta
43. Asaṅkhata Saṁyutta
44. Abyākata Saṁyutta

(V) Mahā Vagga

45. Magga Saṁyutta
46. Bojjhaṅga Saṁyutta
47. Satipaṭṭhāna Saṁyutta
48. Indriya Saṁyutta
49. Sammappadhāna Saṁyutta
50. Bala Saṁyutta
51. Iddhipāda Saṁyutta
52. Anuruddha Saṁyutta
53. Jhāna Saṁyutta
54. Ānāpāna Saṁyutta
55. Sotāpatti Saṁyutta &
56. Sacca Saṁyutta.

The Present Volume

2. NIDĀNAVAGGA

This Vagga deals with the important Buddhist principle of Dependent Origination, *Paticcasamuppāda*, explaining the cycle of birth and death of a being in a chain of twelve links, called the Nidānas.

The central point of the principle is—due to ignorance, a being takes the things of the world as steady, substantial and pleasurable. He gets an attachment for them and runs after them doing all sorts of good and bad actions. The accumulation of the impressions of these develop a particular temperament and inclinations in his personality. The last moment of consiousness of the being in this life is, so to say, a resultant of such impressions accumulated throughout his life. This moment is succeeded by the first moment of consciousness of his next life in the womb of the mother.

Simultaneously with this moment there arises the first seed as its basis, which, in due course, attaints to maturity, with the different sense-faculties. The senses come in contact with the objects, giving rise to feelings—pleasurable or painful or neutral. Feelings beget desire, attachment, and craving. And, again, the being, urged by the cravings, run after the things of the world, doing all sorts of actions, good or bad. Thus, the cycle goes on.

When one is able to dispell ignorance by the realisation of the true nature of existence, all of his desire for it comes to an end.

He dies a death free from desire, having no cause to take a rebirth. This is Nibbāna, a final cessation of all ills of life.

This has been explained in the following twelve links—

Ignorance begets mental formations. Mental formations beget the first moment of consciousness. The first moment of consciousness begets mind and matter. Mind and matter beget the six senses. The six senses beget contact. Contact begets feelings. Feelings beget desire. Desire begets craving. Craving begets life-activi-

ties. Life-activities beget birth. Birth begets old age, death, grief, lamentation and all ills.

Cessation of ignorance leads to the cessation of mental formations. Cessation of mental formations leads to the cessation of the first moment of consciousness. Cessation of the first moment of consciousness leads to the cessation of mind and matter. Cessation of mind and matter leads to the cessation of the six senses. Cessation of the six senses leads to the cessation of contact. Cessation of contact leads to the cessation of feelings. Cessation of feelings leads to the cessation of desire. Cessation of desire leads to the cessation of craving. Cessation of craving leads to the cessation of the life-activities. Cessation of life-activities leads to the cessation of birth. Cessation of birth leads to the cessation of old age, death, grief, lamentation and all ills.

The entire Vagga is devoted to the examination of the interaction amongst the twelve links of this chain of *Paticcasamuppāda* from different points of view.

Anamatagga Saṁyutta—The Suttas of this Saṁyutta are full of inspiration for renunciation. They teach that a being is subjected to miseries and pains through a limitless infinity of time. In the *Tinakaṭṭha Sutta*, it has been said—"Monks, if a man were to collect all the leaves and twigs of Jambudvipa, and go on throwing bits out of it, saying—'this is my mother, this is my mother's mother, this is my mother's mother's mother...'—then, O monks, all of it would be exhausted and still the series of them would go on." In the *Puggala Sutta* it has been said—"Monks, the beginning of the world is not known. If the bones of a single being in his different births could have been all accumulated and preserved, it would have been a huge heap, higher than the mountain. (15).

3. KHANDHAVAGGA

According to Buddhist philosophy there is no existence that is a pure unity, that is not composed of its constituent parts. This is called Anatta-doctrine or the principle of non-existence of a substance. The same principle has been applied to explain the personality of a being. There is no factor in a being like Attā or Jīva

or Puruṣa, a pure abiding substance. A being is a composite of the aggregates of the states of body, feelings, cognition, volition and consciousness.

These aggregates are in a state of flux through and through, and, therefore, devoid of bliss. Attachment towards tham leads to bondage.

The five aggregates have been compared to a burden, and Nibbāna to the getting rid of it. It has been said in the *Bhāra* Sutta—

"The five aggregates are a burden. The being is the carrier of the burden. The misery of the world is carrying the burden. It is a bliss to get rid of the burden. Having got rid of this burden, he does not take another. Uprooting attachment altogether, he attains Nibbāna, the Ultimate. (22.22.24).

Anattalakkhaṇa Sutta—This important Sutta, on substancelessness, was preached by the Buddha at Isipatana to the five monks, the Pancavaggiya Bhikkhus. (22.59.62).

Pārileyya Sutta—This Sutta refers to the incident of the Buddha retiring in a lonely forest, Pārileyya, for having a peaceful time, away from the crowded life of the Saṅgha. (22.81.87).

Yamaka Sutta—This Sutta is important from the philosophical point of view. It explains that Nibbāna is not a state of annihilation. The very conceptions of annihilation and eternity arise due to wrong view of reality. (22.85.92).

Vakkali Sutta—The Bhikkhu Vakkali was very anxious to have a view of the gracious appearance of the Buddha. The Buddha, however, chided him for it and said—"What is the use of having a view of this body, full of dirt and abnomible things? Vakkali, one who sees the Dharma does really see me, one who sees me does really see the Dharma." Then, the Buddha preached to him on the substanceless and flux nature of all the five aggregates. (22.87.94).

संयुत्तनिकायपालि

संयुत्त-वग्ग-सुत्तक्कमो

२. निदानवग्गो दुतियो

३. खन्धवग्गो ततियो

सुत्तपिटके

संयुत्तनिकायपालि

[हिन्दी अनुवादसहिता]

(२. निदानवग्गो)

* नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स *

संयुत्तनिकायपालि

२. निदानवग्गो

१२. निदानसंयुत्तं

१. बुद्धवग्गो पठमो

१. पटिच्चसमुप्पादसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं [N.Vol. II. 3, B.243, R. Vol. II. 1] विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि— "भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच— "पटिच्चसमुप्पादं वो, भिक्खवे; देसेस्सामि; तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"कतमो च, भिक्खवे, पटिच्चसमुप्पादो? अविज्जापच्चया, भिक्खवे, सङ्खारा;

---

* उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध को प्रणाम *

संयुक्तनिकायपालि

२. निदानवग्ग

१२. निदानसंयुक्त

१. बुद्धवर्ग प्रथम

प्रतीत्यसमुत्पादसूत्र : : **प्रतीत्यसमुत्पाद**

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती** में अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को.... बुलाया। तथा उनको यों कहा— "भिक्षुओ! मैं तुम्हें प्रतीत्यसमुत्पाद के विषय में उपदेश करूँगा। उसे एकाग्रचित्त होकर सुनो, तथा जो मैं कहूँ उसे भली भाँति मन में बैठा लो।"

भगवान् ने कहा—"भिक्षुओ! यह 'प्रतीत्यसमुत्पाद' क्या है? भिक्षुओ! (मनुष्य

सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं; विञ्ञाणपच्चया नामरूपं; नामरूपपच्चया सळायतनं; सळायतनपच्चया फस्सो; फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा; तण्हापच्चया उपादानं; उपादानपच्चया भवो; भवपच्चया जाति; जातिपच्चया जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा सम्भवन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, पटिच्चसमुप्पादो।

"अविज्जाय त्वेव असेसविरागनिरोधा सङ्खारनिरोधो; सङ्खारनिरोधा विञ्ञाण-[B.244, R.2] निरोधो; विञ्ञाणनिरोधा नामरूपनिरोधो; नामरूपनिरोधा सळायतननिरोधो; सळायतननिरोधा फस्सनिरोधो; फस्सनिरोधा वेदनानिरोधो; वेदनानिरोधा तण्हानिरोधो; तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो; भवनिरोधा [N.4] जातिनिरोधो; जातिनिरोधा जरामणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायसा निरुज्झन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति।

२. इदमवोच भगवा। अत्तमना ते भिक्खू भगवतो भासितं अभिनन्दुं ति॥ ●

२. विभङ्गसुत्तं

३. सावत्थियं विहरति। "पटिच्चसमुप्पादं वो, भिक्खवे, देसेस्सामि

के चित्त में) अविद्या के होने से संस्कार होते हैं, संस्कारों के होने से विज्ञान होता है, विज्ञान के होने से नामरूप होते हैं, नामरूप के होने से छह आयतन होते हैं। छह आयतनों के होने से स्पर्श होता है, स्पर्श के होने से वेदना होती है। वेदना के होने से तृष्णा होती है। तृष्णा के होने से उपादान (ग्रहण) होता है। उपादान के होने से भव (संसार का अस्तित्व) होता है, भव होने जाति (जन्म) होती है। जाति होने से जरा, मरण, शोक, परिदेव, दु:ख, दौर्मनस्य एवं उपायास (चिन्ता) होते हैं। इस तरह इस समस्त दु:खसमूह का समुदय (उद्भव) होता है। भिक्षुओ! इसी को 'प्रतीत्यसमुत्पाद' कहते हैं।

(प्रतिलोम पद्धति) "उस अविद्या के पूर्णत: नष्ट (निरोध) हो जाने से संस्कार (उद्भूत) नहीं हो पाते, संस्कारों के सर्वथा निरोध होने पर विज्ञान नहीं....विज्ञान के न होने पर नामरूप नहीं....नामरूप के सर्वथा निरुद्ध हो जाने पर छह आयतन नहीं....छह आयतनों के न होने पर स्पर्श नहीं...., स्पर्श के सर्वथा निरोध से वेदना नहीं...., वेदना के सर्वथा न होने से तृष्णा नहीं...., तृष्णा के न रहने से उपादान नहीं...., उपादान के निरुद्ध होने से भव नहीं...., भव के न रहने से जाति का निरोध...., जाति के निरोध से इस समस्त सांसारिक दु:खसमुदय का सर्वथा निरोध हो जाता है।"

२. भगवान् ने यों उपदेश किया। इसे सुनकर उन भिक्षुओं ने भगवान् के भाषण अभिनन्दन किया॥ ●

विभजिस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

''कतमो च, भिक्खवे, पटिच्चसमुप्पादो? अविज्जापच्चया, भिक्खवे, सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं; विञ्ञाणपच्चया नामरूपं; नामरूपपच्चया सळायतनं; सळायतनपच्चया फस्सो; फस्सच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा; तण्हापच्चया उपादानं; उपादानपच्चया भवो; भवपच्चया जाति; जातिपच्चया जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा सम्भवन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

''कतमं च भिक्खवे, जरामरणं? या तेसं तेसं सत्तानं तम्हि तम्हि सत्तनिकाये जरा जीरणता खण्डिच्चं पालिच्चं वलित्तचता आयुनो संहानि इन्द्रियानं परिपाको; अयं वुच्चति जरा। या तेसं तेसं सत्तानं तम्हा तम्हा सत्तनिकाया चुति चवनता भेदो अन्तरधानं [R.3] मच्चु मरणं कालकिरिया खन्धानं भेदो कळेवरस्स निक्खेपो जीवितिन्द्रियस्स उपच्छेदो; इदं वुच्चति मरणं। इति अयं च जरा, इदं च मरणं। इदं वुच्चति भिक्खवे, जरामरणं।

''कतमा च, भिक्खवे, जाति? या तेसं तेसं सत्तानं तम्हि तम्हि सत्तनिकाये जाति

---

२. विभङ्गसूत्र : : 'प्रतीत्यसमुत्पाद' की व्याख्या

३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! मैं तुम्हें 'प्रतीत्यसमुत्पाद' का उपदेश करूँगा....पूर्ववत्....उसे मन में बैठा लो।'' भगवान् यों बोले—

''भिक्षुओ! यह 'प्रतीत्यसमुत्पाद' क्या है? भिक्षुओ! अविद्या के कारण संस्कार होते हैं, संस्कारों के कारण....पूर्ववत्...., जाति के कारण जरा मरण, शोक परिदेव दुःख दौर्मनस्य एवं उपायास (चिन्ता) होते हैं। इस तरह इस समस्त सांसारिक दुःखसमूह समुदय (उद्भव) होता है।

''और, भिक्षुओ! 'जरा' एवं 'मरण' क्या है? यह जो उन उन जीवों का उन उन योनियों (सत्त्वनिकायों) में आकर बूढ़ा हो जाना, पुराना हो जाना, दाँत आदि का टूट जाना, बालों का श्वेत हो जाना, त्वचा में झुर्रियाँ पड़ जाना, आयु की क्षीणता (संहानि) तथा इन्द्रियों की शिथिलता (परिपाक)है, इसी को **जरा** कहते हैं। तथा जो उन उन जीवों का उन उन योनियों से च्युत हो जाना, मुक्त हो जाना, देहपात हो जाना, उससे पृथक् हो जाना, अन्तर्धान (लोप) हो जाना, मृत्यु, मरण, समय समाप्त हो जाना, शरीर का गिर जाना, स्कन्धों का छिन्न भिन्न हो जानाहै, इसको कहते हैं **मरण**। यों इस जरा एवं इस मरण को **जरामरण** कहते हैं।

''और, भिक्षुओ! यह 'जाति' क्या है? उन उन प्राणियों का उन उन योनियों में

सञ्जाति ओक्कन्ति निब्बत्ति अभिनिब्बत्ति खन्धानं पातुभावो आयतनानं पटिलाभो। अयं च जरा, इदं च मरणं। इदं वुच्चति, भिक्खवे, जरामरणं।

[B.245] ''कतमो च, भिक्खवे, भवो? तयो मे, भिक्खवे, भवाकामभवो, रूपभवो, अरूपभवो। अयं वुच्चति, भिक्खवे, भवो।

[N.5] ''कतमं च, भिक्खवे, उपादानं? चत्तारिमानि, भिक्खवे, उपादानानि— कामुपादानं, दिट्ठुपादानं, सीलब्बतुपादानं, अत्तवादुपादानं। इदं वुच्चति, भिक्खवे, उपादानं।

''कतमा च, भिक्खवे, तण्हा? छयिमे, भिक्खवे तण्हाकाया—रूपतण्हा, सद्दतण्हा, गन्धतण्हा, रसतण्हा, फोट्ठब्बतण्हा, धम्मतण्हा। अयं वुच्चति, भिक्खवे, तण्हा।

''कतमा च, भिक्खवे, वेदना? छयिमे, भिक्खवे, वेदनाकाया—चक्खुसम्फस्सजा वेदना, सोतसम्फस्सजा वेदना, घाणसम्फस्सजा वेदना, जिव्हासम्फस्सजा वेदना, कायसम्फस्सजा वेदना, मनोसम्फस्सजा वेदना। अयं वुच्चति, भिक्खवे, वेदना।

''कतमो च, भिक्खवे, फस्सो? छयिमे, भिक्खवे, फस्सकायाचक्खुसम्फस्सो,

---

जन्म लेना, उत्पन्न होना, आना, आकर उस रूप में प्रकट होना, स्कन्धों का प्रादुर्भाव, तथा आयतनों का प्रतिलाभ (प्राप्ति)—भिक्षुओ! इसी को कहते हैं **जाति**।

''और, भिक्षुओ! यह 'भव' क्या है? भिक्षुओ! इस भव के तीन भेद हैं— ? १. कामभव, २. रूपभव, एवं ३. अरूपभव। ('कामभव' का अर्थ है—कामलोक में बने रहना, 'रूपभव' का अर्थ है—रूपलोक में बने रहना एवं 'अरूपभव' का अर्थ है— अरूपलोक में बने रहना।) भिक्षुओ! इसी को कहते हैं—**भव**।

''और, भिक्षुओ! 'उपादान' (ग्रहण) किसे कहते हैं? भिक्षुओ! यह उपादान चार प्रकार का होता है; जैसे—१. काम-उपादान, २. मिथ्यादृष्टि-उपादान, ३. शीलव्रत-उपादान एवं ४. आत्मवाद-उपादान। भिक्षुओ! इसी को कहते हैं—**उपादान**।

''और, भिक्षुओ! यह 'तृष्णा' क्या है? भिक्षुओ! यह तृष्णा छह आकार की होती है; जैसे—१. रूपतृष्णा, २. शब्दतृष्णा, ३. गन्धतृष्णा, ४. रसतृष्णा, ५. स्पर्शतृष्णा एवं ६. धर्मतृष्णा। यह छह आकार की तृष्णा ही **तृष्णा** कहलाती है।

''और, भिक्षुओ! यह 'वेदना' क्या है? इस वेदना के छह भेद होते हैं; जैसे—१. चक्षु:संस्पर्शजन्य वेदना, २. श्रोत्रसंस्पर्शजन्य वेदना, ३. घ्राणसंस्पर्शजन्य वेदना, ४. जिह्वासंस्पर्शजन्य वेदना, ५. कायसंस्पर्शजन्य वेदना एवं ६. मन:संस्पर्शजन्य वेदना। भिक्षुओ! इन छहों वेदनाओं को **वेदना** कहते हैं।

सोतसम्फस्सो, घाणसम्फस्सो, जिव्हासम्फस्सो, कायसम्फस्सो, मनोसम्फस्सो। अयं वुच्चति, भिक्खवे, फस्सो।

"कतमं च, भिक्खवे, सळायतनं? चक्खायतनं, सोतायतनं, घाणायतनं, जिव्हायतनं, कायायतनं, मनायतनं—इदं वुच्चति, भिक्खवे, सळायतनं।

"कतमं च, भिक्खवे, नामरूपं? वेदना, सञ्ञा, चेतना, फस्सो, मनसिकारो—इदं वुच्चति नामं। चत्तारो च महाभूता, चतुन्नं च महाभूतानं उपादायरूपं—इदं वुच्चति रूपं। इति इदं च नामं, इदं च रूपं—इदं वुच्चति, भिक्खवे, नामरूपं।

"कतमं च, भिक्खवे, विञ्ञाणं? छयिमे, भिक्खवे, विञ्ञाणकाया—चक्खुविञ्ञाणं, सोतविञ्ञाणं, घाणविञ्ञाणं, जिव्हाविञ्ञाणं, कायविञ्ञाणं, मनोविञ्ञाणं। इदं वुच्चति, भिक्खवे, विञ्ञाणं।

"कतमे च, भिक्खवे, सङ्खारा? तयोमे, भिक्खवे, सङ्खारा—कायसङ्खारो, वचीसङ्खारो, चित्तसङ्खारो। इमे वुच्चन्ति, भिक्खवे सङ्खारा।

"कतमा च,भिक्खवे, अविज्जा? यं खो, भिक्खवे दुक्खे अञ्ञाणं, दुक्खसमुदये

"और, भिक्षुओ! यह 'स्पर्श' क्या है? यह **स्पर्श** भी छह प्रकार का होता है; जैसे—१. चक्षु:संस्पर्श, २. श्रोत्रसंस्पर्श, ३. घ्राणसंस्पर्श, ४. जिह्वासंस्पर्श, ५. कायसंस्पर्श एवं मन:संस्पर्श।

"और, भिक्षुओ! यह 'षडायतन' क्या कहलाता है? भिक्षुओ! आयतन छह प्रकार का होता है; जैसे—१. चक्षुरायतन, २. श्रोत्रायतन, ३. घ्राणायतन, ४. जिह्वायतन, ५. कायायतन एवं ६. मनआयतन। भिक्षुओ! ये छहों आयतन **षडायतन** कहलाते हैं।

"और, भिक्षुओ! यह 'नामरूप' क्या कहलाता है? भिक्षुओ! वेदना, संज्ञा, चेतना, स्पर्श एवं मनस्कार—यह समूह 'नाम' कहलाता है। तथा चार महाभूत तथा चारों महाभूतों को लेकर जो रूप बनते हैं, इन्हे 'रूप' कहते हैं। इस तरह यह 'नाम' और यह 'रूप' कहलाते हैं। भिक्षुओ! यह **नामरूप** कहलाता है।

"और, भिक्षुओ! 'विज्ञान' किसे कहते हैं? भिक्षुओ! विज्ञान छह होते हैं; जैसे—१. चक्षुर्विज्ञान, २. श्रोत्रविज्ञान, ३. घ्राणविज्ञान, ४. जिह्वाविज्ञान, ५. कायविज्ञान, एवं ६. मनोविज्ञान। भिक्षुओ! यह समूह **विज्ञान** कहलाता है।

"और, भिक्षुओ! 'संस्कार' किसे कहते हैं? भिक्षुओ! ये तीन संस्कार होते हैं; जैसे—१. कायसंस्कार, २. वाक्संस्कार एवं ३. मन:संस्कार। भिक्षुओ! इन तीन संस्कारों को **संस्कार** कहते हैं।

"और, भिक्षुओ! 'अविद्या' किसे कहते हैं? भिक्षुओ! 'अविद्या' चार प्रकार की होती है; जैसे—१. दु:ख को न जानना, २. दु:खसमुदय को न जानना, ३. दु:खनिरोध को

अञ्ञाणं, दुक्खनिरोधे अञ्ञाणं, दुक्खनिरोधगामिनिया पटिपदाय अञ्ञाणं। अयं वुच्चति, भिक्खवे, अविज्जा।

[B.246] "इति खो, भिक्खवे, अविज्जापच्चया सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं ...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अविज्जाय त्वेव असेसविरागनिरोधा सङ्खारनिरोधो; सङ्खारनिरोधा विञ्ञाणनिरोधो...पे०...एवमेतस्स [N.6] केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति॥ ●

३. पटिपदासुत्तं

४. सावत्थियं विहरति। मिच्छापटिपदं च वो, भिक्खवे, देसेस्सामि सम्मापटिपदं च। तं सुणाथ, साधुकं मनसिकरोथ; भासिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"कतमा च, भिक्खवे, मिच्छापटिपदा? अविज्जापच्चया, भिक्खवे, सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, मिच्छापटिपदा।

"कतमा च, भिक्खवे, सम्मापटिपदा? अविज्जाय त्वेव असेसविरागनिरोधा सङ्खारनिरोधो; विञ्ञाणनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो [R.5] होति। अयं वुच्चति, भिक्खवे, सम्मापटिपदा" ति॥ ●

न जानना तथा दुःखनिरोध की तरफ ले जाने वाले मार्ग को न जानना। भिक्षुओ! ये चार प्रकार के अज्ञान **अविद्या** कहलाते हैं। "भिक्षुओ! इसी अविद्या के होने से संस्कार होते हैं,.....पूर्ववत्.....। इस तरह समस्त दुःखसमूह का समुदय (उद्भव) होता है।

(इसके विपरीत) अविद्या के न रहने पर समस्त संस्कारों का निरोध हो जाता है, उन संस्कारों के निरोध होने पर विज्ञान का निरोध हो जाता है,.....पूर्ववत्....इस तरह इस समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है।" ●

३. प्रतिपदासूत्र : : **मार्ग-भेद**

श्रावस्ती में साधना के समय....।" अब, भिक्षुओ! मैं तुम्हें साधना की मिथ्याप्रतिपदा एवं सम्यक्प्रतिपदा के विषय में बताऊँगा। उसे एकाग्रचित्त होकर भली भाँति कान लगाकर सुनो।"....पूर्ववत्....। भगवान् यों कहने लगे—

"भिक्षुओ! यह 'मिथ्याप्रतिपदा' (साधना का अनुचित मार्ग) क्या है? भिक्षुओ! अविद्या के कारण संस्कारों का होना, संस्कारों के कारण विज्ञान का होना....पूर्ववत्....यों इस समस्त दुःखस्कन्ध का उद्भव होता है। यही, भिक्षुओ! मिथ्याप्रतिपदा कहलाती है।

"और, भिक्षुओ! यह 'सम्यक्प्रतिपदा' (साधना का उचित मार्ग) क्या है? अविद्या के पूर्णतः हट जाने या निरुद्ध हो जाने पर संस्कारों का निरोध हो जाता है, संस्कारों का

४. विपस्सीसुत्तं

५. सावत्थियं विहरति। ''विपस्सिस्स, भिक्खवे,भगवतो अरहतो सम्मा-सम्बुद्धस्स पुब्बेव सम्बोधा अनभिसम्बुद्धस्स बोधिसत्तस्सेव सतो एतदहोसि—'किच्छं वतायं लोको आपन्नो जायति च जीयति च मीयति च चवति च उपपज्जति च। अथ च पनिमस्स दुक्खस्स निस्सरणं नप्पजानाति जरामरणस्स। कुदास्सु नाम इमस्स दुक्खस्स निस्सरणं पञ्ञायिस्सति जरामरणस्सा' ति?

''अथ खो भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि— 'किम्हि नु खो सति जरामणं होति, किंपच्चया जरामरणं' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'जातिया खो सति जरामरणं होति, जातिपच्चया जरामरणं' ति ।

''अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि [B.247] नु खो सति जाति होति, किंपच्चया जाती' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स [N.7] बोधसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'भवे खो सति जाति होति, भवपच्च्या जाती' ति।

निरोध होने पर विज्ञान का निरोध....पूर्ववत्....। इस तरह समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है। यह, भिक्षुओ! 'सम्यक्प्रतिपदा' कहलाती है॥ •

४. विपश्यीसूत्र : : विपश्यी बुद्ध को प्रतीत्यसमुत्पाद की अनुभूति

५. **श्रावस्ती में** साधना के समय। भिक्षुओ! अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध भगवान् विपश्यी को सम्बोधिप्राप्ति से पूर्व, जबकि वे अनभिसम्बुद्ध बोधिसत्त्व ही थे, कभी यह विचार हुआ—''अरे! यह संसार कैसे घोर सङ्कट में पड़ा है। यह जनमता है, बूढ़ा होता है, मर जाता है, पुनः जन्म लेता है। जन्म-मरण की परम्परा से कभी मुक्ति नहीं पाता। अहो! मैं इस जन्म-मरण से मुक्ति (निःसरण) का ज्ञान कब प्राप्त कर पाऊँगा?''

अनुलोम पद्धति से विचार : ''तब, भिक्षुओ, विपश्यी बोधिसत्त्व को यों विचार हुआ—'किसके होने पर या किसके कारण यह जरामरण होता है?' सूक्ष्मतया चिन्तन करने पर उन्हें यह समझ में आया कि यह जरामरण जाति के होने पर या जाति के कारण होता है।

''भिक्षुओ! तब विपश्यी बोधिसत्त्व को अच्छी तरह विचार करने पर मन में यह हुआ—'किसके होने पर या किस कारण यह 'जाति' होती है? तब भिक्षुओ! उन विपश्यी बोधिसत्त्व को बहुत चिन्तन के बाद यह समझ में आया कि यह जाति भव के होने पर या भव के कारण होती है।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो सति भवो होति, किंपच्चया भवो' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'उपादाने खो सति भवो होति, उपादानपच्चया भवो' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो सति उपादानं होति, किंपच्चया उपादानं' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स [R.6] बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'तण्हाय खो सति उपादानं होति, तण्हापच्चया उपादानं' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो सति तण्हा होति, किंपच्चया तण्हा' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'फस्से खो सति वेदना होति, फस्सपच्चया वेदना' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो सति वेदना होति, किंपच्चया वेदना' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'फस्से खो सति वेदना होति, फस्सपच्चया वेदना' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो सति फस्सो होति, किंपच्चया फस्सो' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'सळायतने खो सति फस्सो होति, सळायतनपच्चया फस्सो' ति।

"तदनन्तर, भिक्षुओ! उन विपश्यी बोधिसत्त्व को बहुत चिन्तन करने पर, 'यह भव किसके होने पर या किस कारण होता है?'....पूर्ववत्....'यह भव उपादान के होने पर या उपादान के कारण होता है।'

"तदनन्तर,....उपादान किसके होने पर या किस कारण होता है?'....'यह उपादान तृष्णा के होने पर या तृष्णा के कारण होता है।'

"तदनन्तर,....यह तृष्णा किसके होने पर या किस कारण होती है?'....'यह तृष्णा वेदना के होने पर या वेदना के कारण होती है।

"तदनन्तर,....'यह वेदना किसके होने पर या किस कारण होती है?'....'यह वेदना स्पर्श के होने पर या स्पर्श के कारण होती है।'

"तदनन्तर,....'यह स्पर्श किसके होने पर किस कारण होता है?'....'यह स्पर्श छह आयतनों के होने पर या छह आयतनों के कारण होता है।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि [B.248] नु खो सति सळायतनं होति, किंपच्चया सळायतनं' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'नामरूपे खो सति सळायतनं होति, नामरूपपच्चया सळायतनं' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु [N.8] खो नामरूपं होति, किंपच्चया नामरूपं' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'विञ्ञाणे खो सति नामरूपं होति, विञ्ञाणपच्च्या नामरूपं' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो सति विञ्ञाणं होति, किंपच्चया विञ्ञाणं' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'सङ्खारेसु खो सति विञ्ञाणं होति, सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं' ति।

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो सति सङ्खारा होन्ति, किंपच्चया सङ्खारा' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'अविज्जाय खो सति सङ्खारा होन्ति, अविज्जापच्चया सङ्खारा' ति।

"इति हिदं अविज्जापच्चया सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं...पे०...एवमेतस्स केवलंस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। 'समुदयो, समुदयो' ति खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स पुब्बे अननुस्सुतेसु धम्मेसु चक्खुं उदपादि, ञाणं उदपादि, पञ्ञा उदपादि, विज्जा उदपादि, आलोको उदपादि॥

"तदनन्तर,....'यह षडायतन किसके होने पर या किस कारण होता है?'....'यह षडायतन नामरूप के होने पर या नामरूप के कारण होता है।

"तदनन्तर,....'यह नामरूप किसके होने पर या किस कारण होता है?'....'यह नामरूप विज्ञान के होने पर या विज्ञान के कारण होता है?'

"तदनन्तर,....'यह विज्ञान किसके होने पर या किस कारण होता है?'....'यह विज्ञान संस्कारों के होने पर या संस्कारों के कारण होता है।'

"तदनन्तर,....'ये संस्कार किसके होने पर या किस कारण होते हैं?'....'ये संस्कार अविद्या के होने पर या अविद्या के कारण होते हैं।'

"यों, ये संस्कार अविद्या के कारण उत्पन्न होते हैं, संस्कारों के कारण विज्ञान होता है....पूर्ववत्....। इस तरह इस समस्त दुःखस्कन्ध का समुदय होता है। इस प्रकार

"अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स एतदहोसि—'किम्हि नु खो असति जरामरणं न होति, किस्स निरोधा जरामरणनिरोधो' ति? अथ खो, भिक्खवे, विपस्सिस्स बोधिसत्तस्स योनिसो मनसिकारा अहु पञ्ञाय अभिसमयो—'जातिया खो असति जरामरणं न होति, जातिनिरोधा जरामरणनिरोधो' ति।

अरियसावको पटिच्चसमुप्पादञ्ञेव साधुकं योनिसो मनसि करोति—'इति इमस्मिं [N.60] सति इदं होति, इमस्मिं असति इदं न होति; इमस्सुप्पादा इदं उप्पज्जति, इमस्स निरोधा इदं निरुज्झति। यदिदं अविज्जापच्चया सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं...पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अविज्जाय त्वेव असेसविराग-निरोधा सङ्खारनिरोधो; सङ्खारनिरोधा विञ्ञाणनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति। अयमस्स अरियो ञायो पञ्ञाय सुदिट्ठो होति सुप्पटिविद्धो। (३)

"यतो खो, गहपति, अरियसावकस्स इमानि पञ्च भयानि वेरानि वूपसन्तानि होन्ति, इमेहि चतूहि सोतापत्तियङ्गेहि समन्नागतो होति, अयं चस्स अरियो ञायो पञ्ञाय सुदिट्ठो होति सुप्पटिविद्धो, सो आकङ्खमानो अत्तना व अत्तानं ब्याकरेय्य—'खीणनिरयोम्हि खीणतिरच्छानयोनि खीणपेत्तिविसयो खीणापायदुग्गतिविनिपातो, सोतापन्नोहमस्मि अविनिपात-धम्मो नियतो सम्बोधिपरायनो''' ति॥ •

४२. दुतियपञ्चवेरभयसुत्तं

४३. ...सावत्थियं विहरति। "यतो खो, भिक्खवे, अरियसावकस्स पञ्च भयानि [R.71, B.300] वेरानि वूपसन्तानि होन्ति, चतूहि च सोतापत्तियङ्गेहि समन्नागतो होति,

---

(३) "प्रज्ञा से भली भाँति देखा तथा जान गया यह आर्यज्ञान क्या है?

"यहाँ, गृहपति, कोई आर्यश्रावक प्रतीत्यसमुत्पाद सिद्धान्त को यों भली भाँति मन में बैठा लेता है—इस (कारण) के होने पर यह (कार्य) होता है तथा इस (कारण) के न होने पर यह (कार्य) नहीं होता; या इस (कारण) के उत्पन्न होने पर यह (कार्य) उत्पन्न होता है और इस (कारण) के निरुद्ध होने पर यह (कार्य) भी निरुद्ध हो जाता है। जैसे—अविद्या के कारण संस्कार उत्पन्न होते हैं, संस्कारों के कारण विज्ञान....पूर्ववत्....यों इस समस्त दु:खस्कन्ध का समुदय (उत्पाद) होता है। तथा अविद्या के निरोध से समस्त संस्कारों का निरोध, संस्कारों के निरोध से विज्ञान का निरोध....पूर्ववत्....यों इस समस्त दु:खस्कन्ध का निरोध हो जाता है।

"इस तरह यह आर्यज्ञान प्रज्ञा से भली भाँति देखा तथा जाना गया कहलाता है।

"क्योंकि, भिक्षुओ! इस आर्यश्रावक के (१) ये पाँच भययुक्त वैर शान्त हुए रहते हैं, (२) चार स्रोतआपत्ति अङ्गों से यह समन्वित रहता है, तथा (३) इसका आर्यज्ञान प्रज्ञा के द्वारा भली भाँति देखा गया तथा जाना गया होता है, अत: वह चाहे तो अपने विषय में स्वयं यह घोषित कर सकता है—'मेरा नरकपात क्षीण हो चुका है....पूर्ववत्....परम ज्ञान प्राप्त कर लेना सुनिश्चित है' "॥ •

अरियो चस्स ञायो पञ्ञाय सुदिट्ठो होति सुप्पटिविद्धो, सो आकङ्खमानो अत्तना व अत्तानं ब्याकरेय्य—'खीणनिरयोम्हि...पे०...अविनिपातधम्मो नियतो सम्बोधिपरायनो' ति।

"कतमानि पञ्च भयानि वेरानि वूपसन्तानि होन्ति? यं, भिक्खवे, पाणातिपाती ...पे०...यं, भिक्खवे, अदिन्नादायी...पे०...यं, भिक्खवे, कामेसुमिच्छाचारी...यं, भिक्खवे, मुसावादी...यं, भिक्खवे, सुरामेरयमज्जपमादट्ठायी...पे०...इमानि पञ्च भयानि वेरानि वूपसन्तानि होन्ति। (१)

"कतमेहि चतूहि सोतापत्तियङ्गेहि समन्नागतो होति? इध, भिक्खवे, अरियसावको बुद्धे...पे०...धम्मे...सङ्घे...अरियकन्तेहि सीलेहि समन्नागतो होति। इमेहि चतूहि सोतापत्तियङ्गेहि समन्नागतो होति। (२)

"कतमो चस्स अरियो ञायो पञ्ञाय सुदिट्ठो होति सुप्पटिविद्धो? इध, भिक्खवे, अरियसावको पटिच्चसमुप्पादञ्ञेव साधुकं योनिसो मनसि करोति [N.61] ...पे०... अयमस्स अरियो ञायो पञ्ञाय सुदिट्ठो होति सुप्पटिविद्धो। (३)

"यतो खो, भिक्खवे, अरियसावकस्स इमानि पञ्च भयानि वेरानि वूपसन्तानि होन्ति, इमेहि चतूहि सोतापत्तियङ्गेहि समन्नागतो होति, अयं चस्स अरियो ञायो पञ्ञाय सुदिट्ठो होति सुप्पटिविद्धो, सो आकङ्खमानो अत्तना व अत्तानं ब्याकरेय्य—'खीण-निरयोम्हि खीणतिरच्छानयोनि खीणपेत्तिविसयो खीणापायदुग्गतिविनिपातो, सोता-पन्नोहमस्मि अविनिपातधम्मो नियतो सम्बोधिपरायनो" ति॥ ●

---

४२. द्वितीय पञ्चवैरभयसूत्र : : पाँच वैरभयों की शान्ति

४३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! क्योंकि आर्यश्रावक के ये भययुक्त पाँच वैर शान्त हुए रहते हैं....पूर्ववत्....परम ज्ञान प्राप्त कर लेना सुनिश्चित है।

(१) "कौन से पाँच भययुक्त वैर शान्त हुए रहते हैं?....पूर्ववत्....ये पाँच भययुक्त वैर शान्त हुए रहते हैं।

(२) "किन चार स्रोतआपत्ति अङ्गों से आर्यश्रावक समन्वित रहता है?.... पूर्ववत्....।

(३) "प्रज्ञा से भली भाँति देखा तथा जाना गया आर्य ज्ञान क्या है?....पूर्ववत्....।

"क्योंकि, भिक्षुओ! आर्यश्रावक के ये पाँच भययुक्त वैर शान्त हुए रहते हैं, चार स्रोतआपत्ति अङ्गों से वह समन्वित रहता है, प्रज्ञा से इसका आर्यज्ञान प्रज्ञा से भली भाँति देखा सुना गया रहता है अत: यह अपने विषय में यह घोषणा करने का अधिकारी हो जाता है कि....पूर्ववत्....परम ज्ञान प्राप्त होना सुनिश्चित है"॥ ●

४३. दुक्खसुत्तं

४४. ...सावत्थियं विहरति। ''दुक्खस्स, भिक्खवे, समुदयं च अत्थङ्गमं च [R.72] देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी'' ति। ''एवं, भन्ते'' ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

''कतमो च, भिक्खवे, दुक्खस्स समुदयो? चक्खुं च पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। अयं खो, भिक्खवे, दुक्खस्स समुदयो।

[B.301] ''सोतं च पटिच्च सद्दे च उप्पज्जति सोतविञ्ञाणं...पे०...घानं च पटिच्च गन्धे च...पे०...जिव्हं च पटिच्च रसे च...पे०...कायं च पटिच्च फोट्ठब्बे च...पे०...मनं च पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। अयं खो, भिक्खवे, दुक्खस्स समुदयो।

''कतमो च, भिक्खवे, दुक्खस्स अत्थङ्गमो? चक्खुं च पटिच्च रूपे च [N.62] उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो; भवनिरोधा जातिनिरोधो; जातिनिरोधा जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा निरुज्झन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति। अयं खो, भिक्खवे, दुक्खस्स अत्थङ्गमो। "

---

४३. दुःखसूत्र : : दुख और उसका लय (नाश)

४४. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें दुःख की उत्पत्ति एवं नाश के विषय में उपदेश करूँगा। उसे सुनो, तथा सुन कर ठीक से अपने मन में बैठा लो।'''' ऐसा ही होगा, भन्ते!''—ऐसा कहते हुए भिक्षुओं ने भगवान् का आदेश स्वीकार किया। भगवान् यों उपदेश करने लगे—

''भिक्षुओ! यह 'दुःख की उत्पत्ति' क्या है? चक्षुरिन्द्रिय और उस के विषयभूत रूप का सहारा लेकर चक्षुर्विज्ञान उत्पन्न होता है। उन तीनों की सङ्गति ही 'स्पर्श' कहलाती है। इस स्पर्श के कारण वेदना एवं वेदना के कारण तृष्णा (सांसारिक विषयों में) उत्पन्न होती है। यों यह भिक्षुओ! 'दुःख की उत्पत्ति' कहलाती है।

''और, भिक्षुओ! यह 'दुःख का नाश' क्या है? चक्षु और रूप की अपेक्षा से चक्षुर्विज्ञान उत्पन्न होता है। इन तीनों की सङ्गति 'स्पर्श' कहलाती है। स्पर्श के कारण 'वेदना' वेदना के कारण 'तृष्णा' उत्पन्न होती है। उस तृष्णा को सर्वथा दूर हटा देने से 'उपादान' (सांसारिक विषयों का ग्रहण) का निरोध हो जाता है। उपादान के निरोध से 'भव' का निरोध, भव के निरोध से 'जाति' का निरोध, जाति के निरोध से जरा मरण

"सोतं च पटिच्च सद्दे च उप्पज्जति सोतविञ्ञाणं...पे०...घानं च पटिच्च गन्धे च...पे०...जिव्हं च पटिच्च रसे च...पे०...कायं च पटिच्च फोट्ठब्बे च...पे०...मनं च पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधा उपादाननिरोधो; उपादान-निरोधा भवनिरोधो; भवनिरोधा जातिनिरोधो; जातिनिरोधा जरामरणं सोक- [R.73] परिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा निरुज्झन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति। अयं खो, भिक्खवे, दुक्खस्स अत्थङ्गमो" ति। ●

४४. लोकसुत्तं

४५. ...सावत्थियं विहरति। "लोकस्स, भिक्खवे, समुदयं च अत्थङ्गमं च देसेस्सामि। तं सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ; भासिस्सामी" ति। "एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"कतमो च, भिक्खवे, लोकस्स समुदयो? चक्खुं च पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा; तण्हापच्चया उपादानं; उपादानपच्चया भवो; भवपच्चया जाति; जातिपच्चया जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा सम्भवन्ति। अयं खो, भिक्खवे, लोकस्स समुदयो।

"सोतं च पटिच्च सद्दे च...पे०...घानं च पटिच्च गन्धे च...जिव्हं च [B.302] पटिच्च रसे च...कायं च पटिच्च फोट्ठब्बे च...मनं च पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना...पे०...जातिपच्चया जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा सम्भवन्ति। अयं खो, भिक्खवे, लोकस्स समुदयो।

शोक परिदेव दुःख दौर्मनस्य एवं उपायास (पश्चात्ताप) का निरोध हो जाता है। यों, इस समस्त दुःखस्कन्ध का नाश हो जाता है। भिक्षुओ! यह कहलाता है—'दुःख का नाश'।

"इसी तरह श्रोत्रेन्द्रिय एवं उस के विषय शब्द के सहारे से श्रोत्रविज्ञान उत्पन्न होता है; घ्राणेन्द्रिय एवं गन्ध के सहारे से घ्राणविज्ञान उत्पन्न होता है, जिह्वेन्द्रिय एवं रस के सहारे से जिह्वाविज्ञान, काय एवं स्प्रष्टव्य के सहारे से कायविज्ञान, मन तथा उसके विषय के सहारे से मनोविज्ञान उत्पन्न होता है। तीनों की सङ्गति स्पर्श....पूर्ववत्....तृष्णा के सर्वथा मूलोच्छेद से उपादान का निरोध, उपादान के निरोध से....पूर्ववत्....उपायास का निरोध हो जाता है। इस तरह समस्त दुःखसमूह का निरोध सम्भव है। भिक्षुओ! यह कहलाता है—'दुःख का नाश' "॥ ●

४४. लोकसूत्र : : लोक की उत्पत्ति तथा उसका नाश

४५. **श्रावस्ती** में साधना के समय....। "भिक्षुओ! अब मैं तुम्हें लोक की उत्पत्ति

"कतमो च, भिक्खवे, लोकस्स अत्थङ्गमो? चक्खुं च पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भव- [N.63] निरोधो...पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति। अयं खो, भिक्खवे, लोकस्स अत्थङ्गमो।

[R.74] "सोतं च पटिच्च सद्दे च...पे०...घानं च पटिच्च गन्धे च...जिव्हं च पटिच्च रसे च... कायं च पटिच्च फोट्ठब्बे च...मनं च पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति। अयं खो, भिक्खवे, लोकस्स अत्थङ्गमो" ति॥ •

४५. ञातिकसुत्तं

४६. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा ञातिके विहरति गिञ्जकावसथे। अथ खो भगवा रहोगतो पटिसल्लानो इमं धम्मपरियायं अभासि—

"चक्खुं च पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना, वेदनापच्चया तण्हा; तण्हापच्चया उपादानं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

"सोतं च पटिच्च सद्दे च...पे०...घानं च पटिच्च गन्धे च...जिव्हं च पटिच्च रसे च...कायं च पटिच्च फोट्ठब्बे च...मनं च पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति मनोविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा; तण्हापच्चया उपादानं...पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

[B.303] "चक्खुं च पटिच्च रूपे च उप्पज्जति चक्खुविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधा

तथा उसके नाश के विषय में बताऊँगा....पूर्ववत्....। *[पूर्व सूत्र में आये 'दुःख' शब्द के स्थान 'लोक' शब्द लगा कर इस सूत्र का विस्तार कर लें।]* •

४५. ञातिकसूत्र : : प्रतीत्यसमुत्पादसिद्धान्त

४६. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **ञातिका** के गिञ्जकावसथ विहार साधनाहेतु विराजमान थे। तब भगवान् ने एकान्त में ध्यानस्थ होकर इस धर्मपरियाय का यों उपदेश किया—

उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति।

"सोतं च पटिच्च सद्दे च...पे०...मनं च पटिच्च धम्मे च उप्पज्जति [R.75, N.64] मनोविञ्ञाणं। तिण्णं सङ्गति फस्सो। फस्सपच्चया वेदना; वेदनापच्चया तण्हा। तस्सा येव तण्हाय असेसविरागनिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो...पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति।

४७. तेन खो पन समयेन अञ्ञतरो भिक्खु भगवतो उपस्सुति ठितो होति। अद्दसा खो भगवा तं भिक्खुं उपस्सुति ठितं। दिस्वान तं भिक्खुं एतदवोच—"अस्सोसि नो त्वं, भिक्खु, इमं धम्मपरियायं" ति?

"एवं, भन्ते" ति।

"उग्गण्हाहि त्वं, भिक्खु, इमं धम्मपरियायं; परियापुणाहि त्वं, भिक्खु, इमं धम्मपरियायं; धारेहि त्वं, भिक्खु, इमं धम्मपरियायं। अत्थसंहितो अयं, भिक्खु, धम्मपरियायो आदिब्रह्मचरियको" ति॥

४६. अञ्ञतरब्राह्मणसुत्तं

४८. ...सावत्थियं विहरति। अथ खो अञ्ञतरो ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो सो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—

चक्षुरिन्द्रिय तथा उसके विषय रूप की अपेक्षा से उत्पन्न होता है चक्षुर्विज्ञान.... पूर्ववत्....दुःखस्कन्ध का निरोध होता है।

४७. उस समय कोई भिक्षु भगवान् के समीप ही खड़ा हुआ उनका यह उपदेश सुन रहा था। भगवान् ने उसको पास खड़े हुए देख लिया। तब उन्होंने उससे पूछा— "भिक्षु! क्या तुमने मेरे द्वारा उपदिष्ट यह धर्मप्रवचन सुना? भिक्षु ने उत्तर दिया—"हाँ, भन्ते!" तब भगवान् ने उससे कहा—

"भिक्षु! तूँ इसे अपने चित्त में भली भाँति बैठा ले, तथा इसका अभ्यास कर। अभ्यास करते हुए तूँ इसे धारण कर ले; क्योंकि इस स्थिति में पहुँचा हुआ यह धर्मोपदेश तेरे लिये सार्थक होगा, साथ ही यह तेरी धर्मसाधना में भी सहायक होगा"॥

४६. अन्यतरब्राह्मणसूत्र : : मध्यम मार्ग का उपदेश

४८. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। उस समय कोई ब्राह्मण भगवान् के पास आया। आकर भगवान् से कुशल मङ्गल पूछ कर एक तरफ बैठ गया। एक तरफ बैठे हुए उस ब्राह्मण से भगवान् से यों पूछा—"भो गौतम! क्या जो करता है वही उस कर्म का फल भोगता है?"

"किं नु खो, भो गोतम, सो करोति सो पटिसंवेदयती" ति?

"सो करोति सो पटिसंवेदयती' ति खो, ब्राह्मण अयमेको अन्तो"।

[R.76] "किं पन, भो गोतम, अञ्ञो करोति, अञ्ञो पटिसंवेदयती" ति?

"अञ्ञो करोति, अञ्ञो पटिसंवेदयती" ति खो, ब्राह्मण, अयं दुतियो अन्तो।

[B.304] एते ते, ब्राह्मण, उभो अन्ते अनुपगम्म मज्झेन तथागतो धम्मं देसेति— 'अविज्जापच्चया सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अविज्जाय त्वेव असेसविरागनिरोधा सङ्खारनिरोधो; सङ्खारनिरोधा...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति।

[N.65] एवं वुत्ते, सो ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भो गोतम...पे०... उपासकं मं भवं गोतमो धारेतु अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं" ति॥ •

४७. जाणुस्सोणिसुत्तं

४९. ...सावत्थियं विहरति। अथ खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवता सद्धिं...पे०...एकमन्तं निसिन्नो खो जाणुस्सोणि ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—

"ब्राह्मण, यह कहना कि जो करता है वही भोगता है; यह वाद का एक अन्त (पक्ष) है।"

"भो गौतम! तो क्या कर्म का कर्ता कोई अन्य है तथा उसके फल का भोक्ता कोई अन्य है?"

"ब्राह्मण, यह कहना कि कर्ता अन्य है तथा फलभोक्ता कोई अन्य है; यह वाद का दूसरा अन्त (पक्ष) है। परन्तु, ब्राह्मण, तथागत इस वाद के दोनों ही पक्षों को छोड़, इन दोनों के मध्य का दूसरा ही निष्कर्ष घोषित करते हैं; जैसे—'अविद्या के कारण संस्कार उद्भूत होते हैं, संस्कारों के कारण विज्ञान उत्पन्न होता है....पूर्ववत्....यों इस समस्त सांसारिक दुःखस्कन्ध का उद्भव होता है। तथा अविद्या का साधना द्वारा मूलतः उच्छेद कर देने पर उन संस्कारों का निरोध हो जाता है, संस्कारों के निरोध से....पूर्ववत्....इस समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध होना भी सम्भव है'।"

भगवान् द्वारा यों समझाये जाने पर, वह ब्राह्मण भगवान् से यों बोला—"आश्चर्य है, भो गौतम!....पूर्ववत्....आज से आप गौतम मुझको, मेरे प्राण रहने तक (जीवनपर्यन्त), अपना विनीत शरणागत उपासक समझें॥" •

४७. जानुश्रोणिसूत्र : : मध्यम मार्ग का उपदेश

४९. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। तब कोई जानुश्रोणि नामक ब्राह्मण जहाँ भगवान् थे वहाँ पहुँचा....और भगवान् से यों पूछने लगा—

"किं नु खो, भो, गोतम, सब्बमत्थी" ति? "'सब्बमत्थी' ति खो, ब्राह्मणो, अयमेको अन्तो"।

"किं पन, भो गोतम, सब्बं नत्थी" ति? "'सब्बं नत्थी' ति खो, ब्राह्मण, अयं दुतियो अन्तो। एते ते, ब्राह्मण, उभो अन्ते अनुपगम्म मज्झेन तथागतो धम्मं देसेति—'अविज्जापच्चया सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अविज्जाय त्वेव असेसविरागनिरोधा सङ्खारनिरोधो; सङ्खारनिरोधा विञ्ञाणनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती'" ति।

एवं वुत्ते, जाणुस्सोणि ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं भो [R.77] गोतम...पे०... पाणुपेतं सरणं गतं" ति॥ ●

४८. लोकायतिकसुत्तं

५०. ...सावत्थियं विहरति। अथ खो लोकायतिको ब्राह्मणो येन भगवा...पे०... एकमन्तं निसिन्नो खो लोकायतिको ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—

"किं नु खो, भो गोतम, सब्बमत्थी" ति?

"भो गौतम! लोक में इस दृश्यमान पदार्थसमूह की परमार्थत: कोई सत्ता है (सब्बमत्थि)?"

"ब्राह्मण! तुम्हारा कथन (सब्बमत्थि) वाद का एक पक्ष हो सकता है।"

"तो क्या, भो गौतम! 'यह दृश्यमान पदार्थसमूह परमार्थत: नहीं है (न सब्बमत्थि) ऐसा है?"

"हाँ, ब्राह्मण! तुम्हारा यह कथन भी वाद का एक पक्ष है; परन्तु तथागत इस वाद का मध्यम मार्ग से यों निर्णय करते हैं, जैसे—'अविद्या के कारण संस्कार उद्भूत होते हैं, संस्कारों के कारण विज्ञान....पूर्ववत्....यों इस समस्त दु:खस्कन्ध का समुदय (उत्पत्ति) होता है। तथा उस अविद्या का मूलत: उच्छेद होने से संस्कारों का निरोध हो जाता है, संस्कारों के निरोध से विज्ञान का निरोध....यों इस समस्त दु:खस्कन्ध का निरोध हो जाता है।"

ऐसा कहे जाने पर जानुश्रोणि ब्राह्मण ने कहा....शरणागत उपासक समझें॥ ●

४८. लोकायतिकसूत्र : : लौकिक मार्गों का त्याग

५०. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। उस समय कोई लौकायतिक (भौतिकवादी) ब्राह्मण जहाँ भगवान् थे....पूर्ववत्....यह बोला—"क्या, भो गौतम! इस संसार में जो कुछ दिखायी दे रहा है वह परमार्थ रूप से सत्य है?"

"'सब्बमत्थी' ति खो, ब्राह्मण, जेट्ठमेतं लोकायतं"।

[B.305] "किं पन, भो गोतम, सब्बं नत्थी" ति?

"'सब्बं नत्थी' ति खो, ब्राह्मण, दुतियमेतं लोकायतं"।

"किं नु खो, भो गोतम, सब्बमेकत्तं" ति?

[N.66] "'सब्बमेकत्तं' ति खो, ब्राह्मण, ततियमेतं लोकायतं"।

"किं पन, भो गोतम, सब्बं पुथुत्तं" ति?

"'सब्बं पुथुत्तं' ति खो, ब्राह्मण, चतुत्थमेतं लोकायतं। एते ते ब्राह्मण, उभो अन्ते अनुपगम्म मज्झेन तथागतो धम्मं देसेति—'अविज्जापच्चया सङ्खारा; सङ्खारपच्चया विञ्ञाणं ...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति। अविज्जाय त्वेव असेसविरागनिरोधा सङ्खारनिरोधो; सङ्खारनिरोधा विञ्ञाणनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति।

एवं वुत्ते, लोकायतिको ब्राह्मणो भगवन्तं एतदवोच—"अभिक्कन्तं, भो गोतम ...पे०...अज्जतग्गे पाणुपेतं सरणं गतं" ति॥

४९. अरियसावकसुत्तं

५१. ...सावत्थियं विहरति। "न, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स एवं

"ब्राह्मण! ऐसा कहना लौकायतिकों का परम सिद्धान्त है।"

"तो क्या....वह सब कुछ परमार्थ रूप से नहीं है?"

"यह एक दूसरा सिद्धान्त है।"

"क्या यह सब अद्वैत है?"

"यह एक तीसरा सिद्धान्त है।"

"क्या यह सब नाना है?"

"यह भी लौकायतिकों का ही जाना माना सिद्धान्त है। ब्राह्मण! ये चारों ही बातें किसी वाद के चार अन्त (कोण) हो सकते हैं। तथागत इन सभी को न मानते हुए इसी बात को यों कहकर स्पष्ट कह कर स्पष्ट करते हैं—'अविद्या के कारण संस्कार होते हैं, संस्कार के कारण विज्ञान....यों इस समस्त दुःखस्कन्ध का समुदय होता है। इसी तरह उस अविद्या का साधना द्वारा समूल उच्छेद कर देने पर संस्कार का निरोध तथा उसके निरोध से विज्ञान का निरोध....यों इस समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है।"

यों कहे जाने पर वह लौकायतिक ब्राह्मण भगवान् के उपदेश से प्रभावित होकर जीवनपर्यन्त उनका उपासक हो गया॥

४९. प्रथम आर्यश्रावकसूत्र : : आर्यश्रावक प्रतीत्यसमुत्पाद के प्रति असन्दिग्ध

५१. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! गुरुमुख से धर्मश्रुत आर्यश्रावक

होति—'किं नु खो किस्मिं सति किं होति, किस्सुप्पादा किं उप्पज्जति? किस्मिं [R.78] सति सङ्खारा होन्ति, किस्मिं सति विञ्ञाणं होति, किस्मिं सति नामरूपं होति, किस्मिं सति सळायतनं होति, किस्मिं सति फस्सो होति, किस्मिं सति वेदना होति, किस्मिं सति तण्हा होति, किस्मिं सति उपादानं होति, किस्मिं सति भवो होति, किस्मिं सति जाति होति, किस्मिं सति जरामरणं होती' ति?

''अथ खो, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स अपरप्पच्चया ञाणमेवेत्थ होति— 'इमस्मिं सति इदं होति, इमस्सुप्पादा इदं उप्पज्जति। अविज्जाय सति [B.306] सङ्खारा होन्ति; सङ्खारेसु सति विञ्ञाणं होति; विञ्ञाणे सति नामरूपं होति; नामरूपे सति सळायतनं होति; सळायतने सति फस्सो होति; फस्से सति वेदना होति; वेदनाय सति तण्हा होति; तण्हाय सति उपादानं होति; उपादाने सति भवो होति; भवे सति जाति होति; जातिया सति जरामरणं होती' ति। सो एवं पजानाति—'एवमयं लोको समुदयती' ति।

''न, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स एवं होति—'किं नु खो किस्मिं असति किं न होति, किस्स निरोधा किं निरुज्झति? किस्मिं असति सङ्खारा न होन्ति, [N.67] किस्मिं असति विञ्ञाणं न होति, किस्मिं असति नामरूपं न होति, किस्मिं असति सळायतनं न होति, किस्मिं असति फस्सो न होति, किस्मिं असति वेदना न होति,

---

को यह सन्देह नहीं होता—'किसी के होने पर क्या होता है? या किसी के होने पर कोई उत्पन्न होता है? किसके होने पर किसका उत्पाद होता है? किसके होने पर संस्कार होते हैं? किसके होने पर षडायतन होते हैं? किसके होने पर स्पर्श होता है? किसके होने पर वेदना होती है? किसके होने पर तृष्णा होती है? किसके होने पर उपादान होता है? किसके होने पर भव होता है? किसके होने पर जाति एवं जरामरण होते हैं?'

''तथा, भिक्षुओ! वैसे आर्यश्रावक को यह (सन्देह) भी नहीं होता—'क्या किसी के न होने पर क्या नहीं भी होता है? तथा किस के निरोध से क्या निरुद्ध हो जाता है? किस के न होने पर संस्कार नहीं होते? किस के न होने पर विज्ञान नहीं होता? किस के न होने पर नामरूप नहीं होता? किस के न होने पर षडायतन नहीं होता? किस के न होने पर स्पर्श नहीं होता? किस के न होने पर वेदना नहीं होती? किस के न होने पर तृष्णा नहीं होती? किस के न होने पर उपादान नहीं होता? किस के न होने पर भव नहीं होता? किस के न्न होने पर जाति एवं जरा मरण नहीं होते?'

''भिक्षुओ! उस आर्यश्रावक को दूसरे कारणों (प्रतीत्यसमुत्पाद) से यहाँ यह ज्ञान होता है; जैसे—'इसके न होने पर यह नहीं होता, इसके निरोध से यह निरुद्ध हो जाता है। अविद्या के न होने पर संस्कार नहीं होते, संस्कारों के न होने पर विज्ञान नहीं

किस्मि असति तण्हा न होति, किस्मिं असति उपादानं न होति, किस्मि असति भवो न होति, किस्मि असति जाति न होति, किस्मि असति जरामरणं न होती' ति?

"अथ खो, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स अपरप्पच्चया ञाणमेवेत्थ होति—'इमस्मिं असति इदं न होति, इमस्स निरोधा इदं निरुज्झति। अविज्जाय असति सङ्खारा न होन्ति; सङ्खारेसु असति विञ्ञाणं न होति; विञ्ञाणे असति नामरूपं न होति; नामरूपे असति सळायतनं न होति...पे०...भवो न होति...जाति न होति...जातिया असति जरामरणं न होती' ति। सो एवं पजानाति—'एवमयं लोको निरुज्झती' ति।

"यतो खो, भिक्खवे, अरियसावको एवं लोकस्स समुदयं च अत्थङ्गमं च [R.79] यथाभूतं पजानाति, अयं वुच्चति, भिक्खवे, अरियसावको दिट्ठिसम्पन्नो इति पि...पे०...अमतद्वारं आहच्च तिट्ठति इति पी" ति॥

५०. दुतियअरियसावकसुत्तं

५२. ...सावत्थियं विहरति। "न, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स एवं [B.307] होति—'किं नु खो किस्मि सति किं होति, किस्सुप्पादा किं उप्पज्जति? किस्मिं सति सङ्खारा होन्ति, किस्मिं सति विञ्ञाणं होति, किस्मि सति नामरूपं होति, किस्मिं सति सळायतनं होति, किस्मि सति फस्सो होति, किस्मि सति वेदना होति, किस्मि सति तण्हा होति, किस्मि सति उपादानं होति, किस्मि सति भवो होति, किस्मि सति जाति होति, किस्मि सति जरामरणं होती' ति?

होता, विज्ञान के न होने पर नामरूप नहीं होते, नामरूप के न होने पर षडायतन नहीं होता, षडायतन के न होने पर भव नहीं होता, भव के न होने पर जाति नहीं होती, जाति के न होने पर जरामरण नहीं होते। तब वह जानता है—यह लोक ऐसे निरुद्ध होता है।

"क्योंकि, भिक्षुओ, यह आर्यश्रावक यह जानता है कि यह लोक कैसे उत्पन्न होता है, कैसे निरुद्ध होता है, इसकी यथार्थता जानता है, अतः इस आर्यश्रावक को दृष्टिसम्पन्न भी कहा जा सकता है....पूर्ववत्....उसके सामने अमृत (निर्वाण) का द्वार खुला हुआ सा ही है॥

५०. द्वितीय आर्यश्रावकसूत्र : : आर्यश्रावक को प्रतीत्यसमुत्पाद में सन्देह नहीं

५२. **श्रावस्ती में** विहार के समय....। भिक्षुओ! श्रुतवान् आर्यश्रावक को यह सन्देह नहीं होता कि किस के होने पर क्या होता है? किसकी उत्पत्ति से क्या उत्पन्न होता है? किसके होने पर संस्कार होते हैं? किसके होने पर विज्ञान होता है? किसके होने पर नामरूप होता है? किसके होने पर षडायतन होता है? किसके होने पर स्पर्श होता है?

"अथ खो, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स अपरप्पच्चया ञाणमेवेत्थ होति—'इमस्मिं सति इदं होति, इमस्सुप्पादा इदं उप्पज्जति। अविज्जाय सति सङ्खारा होन्ति; सङ्खारेसु सति विञ्ञाणं होति; विञ्ञाणे सति नामरूपं होति; नामरूपे [N.68] सति सळायतनं होति; सळायतने सति फस्सो होति; फस्से सति वेदना होति; वेदनाय सति तण्हा होति; तण्हाय सति उपादानं होति; उपादाने सति भवो होति; भवे सति जाति होति; जातिया सति जरामरणं होती' ति। सो एवं पजानाति—'एवमयं लोको समुदयती' ति।

"न, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स एवं होति—'किं नु खो किस्मिं असति किं न होति, किस्स निरोधा किं निरुज्झति? किस्मिं असति सङ्खारा न होन्ति, किस्मिं असति विञ्ञाणं न होति, किस्मिं असति नामरूपं न होति, किस्मिं असति सळायतनं न होति, किस्मिं असति फस्सो न होति, किस्मिं असति वेदना न होति, किस्मिं असति तण्हा न होति...पे०...उपादानं...भवो...जाति...किस्मिं असति जरामरणं न होती' ति?

"अथ खो, भिक्खवे, सुतवतो अरियसावकस्स अपरप्पच्चया [R.80] ञाणमेवेत्थ होति—'इमस्मिं असति इदं न होति, इमस्स निरोधा इदं निरुज्झति। अविज्जाय असति सङ्खारा न होन्ति; सङ्खारेसु असति विञ्ञाणं न होति; विञ्ञाणे असति नामरूपं न होति; नामरूपे असति सळायतनं न होति....पे०...जातिया असति जरामरणं न होती' ति। सो एवं पजानाति—'एवमयं लोको निरुज्झती' ति।

"यतो खो, भिक्खवे, अरियसावको एवं लोकस्स समुदयं च अत्थङ्गमं च यथाभूतं पजानाति, अयं वुच्चति, भिक्खवे, अरियसावको दिट्ठिसम्पन्नो इति पि,

---

किसके होने पर वेदना होती है? किसके होने पर तृष्णा होती है? किसके होने पर उपादान होता है? किसके होने पर भव....जाति....एवं जरामरण होते हैं?

"तब भिक्षुओ! उस आर्यश्रावक को दूसरे कारणों (प्रतीत्यसमुत्पाद) से यह ज्ञान यों होता है—'इसके होने पर यह होता है, इसकी उत्पत्ति से यह उत्पन्न होता है? अविद्या के होने पर संस्कार होते हैं....पूर्ववत्....जाति जरा मरण होते हैं'— यों वह जानता है कि इस लोक की उत्पत्ति ऐसे होती है।

"भिक्षुओ! उस श्रुतवान् आर्यश्रावक को यह सन्देह नहीं होता—'क्या न होने पर क्या नहीं होता? या किसके निरोध होने पर किसका निरोध होता है? क्या न होने पर संस्कार नहीं होते?....पूर्ववत्....किसके न होने पर जरा मरण नहीं होते?'

"क्योंकि, भिक्षुओ! यह धर्मश्रुत आर्यश्रावक लोक के उत्पाद एवं विनाश को यथार्थ रूप से जानता है अत: यह आर्यश्रावक दृष्टिसम्पन्न (सम्यग्दृष्टि) भी कहलाता है,

[B.308] दस्सनसम्पन्नो इति पि, आगतो इमं सद्धम्मं इति पि, पस्सति इमं सद्धम्मं इति पि, सेक्खेन ञाणेन समन्नागतो इति पि, सेक्खाय विज्जाय समन्नागतो इति पि, धम्मसोतं समापन्नो इति पि, अरियो निब्बेधिकपञ्ञो इति पि, अमतद्वारं आहच्च तिट्ठति इति पी'' ति॥

गहपतिवग्गो पञ्चमो॥

तस्सुद्दानं

द्वे पञ्चवेरभया वुत्ता, दुक्खं लोको च आतिकं।
अञ्ञतरं जाणुस्सोणि च, लोकायतिकेन अट्ठमं।
द्वे अरियसावका वुत्ता, वग्गो तेन पवुच्चती ति॥

दर्शनसम्पन्न भी, यह इस सद्धर्म में प्रविष्ट हो चुका है, यह इस सद्धर्म का साक्षात्कार कर चुका है, यह शैक्ष्य ज्ञान से सम्पन्न है, यह शैक्ष्य विद्या से युक्त है, धर्मस्रोत में पहुँच चुका है, यह आर्य निर्वेधिकप्रज्ञ हो चुका है। इसके सम्मुख अमृत (निर्वाण) का द्वार खुल गया सा ही है''॥

गृहपतिवर्ग पञ्चम समाप्त॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. पञ्चवैरभय, २. द्वितीय पञ्चवैरभय, ३. दुःख, ४. लोक, ५. आतिक, ६. अन्यतर ब्राह्मणसूत्र, ७. जानुश्रोणि, ८. लौकायतिक, ९. प्रथम आर्यश्रावकसत्र, एवं १०. द्वितीय आर्यश्रावकसूत्र॥

६. दुक्खवग्गो छट्ठो

५१. परिवीमंसनसुत्तं

५३. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथ-[N.69] पिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"कित्तावता नु खो, भिक्खवे, भिक्खु परिवीमंसमानो परिवीमंसेय्य सब्बसो सम्मा दुक्खक्खयाया" ति?

"भगवम्मूलका नो, भन्ते, धम्मा भगवन्नेत्तिका भगवम्पटिसरणा। साधु [R.81] वत, भन्ते, भगवन्तं येव पटिभातु एतस्स भासितस्स अत्थो। भगवतो सुत्वा भिक्खू धारेस्सन्ती" ति।

"तेन हि, भिक्खवे, सुणाथ, साधुकं मनसि करोथ, भासिस्सामी" ति।

"एवं, भन्ते" ति खो ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"इध, भिक्खवे, भिक्खु परिवीमंसमानो परिवीमंसति—'यं खो इदं अनेकविधं नानप्पकारकं दुक्खं लोके उप्पज्जति जरामरणं; इदं नु खो दुक्खं किंनिदानं [B.309] किंसमुदयं किंजातिकं किंपभवं? किस्मिं सति जरामरणं होति, किस्मिं असति जरामरणं

---

६. दुःखवर्ग

५१. परिमीमांसासूत्र : : दुःखक्षयहेतु प्रतीत्यसमुत्पाद का मनन

५३. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् **श्रावस्ती** स्थित जेतवन में अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने 'भिक्षुओ' सम्बोधन से भिक्षुओं को अपने पास बुलाया। "भन्ते!" कह कर सभी भिक्षु वहाँ उपस्थित हुए। भगवान् ने उनको यह धर्मोपदेश करते हुए पूछा—"भिक्षुओ! दुःख के समूल नाश के लिये किस तरह और क्या मनन करे?"

भिक्षु बोले—"भगवन्! हमारे धर्मज्ञान के आधार तो आप ही हैं, आप ही हमारे इसमें मार्गदर्शक तथा अधिष्ठाता हैं; अतः अच्छा होता कि भगवान् ही अपने इस प्रश्न का उत्तर हमें समझाते। आपसे सुन कर हम इसे अपने मन में बैठा लेंगे।"

भगवान् ने कहा—"तो सुनो, इसे अच्छी तरह मन में बैठा लो, मैं बताता हूँ।

भिक्षुओं ने कहा—"ठीक है, भन्ते! ऐसा ही होगा।"

भगवान् ने कहा—"यहाँ, भिक्षुओ! कोई भिक्षु विचार करते हुए यों मनन करता है—'यह जो लोक में जरामरण रूप नानाविध दुःख उत्पन्न होता है इस दुःख का क्या निदान (हेतु) है? क्या कारण है? इसका जन्म कैसे होता है? इसका उत्पाद कैसे होता

न होती' ति? सो परिवीमंसमानो एवं पजानाति—'यं खो इदं अनेकविधं नानप्पकारकं दुक्खं लोके उप्पज्जति जरामरणं, इदं खो दुक्खं जातिनिदानं जातिसमुदयं जातिजातिकं जातिप्पभवं। जातिया सति जरामरणं होति, जातिया असति जरामरणं न होती' ति।

"सो जरामरणं च पजानाति, जरामरणसमुदयं च पजानाति, जरामरणनिरोधं च पजानाति, या च जरामरणनिरोधसारुप्पगामिनी पटिपदा तं च पजानाति, तथा पटिपन्नो च होति अनुधम्मचारी; अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु सब्बसो सम्मा दुक्खक्खयाय पटिपन्नो जरामरणनिरोधाय।

"अथापरं परिवीमंसमानो परिवीमंसति—'जाति पनायं किंनिदाना किंसमुदया [N.70] किंजातिका किंपभवा, किस्मिं सति जाति होति, किस्मिं असति जाति न होती' ति? सो परिवीमंसमानो एवं पजानाति—'जाति भवनिदाना भवसमुदया भवजातिका भवप्पभवा; भवे सति जाति होति, भवे असति जाति न होती' ति।

"सो जातिं च पजानाति, जातिसमुदयं च पजानाति, जातिनिरोधं च पजानाति, या च जातिनिरोधसारुप्पगामिनी पटिपदा तं च पजानाति, तथा पटिपन्नो च होति अनुधम्मचारी; अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु सब्बसो सम्मा दुक्खक्खयाय पटिपन्नो जातिनिरोधाय।

है तथा यह किससे उत्पन्न होता है? किसके होने पर जरामरण होता है? किसके न होने पर जरामरण नहीं होता?' यों विचार करता हुआ आगे मनन करता है—'यह इस लोक में अनुभूत होने वाला नानाविध दुःख जाति के कारण होता है, जाति इसकी उत्पत्ति में हेतु है, जाति से यह उद्भूत होता है। जाति के होने पर जरामरण होता है, जाति के न होने पर जरामरण नहीं होता।'

"इस तरह वह साधक जरा मरण को भी भली भाँति जान लेता है, जरामरण समुदय को....जरामरणनिरोध को....जरामरणनिरोध की तरफ पहुँचाने वाले मार्ग (उपाय) को भी जान लेता है, वह धर्मानुसार उस मार्ग का अभ्यास करता है, भिक्षुओ! ऐसा साधक ही उक्त दुःख के समूल नाश के लिये जरामरणनिरोध के उपाय का अभ्यास करता है।

"तदनन्तर, आगे विचार करते हुए मनन करता है—'फिर यह जाति किस कारण से उद्भूत होती है? इसकी उत्पत्ति कैसे होती है? इसके जन्म में क्या कारण है? यह किसके होने पर होती है? किसके न होने पर नहीं होती?' यह मनन करता हुआ जान लेता है कि जाति भवमूलक है, भव से उत्पन्न होती है, भव इसके जन्म में कारण है, अर्थात् भव के होने पर जाति होती है, भव के न होने पर नहीं होती।

"अथापरं परिवीमंसमानो परिवीमंसति—'भवो पनायं किंनिदानो...पे०... उपादानं पनिदं किंनिदानं...तण्हा पनायं किंनिदाना...वेदना...फस्सो...सळायतनं पनिदं किंनिदानं...नामरूपं पनिदं...विञ्ञाणं पनिदं...सङ्खारा पनिमे किंनिदाना किंसमुदया किंजातिका किंपभवा; किस्मिं सती सङ्खारा होन्ति, किस्मिं असति सङ्खारा न [R.82] होन्ती' ति? सो परिवीमंसमानो एवं पजानाति—'सङ्खारा अविज्जानिदाना अविज्जा-समुदया अविज्जाजातिका अविज्जापभवा; अविज्जाय सति सङ्खारा होन्ति, अविज्जाय असति सङ्खारा न होन्ती' ति।

"सो सङ्खारे च पजानाति, सङ्खारसमुदयं च पजानाति, सङ्खारनिरोधं च पजानाति, या च सङ्खारनिरोधसारुप्पगामिनी पटिपदा तं च पजानाति, तथा पटिपन्नो च होति अनुधम्मचारी; अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु सब्बसो सम्मा दुक्खक्खयाय पटिपन्नो सङ्खारनिरोधाय।

"अविज्जागतो यं, भिक्खवे, पुरिसपुग्गलो पुञ्ञं चे सङ्खारं अभिसङ्खरोति, पुञ्ञूपगं होति विञ्ञाणं। अपुञ्ञं चे सङ्खारं अभिसङ्खरोति, अपुञ्ञूपगं होति [B.310] विञ्ञाणं। आनेञ्जं चे सङ्खारं अभिसङ्खरोति आनेञ्जूपगं होति विञ्ञाणं। यतो खो,

---

"इस तरह वह जाति के विषय में भली भाँति जान लेता है....पूर्ववत्....दुःखक्षय के लिये जाति के निरोध का अभ्यास करता है।

"फिर वह इस विषय में आगे विचार करता हुआ यों मनन करता है—'यह भव किस कारण उद्भूत होता है....उपादान....तृष्णा....वेदना....स्पर्श....षडायतन....नामरूप.... विज्ञान....संस्कार किन कारणों से उद्भूत होते हैं....किसके होने पर संस्कार होते हैं तथा किसके न होने पर संस्कार नहीं होते?' यह मनन करते हुए वह जान लेता है—'संस्कार अविद्या के कारण उत्पन्न होते हैं, अविद्या के कारण इनका जन्म होता है, अविद्या ही इनकी मूल है। अतः अविद्या के होने पर संस्कार होते हैं, अविद्या के न होने पर नहीं होते।

"यह मनन करते हुए वह संस्कारों को भली भाँति जान लेता है, संस्कारसमुदय को....संस्कारनिरोध को भली भाँति जान लेता है, संस्कारनिरोधगामी मार्ग को भली भाँति जान कर तदनुसार साधना करता है जब वह इसमें सफल हो जाता है तब भिक्षुओ! वह भिक्षु दुःखक्षयहेतु संस्कारनिरोध के लिये सम्यक्प्रतिपन्न (भलीभाँति मार्गारूढ) हो चुका होता है।

"भिक्षुओ! अविद्या से आकीर्ण पुद्गल जब पुण्यकर्म करता है तो उसके पुण्यमय संस्कारों के कारण उसका विज्ञान भी पुण्योपग (पुण्ययुक्त) हो जाता है तथा जब वह अविद्याग्रस्त हो कर पापमय कर्म करता है तब उसके पापमय संस्कारों के कारण उसका

भिक्खवे, भिक्खुनो अविज्जा पहीना होति विज्जा उप्पन्ना, सो अविज्जाविरागा विज्जुप्पादा नेव पुञ्ञाभिसङ्खारं अभिसङ्खरोति न अपुञ्ञाभिसङ्खारं अभिसङ्खरोति न आनेञ्जाभिसङ्खारं अभिसङ्खरोति। अनभिसङ्खरोन्तो अनभिसञ्चेतयन्तो न किञ्चि लोके उपादियति; अनुपादियं न परितस्सति, अपरितस्सं पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाति।

[N.71] ''सो सुखं चे वेदनं वेदयति, सा अनिच्चा ति पजानाति, अनज्झोसिता ति पजानाति, अनभिनन्दिता ति पजानाति। दुक्खं चे वेदनं वेदयति, सा अनिच्चा ति पजानाति, अनज्झोसिता ति पजानाति, अनभिनन्दिता ति पजानाति। अदुक्खमसुखं चे वेदनं वेदयति, सा अनिच्चा ति पजानाति, अनज्झोसिता ति पजानाति, अनभिनन्दिता ति पजानाति। सो सुखं चे वेदनं वेदयति, विसंयुत्तो नं वेदयति। दुक्खं चे वेदनं वेदयति, विसंयुत्तो नं वेदयति। अदुक्खमसुखं चे वेदनं वेदयति, विसंयुत्तो नं वेदयति।

''सो कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी ति

विज्ञान भी पापसम्पृक्त हो जाता है। यदि वह आनेञ्ज्य (अचञ्चल=स्थिर कर्म) करता है उस समय उसका विज्ञान अचल फलदायी होता है।

''भिक्षुओ! क्योंकि भिक्षु की अविद्या प्रहीण हो चुकी होती है, विद्या उद्भूत हो चुकी होती है, उसके प्रभाव से उस समय अविद्या के उच्छिन्न होने से तथा विद्या के उद्भूत होने से उसको न पुण्यसंस्कार उत्पन्न होते हैं, न अपुण्यमय संस्कार और न आनेञ्ज्य संस्कार ही उत्पन्न होते हैं। इस तरह किसी भी संस्कार के न होने कारण वह संसार में किसी प्रकार का उपादान (परिग्रह) नहीं करता, कोई लौकिक चिन्तन नहीं करता, लोक में कहीं भी आसक्त नहीं होता। यों सर्वथा अनासक्त होने से उसे लोक में कहीं भय नहीं होता, यों वह निर्भीक रहता हुआ अपने अन्दर ही निर्वाण अधिगत कर लेता है। वह समझ लेता है कि मेरी जातिपरम्परा क्षीण हो चुकी, मेरा धर्माभ्यास पूर्ण हो चुका, अब मेरा यहाँ कोई कर्तव्य शेष नहीं है।

''इस तरह वह जब सुखा वेदना का अनुभव करता रहता है, तो वह उस वेदना की अनित्यता भी जानता रहता है, अत: उसमें आसक्त नहीं होता। जब दु:खा वेदना का अनुभव करता है तो उसकी अनित्यता भी जानता रहता है, 'वह अध्यवसाययोग्य या अभिनन्दनीय नहीं है'—ऐसा भी जानता रहता है। जब अदु:खा असुखा वेदना का अनुभव करता है तो उसकी भी अनित्यता, अनध्यवसेयता तथा अनभिनन्दनीयता जानता रहता है। अत: वह जब सुख वेदना का अनुभव करता है तो वह उससे असंसक्त रहता हुआ ही उसका अनुभव करता है, दु:खा वेदना तथा अदु:खा असुखा वेदना के प्रति भी उसका यह असंसक्तभाव ही विद्यमान रहता है।

पजानाति, जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी [R.83] ति पजानाति। कायस्स भेदा उद्धं जीवितपरियादाना इधेव सब्बवेदयितानि अनभि-नन्दितानि सीतीभविस्सन्ति, सरीरानि अवसिस्सन्ती ति पजानाति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, पुरिसो कुम्भकारपाका उण्हं कुम्भं उद्धरित्वा समे भूमिभागे पटिसिस्सेय्य। तत्र यायं उस्मा सा तत्थेव वूपसमेय्य, कपल्लानि अवसिस्सेय्युं। एवमेव खो, भिक्खवे, भिक्खु कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो कायपरियन्तिकं वेदनं वेदयामी ति पजानाति, जीवितपरियन्तिकं वेदनं वेदयमानो जीवितपरियन्तिकं [B.311] वेदनं वेदयामी ति पजानाति। कायस्स भेदा उद्धं जीवितपरियादाना इधेव सब्ब-वेदयितानि अनभिनन्दितानि सीतीभविस्सन्ति, सरीरानि अवसिस्सन्ती ति पजानाति।

"तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, अपि नु खो खीणासवो भिक्खु पुञ्ञाभिसङ्खारं वा अभिसङ्खरेय्य अपुञ्ञाभिसङ्खारं वा अभिसङ्खरेय्य आनेञ्जाभिसङ्खारं वा अभि-सङ्खरेय्या" ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन सङ्खारेसु असति, सङ्खारनिरोधा अपि नु खो विञ्ञाणं पञ्ञापेथा" ति?

"जब वह ऐसा अनुभव करता है कि मेरी काया या जीवन का अन्त हो रहा है तो वह उस बात से सावधान रहता है। 'देहपात एवं जीवन का अन्त हो जाने के बाद उसकी वे समस्त वेदनाएँ यहीं शान्त हो कर निष्फल एवं शान्त हो जाती हैं तथा देहपात हो जाता है'—वह ऐसा जानता रहता है।

"भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष कुम्भकार के आँवे (कच्चा घड़ा पकाने का भट्ठा) से तप्त घटपात्र को निकाल खुली भूमि पर रख दे। तो उस पात्र की वह उष्णता कुछ ही काल में समाप्त हो जायगी, केवल कपालमात्र रह जायँगे। इसी तरह, भिक्षुओ! वह भिक्षु काया या जीवन का अन्त करने वाली वेदनाओं को अनुभव करता हुआ 'काया या जीवन का अन्त करने वाली वेदनाओं का अनुभव कर रहा हूँ'—ऐसा जानता है। 'देहपात या जीवन के अवसान के बाद, ये समस्त लौकिक वेदनाएँ, यदि उनके प्रति कोई आसक्ति न रखी जाय तो यहीं शान्त हो जायँगी, निर्जीव शरीरमात्र रह जायगा'—ऐसा वह जानता है।

"तो क्या मानते हो, भिक्षुओ, क्या क्षीणाश्रव भिक्षु को पुण्यमय, पापमय या स्थिर संस्कारों के प्रति कोई ममत्व रखना चाहिये?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या संस्कारों के सर्वथा न होने से, संस्कारों का निरोध हो जाने से उसको विज्ञान होगा?"

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन विञ्ञाणे असति, विञ्ञाणनिरोधा अपि नु खो नामरूपं [N.72] पञ्ञायेथा" ति ?

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन नामरूपे असति, नामरूपनिरोधा अपि नु खो सळायतनं पञ्ञायेथा" ति ?

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन सळायतने असति, सळायतननिरोधा अपि नु खो फस्सो पञ्ञायेथा" ति ?

"नो हेतं, भन्ते"।

[R.84] "सब्बसो वा पन फस्से असति, फस्सनिरोधा अपि नु खो वेदना पञ्ञायेथा" ति ?

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन वेदनाय असति, वेदनानिरोधा अपि नु खो तण्हा पञ्ञायेथा" ति ?

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या विज्ञान के सर्वथा न रहने से, विज्ञान का निरोध हो जाने से उसका नामरूप रहेगा ?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या नामरूप के सर्वथा न रहने पर, नामरूप का निरोध हो जाने से उसको षडायतन का भान होगा ?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या षडायतन के सर्वथा न रहने पर, षडायतन का निरोध हो जाने से उसको स्पर्श की प्रज्ञप्ति होगी ?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या स्पर्श के सर्वथा न रहने पर, स्पर्श का पूर्णतः निरोध हो जाने पर वेदना का अनुभव होगा ?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या वेदना के सर्वथा न रहने पर, वेदना का पूर्णतः निरोध हो जाने पर तृष्णा का अनुभव होगा ?"

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन तण्हाय असति, तण्हानिरोधा अपि नु खो उपादानं पञ्ञायेथा" ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन उपादाने असति, उपादाननिरोधा अपि नु खो भवो पञ्ञायेथा" ति।

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन भवे असति, भवनिरोधा अपि नु खो जाति पञ्ञायेथा" ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"सब्बसो वा पन जातिया असति, जातिनिरोधा अपि नु खो जरामरणं पञ्ञायेथा" ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"साधु साधु, भिक्खवे, एवमेतं, भिक्खवे, नेतं अञ्ञथा। सद्दहथ मे तं, भिक्खवे, अधिमुच्चथ, निक्कङ्खा एत्थ होथ निब्बिचिकिच्छा। एसेवन्तो दुक्खस्सा" ति॥ ●

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या तृष्णा के सर्वथा न रहने पर, तृष्णा के सर्वथा निरुद्ध हो जाने पर उपादान की प्रज्ञप्ति होगी?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या उपादान के सर्वथा न रहने पर, उपादान के पूर्णतः निरुद्ध हो जाने पर भव का प्रज्ञापन होगा?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या भव के सर्वथा न रहने पर, भव का पूर्णतः निरोध हो जाने पर जाति का प्रज्ञापन होगा?"

"नहीं, भन्ते!"

"....क्या जाति के सर्वथा निरुद्ध हो जाने पर, जाति के पूर्णतः निरुद्ध हो जाने पर जरामरण फिर भी शिर उठा सकेंगे?"

"नहीं, भन्ते!"

"उचित है, भिक्षुओ! बहुत उचित है! यह बात इसी तरह है, अन्यथा नहीं। भिक्षुओ! इस (मेरे वचन) पर श्रद्धा करो। किसी प्रकार का सन्देह न करो, विचिकित्सा या कोई 'ननु नच' न करो। दुःखों के अन्त (नाश) करने का यही मार्ग है"॥ ●

५२. उपादानसुत्तं

५४. ...सावत्थियं विहरति। ''उपादानियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु अस्सादानु-[N.73] पस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं; उपादानपच्चया भवो; भवपच्चया जाति; जातिपच्चया जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा सम्भवन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, दसन्नं वा कट्ठवाहानं वीसाय वा कट्ठवाहानं तिंसाय वा [B.312, R.85] कट्ठवाहानं चत्तारीसाय वा कट्ठवाहानं महाअग्गिक्खन्धो जलेय्य; तत्र पुरिसो कालेन कालं सुक्खानि चेव तिणानि पक्खिपेय्य, सुक्खानि च गोमयानि पक्खिपेय्य, सुक्खानि च कट्ठानि पक्खिपेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, महाअग्गिक्खन्धो तदाहारो तदुपादानो चिरं दीघमद्धानं जलेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, उपादानियेसु धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं...पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

''उपादानियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो; भवनिरोधा जातिनिरोधो; जातिनिरोधा जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा निरुज्झन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति।

---

५२. उपादानसूत्र : : संसार में अशुभ भावना से दुःखनाश

५४. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! उपादानीय (संग्रहयोग्य= आकर्षक) धर्मों में आस्वाद (आसक्ति) रखने से तृष्णा वृद्धिङ्गत होती है। इस तृष्णावृद्धि के कारण उपादान, उपादान के कारण भव, भव के कारण जाति, जाति के कारण जरामरण शोक आदि सम्भूत होते हैं। यों, इस समस्त दुःखस्कन्ध का समुदय होता रहता है।

''जैसे, भिक्षुओ! दश, बीस, तीस, चालीस काष्ठ के ढेर (भारसमूह) को कोई जलावे, साथ ही कोई पुरुष उसमें रह रह कर सूखा तृणसमूह भी डालता रहे, सूखा गोबर भी डालता रहे, सूखा काष्ठ भी डालता रहे; यों वह काष्ठ का भार जलता रहेगा, तथा वह अग्निस्कन्ध निरन्तर चिरकाल तक प्रज्वलित रहेगा। इसी तरह, भिक्षुओ! उपादानीय धर्मों में निरन्तर आसक्ति रखने से भी प्राणी की तृष्णा बढती जाती है। तथा इस तृष्णा के कारण, उपादान भी बढता रहता है....। यों यह समस्त दुःखस्कन्ध भी उत्पन्न होता रहता है।

''परन्तु, इसके विपरीत, भिक्षुओ! उपादानीय धर्मों में दोषद्रष्टा साधक की यह तृष्णा यथासमय स्वयमेव शान्त हो जाती है। तृष्णा के न होने से उपादान का अभाव....पूर्ववत्....समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, दसन्नं वा कट्ठवाहानं वीसाय वा तिंसाय वा चत्तारीसाय वा कट्ठवाहानं महाअग्गिक्खन्धो जलेय्य; तत्र पुरिसो न कालेन कालं सुक्खानि चेव तिणानि पक्खिपेय्य, न सुक्खानि च गोमयानि पक्खिपेय्य, न सुक्खानि च कट्ठानि पक्खिपेय्य। एवं हि सो भिक्खवे, महाअग्गिक्खन्धो पुरिमस्स च उपादानस्स परियादाना अञ्ञस्स च अनुपहारा अनाहारो निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, उपादानियेसु धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति, तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति॥ •

५३. पठमसंयोजनसुत्तं

५५. ...सावत्थियं विहरति। "संयोजनियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु [N.74, R.86] अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं; उपादानपच्चया भवो; भवपच्चया जाति; जातिपच्चया जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा सम्भवन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, तेलं च पटिच्च वट्टिं च पटिच्च तेलप्पदीपो झायेय्य; तत्र पुरिसो कालेन कालं तेलं आसिञ्चेय्य वट्टिं उपसंहरेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, [B.313] तेलप्पदीपो तदाहारो तदुपादानो चिरं दीघमद्धानं जलेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे,

---

"जैसे, भिक्षुओ! दस, बीस, तीस, चालीस लकड़ियों का समूह किसी के द्वारा जलाया जाय, परन्तु उसमें कोई दूसरा पुरुष न कुछ सूखा तृणसमूह या न सूखा गोबर या न सूखा अतिरिक्त काष्ठ ही डाले, तब वह अग्निस्कन्ध कुछ ही समय बाद, पूर्व काष्ठसमूह के जल जाने से तथा अन्य काष्ठसमूह के आगे उपलब्ध न होने से वह विशाल अग्निस्कन्ध, निराहार (ज्वलन सामग्री का अभाव) होने से स्वयमेव बुझ जायगा। इसी तरह, भिक्षुओ! उपादानीय धर्मों के दोषद्रष्टा साधक की तृष्णा समय आने पर स्वयं ही निरुद्ध हो जाती है। तृष्णा के निरुद्ध होने से उपादान का निरोध....पूर्ववत्....समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है"॥ •

५३. प्रथम संयोजनसूत्र : : आसक्तित्याग से तृष्णा का नाश

५५. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! सांसारिक बन्धनों में डालने वाले धर्मों में आसक्ति रखने वाले साधक की तृष्णा बढती जाती है। तृष्णा की वृद्धि से उपादान, उपादान की वृद्धि से भव....पूर्ववत्....दुःखस्कन्ध का उद्भव होता है।

"जैसे, भिक्षुओ! तैल और बत्ती के सहारे कोई दीपक प्रज्वलित हो, वहाँ कोई पुरुष उस दीपक में, समय समय पर, तैल डालता रहे, बत्ती बदलता रहे, यों, भिक्षुओ! वह दीपक तैल और बत्ती का सहारा पाकर निरन्तर दीर्घकाल तक जलता रहेगा; इसी

संयोजनियेसु धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं; उपादानपच्चया भवो; भवपच्चया जाति; जातिपच्चया जरामरणं सोकपरिदेवदुक्ख-दोमनस्सुपायासा सम्भवन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

"संयोजनियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो; भवनिरोधा जातिनिरोधो; जातिनिरोधा जरामरणं सोकपरिदेवदुक्खदोमनस्सुपायासा निरुज्झन्ति। एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, तेलं च पटिच्च वट्टिं च पटिच्च तेलप्पदीपो झायेय्य; तत्र पुरिसो न कालेन कालं तेलं आसिञ्चेय्य न वट्टिं उपसंहरेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, तेलप्पदीपो पुरिमस्स च उपादानस्स परियादाना अञ्ञस्स च अनुपहारा अनाहारो निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, संयोजनियेसु धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्ख-क्खन्धस्स निरोधो होती" ति॥ •

५४. दुतियसंयोजनसुत्तं

५६. ...सावत्थियं विहरति। "सेय्यथापि, भिक्खवे, तेलं च पटिच्च वट्टिं च [R.87, N.75] पटिच्च तेलप्पदीपो झायेय्य; तत्र पुरिसो कालेन कालं तेलं आसिञ्चेय्य वट्टिं उपसंहरेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, तेलप्पदीपो तदाहारो तदुपादानो चिरं दीघमद्धानं जलेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, संयोजनियेसु धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा

तरह, भिक्षुओ! सांसारिक बन्धनों वाले धर्मों में आसक्त पुरुष की तृष्णा बढती रहती है, तृष्णावृद्धि से उपादान....पूर्ववत्.... समस्त दुःखस्कन्ध का उद्भव होता रहता है।

"परन्तु, इसके विपरीत, भिक्षुओ! इन संयोजनीय धर्मों में दोषद्रष्टा पुरुष की सांसारिक तृष्णा निरन्तर घटती रहती है, तृष्णा के घटने से उपादान घटता जाता है....पूर्ववत्....समस्त दुःखस्कन्ध का एक दिन निरोध हो जाता है।

"जैसे, भिक्षुओ! तैल और बत्ती के सहारे से कोई दीप प्रज्वलित किया जाय, परन्तु उसमें समय समय अतिरिक्त तैल और बत्ती या अन्य ज्वलनसामग्री न डाली जायँ तो एक समय आयगा कि वह दीपक बुझ ही जायगा; इसी तरह संयोजनीय धर्मों में दोषद्रष्टा पुरुष की तृष्णा घटती जाती है। तृष्णा के घटने से उपादान घटता है....पूर्ववत्....एक दिन इस समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है।

"इसी तरह भिक्षुओ! संयोजनीय धर्मों में दोषद्रष्टा साधक की तृष्णा का निरोध.... दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है"॥ •

पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, तेलं च पटिच्च वट्टिं च पटिच्च तेलप्पदीपो झायेय्य; तत्र पुरिसो न कालेन कालं तेलं आसिञ्चेय्य न वट्टिं उपसंहरेय्य। एवं हि सो, [B.314] भिक्खवे, तेलप्पदीपो पुरिमस्स च उपादानस्स परियादाना अञ्ञस्स च अनुपहारा अनाहारो निब्बायेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, संयोजनियेसु धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति॥

५५. पठममहारुक्खसुत्तं

५७. ...सावत्थियं विहरति। "उपादानियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं; उपादानपच्चया भवो...पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, महारुक्खो। तस्स यानि चेव मूलानि अधोगमानि [R.88] यानि च तिरियङ्गमानि सब्बानि तानि उद्धं ओजं अभिहरन्ति। एवं हि सो, भिक्खवे, महारुक्खो तदाहारो तदुपादानो चिरं दीघमद्धानं तिट्ठेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, उपादानियेसु धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

---

५४. द्वितीय संयोजनसूत्र : : आसक्तित्याग से तृष्णा का नाश

५६. श्रावस्ती में साधना के समय....। "जैसे, भिक्षुओ! तैल एवं बत्ती के सहारे से दीपक जलता है....पूर्ववत्....दुःखस्कन्ध का निरोध होता है"॥ •

[प्रथम संयोजनसूत्र की तरह अक्षरशः विस्तार कर लें।]

५५. प्रथम महावृक्षसूत्र : : तृष्णा महावृक्ष

५७. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! उपादानीय धर्मों में आसक्ति रखने वाले साधक की तृष्णा बढती रहती है। तृष्णावृद्धि से उपादानवृद्धि होती है....पूर्ववत्....दुःखस्कन्ध का समुदय होता है।

वृक्ष की उपमा—भिक्षुओ! जैसे कोई महावृक्ष हो। जिसकी जड़ें नीचे की तरफ जा रही हों, शाखाएँ ऊपर की तरफ फैली हुई हों। वे सभी रस (वृद्धिकारक तत्त्व) ऊपर भेजती हों, इस तरह वह वृक्ष उस रस के आधार पर दिनानुदिन बढता ही रहेगा, तथा उसकी स्थिति चिरकाल तक रहेगी। इसी प्रकार, भिक्षुओ! उपादानीय धर्मों में आसक्ति रखने वाले साधक की तृष्णा बढती रहती है, इस तृष्णा से उपादान....यों इसके समस्त दुःखस्कन्ध का समुदय होता है। (१)

"उपादानियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो; उपादाननिरोधा भवनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, महारुक्खो। अथ पुरिसो आगच्छेय्य कुद्दालपिटकं [N.76] आदाय; सो तं रुक्खं मूले छिन्देय्य, मूलं छिन्दित्वा पलिखणेय्य, पलिखणित्वा मूलानि उद्धरेय्य अन्तमसो उसीरनाळिमत्तानि पि। सो तं रुक्खं खण्डाखण्डिकं छिन्देय्य, खण्डाखण्डिकं छिन्दित्वा फालेय्य, फालेत्वा सकलिकं सकलिकं करेय्य, सकलिकं सकलिकं करित्वा वातातपे विसोसेय्य; वातातपे विसोसेत्वा अग्गिना डहेय्य, अग्गिना डहेत्वा मसिं करेय्य, मसिं करित्वा महावाते वा ओफुणेय्य नदिया वा सीघसोताय [B.315] पवाहेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, महारुक्खो उच्छिन्नमूलो अस्स तालावत्थुकतो अनभावङ्कतो आयतिं अनुप्पादधम्मो। एवमेव खो, भिक्खवे, उपादानियेसु धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो; उपादान-निरोधा भवनिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती" ति॥●

५६. दुतियमहारुक्खसुत्तं

५८. ...सावत्थियं विहरति। "सेय्यथापि, भिक्खवे, महारुक्खो। तस्स यानि [R.89] चेव मूलानि अधोगमानि यानि च तिरियङ्गमानि सब्बानि तानि उद्धं ओजं

"उपादानीय धर्मों में दोषद्रष्टा पुरुष की सांसारिक विषयों में तृष्णा घटती जाती है। तृष्णा के घटने से उपादान....पूर्ववत्....यों समस्त दुःखस्कन्ध का भी निरोध हो जाता है।

"जैसे, भिक्षुओ! कोई महावृक्ष हो, वहाँ कोई पुरुष कुल्हाड़ा लेकर आवे, वह उस वृक्ष की जड़ें काट दे, जड़ें काट कर उन्हें खोद डाले, खोद कर उसकी जड़ें उखाड़ दे, यहाँ तक उसकी छोटी से छोटी (तन्तुमात्र=सूक्ष्म) जड़ भी भूमि में न रह जाय। फिर वह उस वृक्ष को टुकड़े टुकड़े में विभक्त कर दे। यों विभक्त कर उसे फाड़ दे, फाड़ता उसे छोटे छोटे खण्डों में विभक्त कर दे। तथा उन्हें सूखने के लिये धूप एवं हवा में डाल दे, इस तरह सुखा कर अग्नि से उन्हें जला दे। जला कर राख कर दे। राख करके उसे तीव्र हवा में उड़ा दे या किसी तीव्र प्रवाह वाली महानदी में बहा दे। भिक्षुओ! इस तरह मूल से उच्छिन्न वह महावृक्ष जड़ से उखड़ जाने पर विनाश को ही प्राप्त होगा तथा भविष्य में उसका कभी उत्पाद नहीं होगा। इसी तरह भिक्षुओ! उपादानीय धर्मों में दोषद्रष्टा साधक की तृष्णा निरुद्ध हो जाती है। तृष्णा के निरोध से उपादान का निरोध....पूर्ववत्....समस्त दुःखस्कन्ध का निरोध हो जाता है॥ (२) ●

अभिहरन्ति। एवं हि सो, भिक्खवे, महारुक्खो तदाहारो तदुपादानो चिरं दीघमद्धानं तिट्ठेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, उपादानियेसु धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, महारुक्खो। अथ पुरिसो आगच्छेय्य कुद्दालपिटकं आदाय। सो तं रुक्खं मूले छिन्देय्य, मूले छेत्वा पलिखणेय्य, पलिखणित्वा मूलानि उद्धरेय्य...पे०...नदिया वा सीघसोताय पवाहेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, महारुक्खो उच्छिन्नमूलो अस्स तालावत्थुकतो अनभावङ्कतो आयतिं अनुप्पादधम्मो। एवमेव खो, भिक्खवे, उपादानियेसु धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हा-निरोधा उपादाननिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती'' ति॥ •

५७. तरुणरुक्खसुत्तं

५९. ...सावत्थियं विहरति। ''संयोजनियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु [N.77] अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, तरुणो रुक्खो। तस्स पुरिसो कालेन कालं [B.316] मूलानि पलिमज्जेय्य, कालेन कालं पंसुं ददेय्य, कालेन कालं उदकं ददेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, तरुणो रुक्खो तदाहारो तदुपादानो वुद्धिं विरुळ्हिं वेपुल्लं आपज्जेय्य। एवमेव

---

५६. द्वितीय महावृक्षसूत्र : : तृष्णा महावृक्ष है

५८. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। जैसे, भिक्षुओ! कोई महान् वृक्ष हो....पूर्ववत्....इस समस्त दुःखस्कन्ध का नाश हो जाता है॥ •

[प्रथम महावृक्षसूत्र की तरह ही इस सूत्र का भी पाठ-विस्तार समझें।]

५७. तरुणवृक्षसूत्र : : तृष्णा तरुणवृक्ष तुल्य है

५९. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''सांसारिक बन्धन में डालने वाले धर्मों में आसक्ति रखने वाले साधक की तृष्णा बढती रहती है। इस बढी हुई तृष्णा के कारण उपादान....यों समस्त दुःखस्कन्ध की उत्पत्ति होती रहती है।

''भिक्षुओ! जैसे कोई नया वृक्ष हो। वहाँ कोई पुरुष समय समय पर उसकी जड़ को स्वच्छ करता रहे, समय समय उसके आसपास की मट्टी बदलता रहे, यथासमय उसको जल देता रहे। भिक्षुओ! यों वह नया वृक्ष उक्त सब साधनों के सहारे से वृद्धि, विशालता तथा पुष्टि को प्राप्त होता रहता है। इसी तरह, भिक्षुओ! बन्धनों में फँसाने वाले

खो, भिक्खवे, संयोजनियेसु धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो तण्हा पवड्ढति। तण्हापच्चया उपादानं...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स समुदयो होति।

''संयोजनियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होति।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, तरुणो रुक्खो। अथ पुरिसो आगच्छेय्य कुद्दालपिटकं [R.90] आदाय...पे०...नदिया वा सीघसोताय पवाहेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, तरुणो रुक्खो उच्छिन्नमूलो अस्स तालावत्थुकतो अनभावङ्कतो आयतिं अनुप्पादधम्मो। एवमेव खो, भिक्खवे, संयोजनियेसु धम्मेसु आदीनवानुपस्सिनो विहरतो तण्हा निरुज्झति। तण्हानिरोधा उपादाननिरोधो...पे०...एवमेतस्स केवलस्स दुक्खक्खन्धस्स निरोधो होती'' ति॥ ●

५८. नामरूपसुत्तं

६०. ...सावत्थियं विहरति। ''संयोजनियेसु, भिक्खवे, धम्मेसु अस्सादानुपस्सिनो विहरतो नामरूपस्स अवक्कन्ति होति। नामरूपपच्चया सळायतनं...पे०... एवमेतस्स केवलस्स दुक्खन्धस्स समुदयो होति।

धर्मों में लिप्त साधक की तृष्णा भी नित्य नये रूप में बढती रहती है। इस तृष्णा के बढने से उपादान....यों इस समस्त दु:खस्कन्ध की उत्पत्ति होती है।

''परन्तु, भिक्षुओ! संयोजनीय धर्मों में दोषद्रष्टा साधक की तृष्णा क्रमश: घटती रहती है। तृष्णा के घटने से उपादान का....पूर्ववत्....दु:खस्कन्ध का निरोध होता है।

"अहं खो, आवुसो, आसवानं खया अनासवं चेतोविमुत्तिं पञ्ञाविमुत्तिं दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरामि; सत्तरतनं वा, आवुसो, नागं अड्ढट्ठमरतनं वा तालपत्तिकाय छादेतब्बं मञ्ञेय्य, योमे छ अभिञ्ञा छादेतब्बं मञ्ञेय्या" ति।

चवित्थ च पन थुल्लनन्दा भिक्खुनी ब्रह्मचरियम्हा ति॥ •

"यों, आयुष्मन्! मैने भगवान् को अपनी वह सङ्घाटि भेंट कर दी तथा उन के सण के बने चीवर मैने धारण कर लिये।

"अतः, आयुष्मन्! इस विषय में कोई ठीक से कहना चाहे कि धर्म से उत्पन्न, धर्म से निर्मित, धर्मदायाद भगवान् का पुत्र कौन है? तो वह मुझे ही इङ्गित कर कह सकता है—'भगवान् का पुत्र धर्म से उत्पन्न, धर्म से निर्मित, धर्म का उत्तराधिकारी काश्यप ही है जो भगवान् द्वारा दिये रुखे सूखे शण के चीवर धारण करता है।'

"आयुष्मन्! जब मैं चाहता हूँ कामभोगों को त्याग कर अकुशल धर्मों का त्याग कर, वितर्क विचार सहित विवेकजन्य प्रीति सुखमय प्रथम ध्यान की साधना करता हूँ। ....पूर्ववत्....।

[पीछे सूत्र में नव ध्यानभावनाओं एवं पाँच अभिज्ञाओं का विस्तार यहाँ भी कर लें।]

"आयुष्मन्! मैं आश्रवों के क्षय से अनाश्रव चेतोविमुक्ति एवं प्रज्ञाविमुक्ति को इसी जन्म में स्वयं जान कर, साक्षात् कर साधना करता हूँ। (अतः) साढे सात या आठ हाथ ऊँचे हाथी को ताड़पत्र से छिपाना सम्भव है; परन्तु मेरी साधना को किसी भी उपाय से नहीं छिपाया जा सकता।"

थुल्लतिस्सा भिक्षुणी धर्मसाधना से च्युत हो गयी॥ •

१२. परम्मरणसुत्तं

१२. एकं समयं आयस्मा च महाकस्सपो आयस्मा च सारिपुत्तो बाराणसियं विहरन्ति इसिपतने मिगदाये। अथ खो आयस्मा सारिपुत्तो सायन्हसमयं [N.186] पटिसल्लाना वुट्ठितो येनायस्मा महाकस्सपो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मता महाकस्सपेन सद्धिं सम्मोदि। सम्मोदनीयं कथं सारणीयं वीतिसारेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा सारिपुत्तो आयस्मन्तं महाकस्सपं एतदवोच—"किं नु खो, आवुसो कस्सप, होति तथागतो परं मरणा" ति?

"अब्याकतं खो एतं, आवुसो, भगवता—'होति तथागतो परं मरणा'" ति।

"किं पनावुसो, न होति तथागतो परं मरणा" ति?

"एवं पि खो, आवुसो, अब्याकतं भगवता—'न होति तथागतो परं मरणा'" ति।

"किं नु खो, आवुसो, होति च न च होति तथागतो परं मरणा" ति? [R.223]

"अब्याकतं खो एतं, आवुसो, भगवता—'होति च न च होति तथागतो परं मरणा'" ति।

"किं पनावुसो, नेव होति, न न होति तथागतो परं मरणा" ति?

"एवं पि खो, आवुसो, अब्याकतं भगवता—'नेव होति न न होति तथागतो परं मरणा'" ति।

---

१२. परम्मरणसूत्र : :अव्याकृत के विषय में; चार आर्य सत्य

१२. एक समय आयुष्मान् महाकाश्यप एवं आयुष्मान् सारिपुत्र—दोनों ही वाराणसी के ऋषिपतन मृगदाव में साधनाहेतु ठहरे हुए थे। तब आयुष्मान् सारिपुत्र सायङ्काल ध्यानभावना से उठ कर आयुष्मान् महाकाश्यप के पास जाकर....एक ओर बैंठ कर यों पूछने लगे—

"क्या तथागत मरणानन्तर भी होते है?"

"आयुष्मन्! भगवान् ने तो इस प्रश्न को अव्याकरणीय कहा है।

"तो क्या तथागत मरणानन्तर नहीं होते?"

"आयुष्मन्! भगवान् यह प्रश्न भी अव्याकरणीय ही कहा है।"

"ऐसा तो नहीं होता कि तथागत मरणानन्तर होते भी हों या न भी होते हों?"

"आयुष्मन्! यह प्रश्न भी भगवान् द्वारा अव्याकरणीय ही कहा गया है।"

"क्या ऐसा तो नहीं है कि तथागत मरणानन्तर होते ही न हों?"

"आयुष्मन्! भगवान् ने यह प्रश्न भी अव्याकरणीय ही कहा गया है।"

"कस्मा चेतं, आवुसो, अब्याकतं भगवता" ति?

"न हेतं, आवुसो, अत्थसंहितं नादिब्रह्मचरियकं न निब्बिदाय न विरागाय न [B.422] निरोधाय न उपसमाय न अभिञ्ञाय न सम्बोधाय न निब्बानाय संवत्तति। तस्मा तं अब्याकतं भगवता" ति।

"अथ किञ्चरहावुसो, ब्याकतं भगवता" ति?

"इदं 'दुक्खं' ति खो, आवुसो, ब्याकतं भगवता; अयं 'दुक्खसमुदयो' ति ब्याकतं भगवता; अयं 'दुक्खनिरोधो' ति ब्याकतं भगवता; अयं 'दुक्खनिरोधगामिनी पटिपदा' ति ब्याकतं भगवता" ति।

"कस्मा चेतं, आवुसो, ब्याकतं भगवता" ति?

"एतं हि, आवुसो, अत्थसंहितं एतं आदिब्रह्मचरियकं एतं निब्बिदाय विरागाय निरोधाय उपसमाय अभिञ्ञाय सम्बोधाय निब्बानाय संवत्तति। तस्मा तं ब्याकतं भगवता" ति। ●

१३. सद्धम्मप्पतिरूपकसुत्तं

[N.187] १३. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो आयस्मा महाकस्सपो येन भगवा तेनुपसङ्कमि;

"तो आयुष्मन्! भगवान् ने यह प्रश्न अव्याकरणीय क्यों कहा है?"

"क्यों कि ऐसे प्रश्न निष्प्रयोजन, निरर्थक एवं धर्मसाधना में अनुपयोगी ही सिद्ध होते हैं। न इन प्रश्नों के समाधान से संसार के प्रति निर्वेद, वैराग्य, इन्द्रियनिरोध, चित्तशान्ति, ज्ञान, बोधि या निर्वाण की प्राप्ति में किसी प्रकार की सहायता ही मिल पाती है। अत: भगवान् ने ये प्रश्न अव्याकरणीय ही कहे।"

"तो, आयुष्मन्! भगवान् ने व्याकरणीय क्या कहा है?"

"आयुष्मन्! भगवान् ने 'यह दु:ख है'—यह व्याकरणीय कहा; 'यह दु:खसमुदय है'—यह व्याकरणीय कहा; 'यह दु:खनिरोध है'....'यह दु:खनिरोधगामिनी प्रतिपदा है'—यह व्याकरणीय कहा।

"आयुष्मन्! इन बातों को व्याकरणीय क्यों कहा?"

"क्यों कि, आयुष्मन्! यह प्रश्न सप्रयोजन, सार्थक, धर्मसाधना में उपयोगी सिद्ध होता है। इन प्रश्नों के समाधान से संसार के प्रति निर्वेद.... पूर्ववत्। अत: भगवान् ने इसका व्याकरण (व्याख्यान=समाधान) किया"॥ ●

१३. सद्धर्मप्रतिरूपकसूत्र : : कृत्रिम धर्म से सद्धर्म का लोप

१३. एक समय भगवान् श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक श्रेष्ठी द्वारा निर्मापित जेतवनाराम

उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा महाकस्सपो भगवन्तं एतदवोच—"को नु खो, भन्ते, हेतु को पच्चयो, येन [R.224] पुब्बे अप्पतरानि चेव सिक्खापदानि अहेसुं बहुतरा च भिक्खू अञ्ञाय सण्ठहिंसु? को पन, भन्ते, हेतु को पच्चयो, येनेतरहि बहुतरानि चेव सिक्खापदानि अप्पतरा च भिक्खू अञ्ञाय सण्ठहन्ती" ति?

"एवं चेतं, कस्सप, होति सत्तेसु हायमानेसु सद्धम्मे अन्तरधायमाने, बहुतरानि चेव सिक्खापदानि होन्ति अप्पतरा च भिक्खू अञ्ञाय सण्ठहन्ति। न ताव, कस्सप, सद्धम्मस्स अन्तरधानं होति याव न सद्धम्मप्पतिरूपकं लोके उप्पज्जति। यतो च खो, कस्सप, सद्धम्मप्पतिरूपं लोके उप्पज्जति, अथ सद्धम्मस्स अन्तरधानं होति।

"सेय्यथापि, कस्सप, न ताव जातरूपस्स अन्तरधानं होति याव न जात-रूपप्पतिरूपकं लोके उप्पज्जति। यतो च खो, कस्सप, जातरूपप्पतिरूपकं लोके उप्पज्जति, अथ खो जातरूपस्स अन्तरधानं होति। एवमेव खो, कस्सप, न [B.423] ताव सद्धम्मस्स अन्तरधानं होति याव न सद्धम्मप्पतिरूपकं लोके उप्पज्जति। यतो च खो, कस्सप, सद्धम्मप्पतिरूपकं लोके उप्पज्जति, अथ सद्धम्मस्स अन्तरधानं होति।

में साधनाहेतुं विराजमान थे। तब आयुष्मान् महाकाश्यप....यों पूछने लगे—"भन्ते! क्या हेतु या क्या प्रत्यय है कि पुराकाल में अल्प शिक्षापद (अनुशासनसूत्र) होते थे तथा उन्हीं के सहारे अधिक से अधिक भिक्षु धर्मसाधना में लगे रहते थे? तथा, इसके विपरीत, आज अधिक शिक्षापद होने पर भी कम ही भिक्षु उन शिक्षापदों का आलम्बन ले पाते है? उसका परिणाम यह है कि बहुत कम भिक्षु अर्हत्पद (ज्ञानप्राप्ति) तक पहुँच पाते हैं?"

"काश्यप! यहाँ ऐसा होता है कि प्राणियों के हीनवृत्ति होने पर शास्ता को अधिक शिक्षापद प्रज्ञापित करने पड़ते हैं तथा अल्प भिक्षु ही अर्हत्पद में प्रतिष्ठित हो पाते हैं। काश्यप! सद्धर्म का लोप (अन्तर्धान) तब तक नहीं होता, जब तक उसकी प्रतिद्वन्द्विता में कोई कृत्रिम धर्म (सद्धर्मप्रतिरूपक) शिर नहीं उठाता। हाँ! जब कोई कृत्रिम धर्म उत्पन्न होने लगता है तो सद्धर्म का भी लोप आरम्भ हो जाता है।

"जैसे, काश्यप! सच्चा सोना बाजार में तब तक अपना वास्तविक महत्त्व (साख) बनाये रखता है जब तक कि उसके सामने कृत्रिम (नकली) सोना उस को टक्कर देने की स्थिति में नहीं आता। जब वह नकली सोना ज्यों ज्यों बाजार में अपना महत्त्व (स्थिति) बनाता चलता है त्यों त्यों वास्तविक सोना बाजार में अपना महत्त्व खोता चलता है। इसी तरह काश्यप! सद्धर्म का लोप तब तक असम्भव है जब तक कि उस का कोई प्रतिद्वन्द्वी

"न खो, कस्सप, पठवीधातु सद्धम्मं अन्तरधापेति, न आपोधातु सद्धम्मं अन्तरधापेति, न तेजोधातु सद्धम्मं अन्तरधापेति, न वायोधातु सद्धम्मं अन्तरधापेति; अथ खो इधेव ते उप्पज्जन्ति मोघपुरिसा ये इमं सद्धम्मं अन्तरधापेन्ति। सेय्यथापि, कस्सप, नावा आदिकेनेव ओपिलवति : न खो, कस्सप, एवं सद्धम्मस्स अन्तरधानं होति।

"पञ्च खोमे, कस्सप, ओक्कमनिया धम्मा सद्धम्मस्स सम्मोसाय अन्तरधानाय संवत्तन्ति। कतमे पञ्च? इध, कस्सप, भिक्खू भिक्खुनियो उपासका उपासिकायो सत्थरि अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, धम्मे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, सङ्घे अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, सिक्खाय अगारवा विहरन्ति अप्पतिस्सा, समाधिस्मिं [N.188, R.225] अगारवा बिहरन्ति अप्पतिस्सा—इमे खो, कस्सप, पञ्च ओक्कमनिया धम्मा सद्धम्मस्स सम्मोसाय अन्तरधानाय संवत्तन्ति।

"पञ्च खोमे, कस्सप, धम्मा सद्धम्मस्स ठितिया असम्मोसाय अन्तरधानाय संवत्तन्ति। कतमे पञ्च? इध, कस्सप, भिक्खू भिक्खुनियो उपासका उपासिकायो सत्थरि सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, धम्मे सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, सङ्घे सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, सिक्खाय सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्सा, समाधिस्मिं

कृत्रिम धर्म उपस्थित न कर दिया जाय। ज्यों ही उस कृत्रिम धर्म की वृद्धि आरम्भ होगी सद्धर्म का क्षय भी आरम्भ हो जायगा।

"काश्यप! पृथ्वीधातु या अब्धातु, तेजोधातु एवं वायोधातु सद्धर्म को लुप्त नहीं करतीं; अपि तु यहीं कुछ ऐसे मूर्ख लोग उत्पन्न हो जाते हैं, जिन के कारण यह सद्धर्म लुप्त होने लगता है। काश्यप! कोई नाव अधिक भार से ही जल में डूबती है, इस तरह सद्धर्म नहीं डूब पाता।

"काश्यप! ये पाँच अवक्रमणीय (प्रवेश करने योग्य) धर्म सद्धर्म को लुप्त होने के लिये बाध्य करते हैं। कौन से पाँच? काश्यप! जब सङ्घ के भिक्षु भिक्षुणियाँ उपासक एवं उपासिकाएँ— १. शास्ता का गौरव नहीं मानतीं, २. धर्म के प्रति....३. सङ्घ के प्रति....४. शिक्षा (धर्मशास्त्र) के प्रति....तथा ५. समाधि (धर्मसाधना) के प्रति गौरव नहीं करतीं, उन के सम्मान का ध्यान नहीं करतीं।

"इसके विपरीत, काश्यप! ये पाँच धर्म सद्धर्म की स्थिति, में लोप न होने में सहायक होते हैं। कौन से पाँच? १. भिक्षु भिक्षुणी उपासक उपासिकाएँ शास्ता के प्रति गौरव करती हैं, २. धर्म के प्रति...., ३. सङ्घ के प्रति....४. शिक्षा के प्रति....५. साधना के

सगारवा विहरन्ति सप्पतिस्साइमे खो, कस्सप, पञ्च धम्मा सद्धम्मस्स ठितिया असम्मोसाय अनन्तरधानाय संवत्तन्ती'' ति॥ ●

कस्सपसंयुत्तं समत्तं॥

तस्सुद्दानं

सन्तुट्ठं च अनोत्तप्पी, चन्दूपमं कुलूपकं।
जिण्णं तयो च ओवादा, झानाभिञ्ञा उपस्सयं।
चीवरं परम्मरणं, सद्धम्मप्पतिरूपकं ति॥

प्रति गौरव करती है, उनका सम्मान करती हैं तो ये पाँच कारण सद्धर्म की स्थायिता में, लोप न होने में तथा उस का नाश न होने में महत्त्वशाली होते हैं॥'' ●

काश्यपसंयुक्त समाप्त॥

इस काश्यपसंयुक्त में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. सन्तुष्ट, २. अनवत्रपी, ३. चन्द्रोपम, ४. कुलोपग, ५. जीर्ण, ६.७.८. तीन अववादसूत्र, ९. ध्यानाभिज्ञा, १०. उपाश्रय, ११. चीवर, १२. परम्मरण एवं १३. सद्धर्मप्रतिरूपक सूत्र॥

१७. लाभसक्कारसंयुत्तं

पठमो वग्गो

१. दारुणसुत्तं

[N.189, B.424] १. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

"दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको कटुको फरुसो अन्तरायिको अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'उप्पन्नं लाभसक्कारसिलोकं पजहिस्साम, न च नो उप्पन्नो लाभसक्कारसिलोको चित्तं परियादाय ठस्सती' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥ •

२. बळिससुत्तं

२. ...सावत्थियं विहरति। "दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको कटुको फरुसो अन्तरायिको अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। सेय्यथापि, भिक्खवे, बाळिसिको आमिसगतं बळिसं गम्भीरे उदकरहदे पक्खिपेय्य। तमेनं अञ्ञतरो

---

१७. लाभसत्कारसंयुक्त

१. प्रथम वर्ग

१. दारुणसूत्र : : **लाभ सत्कार दारुण है**

१. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **श्रावस्ती के** अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित जेतवनाराम विहार में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को....पूर्ववत्....यह उपदेश किया—

"भिक्षुओ! अद्वितीय एवं लोकोत्तर निर्वाण की प्राप्ति में जनता से मिलने वाला लाभ सत्कार भिक्षु के लिये दारुण (कठिन), कटुफलदायी, तीक्ष्ण, एवं साधना में विघ्नकारक है। अत:, भिक्षुओ! तुम्हें यह शिक्षा लेनी चाहिये—"उत्पन्न (प्राप्त) लाभ सत्कार को छोडेंगे, प्राप्त लाभ सत्कार को अपने मन में कोई महत्त्व न देंगे।" ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥ •

२. वडिशसूत्र : **:दारुण लाभ सत्कार में वंशी की उपमा**

२. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! यह लाभसत्कार से प्राप्त प्रशंसा दु:खदायी, कटु, व्यवहार में कर्कश एवं साधना में विघ्नकारक एवं अनुत्तर योगक्षेम की अधिगति में बाधक है। अत: भिक्षुओ! तुम्हें यह समझ लेना चाहिये—"इस लाभ सत्कार

आमिसचक्खु मच्छो गिलेय्य। एवं हि सो, भिक्खवे, मच्छो गिलबळिसो बाळिसिकस्स अनयं आपन्नो ब्यसनं आपन्नो यथाकामकरणीयो बाळिसिकस्स।

"बाळिसिको ति खो, भिक्खवे, मारस्सेतं पापिमतो अधिवचनं। बळिसं ति खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोकस्सेतं अधिवचनं। यो हि कोचि, भिक्खवे, भिक्खु उप्पन्नं लाभसक्कारसिलोकं अस्सादेति निकामेति, अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु गिलबळिसो मारस्स अनयं आपन्नो ब्यसनं आपन्नो यथाकामकरणीयो पापिमतो। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको कटुको फरुसो अन्तरायिको [B.425] अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं— 'उप्पन्नं लाभसक्कारसिलोकं पजहिस्साम, न च नो उप्पन्नो लाभसक्कार- [N.190] सिलोको चित्तं परियादाय ठस्सती' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति। ●

३. कुम्मसुत्तं

३. सावत्थियं विहरति। "दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको [R.227] ...पे०...अधिगमाय। भूतपुब्बं, भिक्खवे, अञ्ञतरस्मिं उदकरहदे महाकुम्मकुलं

से उत्पन्न प्रशंसा को त्याग देंगे, उत्पन्न लाभ सत्कार की बात को मन में घर नहीं करने देंगे"। जैसे कोई मत्स्यघाती वंसी (वडिश=काँटे) में मांसखण्ड लगा कर उस काँटे को गहरे जल में फैंक दे। वहाँ कोई मछली उस मांसखण्ड के लोभ में उस काँटे को निगलने का प्रयास करे; इस तरह, भिक्षुओ! वह मछली मांस के लोभ में काँटे को निगल कर सङ्कट (अनय) में पड़ जाती है, व्यसन में पड़ जाती है, और अन्त में वह मत्स्यघाती की पकड़ में आ जाती है।

"यहाँ (इस प्रकरण में) भिक्षुओ! मत्स्यघाती (वाडिशिक) मार को समझना चाहिये। सामाजिक लाभसत्कार को वडिश (वंसी) समझना चाहिये। भिक्षु द्वारा उस उत्पन्न लाभसत्कार का उपभोग करना ही मछली द्वारा काँटा निगलना समझना चाहिये। यह मांसखण्ड खाना ही मार द्वारा सङ्कट उत्पन्न करना है। इस के सहारे, वह मार उस का यथेच्छ उपयोग करता है। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार की प्रशंसा किसी भी भिक्षु को सङ्कट एवं दु:ख में फँसाने वाली, परिणाम में कटु, कर्कश, साधना में विघ्नकारक तथा अनुत्तर योगक्षेम की प्राप्ति में बाधक है। अत: भिक्षुओ! इस से तुम को यह शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये—"हम प्राप्त लाभसत्कार को त्याग देंगे तथा लाभसत्कार की प्राप्ति के विषय में अपने मन में कभी चिन्तन नहीं करेंगे।" भिक्षुओ! ऐसा ही तुम्हें सीखना चाहिये॥

●

३. कूर्मसूत्र : : लाभसत्कार-दारुणता में कूर्म की उपमा

३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! यह लाभ....पूर्ववत्....अधिगति

चिरनिवासि अहोसि। अथ खो, भिक्खवे, अञ्ञतरो कुम्मो अञ्ञतरं कुम्मं एतदवोच—'मा खो त्वं, तात कुम्म, एतं पदेसं अगमासी' ति। अगमासि खो, भिक्खवे, सो कुम्मो तं पदेसं। तमेनं लुद्दो पपताय विज्झि। अथ खो, भिक्खवे, सो कुम्मो येन सो कुम्मो तेनुपसङ्कमि। अद्दसा खो, भिक्खवे, सो कुम्मो तं कुम्मं दूरतो व आगच्छन्तं। दिस्वान तं कुम्म एतदवोच—

"कच्चि त्वं, तात कुम्म, न तं पदेसं अगमासी' ति?

'अगमासिं ख्वाहं, तात कुम्म, तं पदेसं' ति।

'कच्चि पनासि, तात कुम्म, अक्खतो अनुपहतो' ति?

'अक्खतो खोम्हि, तात कुम्म, अनुपहतो, अत्थि च मे इदं सुत्तकं पिट्ठितो पिट्ठितो अनुबन्धं' ति।

'तग्घसि, तात कुम्म, खतो, तग्घ उपहतो। एतेन हि ते, तात कुम्म, सुत्तकेन पितरो च पितामहा च अनयं आपन्ना ब्यसनं आपन्ना। गच्छ दानि त्वं, तात कुम्म, न दानि त्वं अम्हाकं' ति।

"लुद्दो ति खो, भिक्खवे, मारस्सेतं पापिमतो अधिवचनं। पपता ति खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोकस्सेतं अधिवचनं। सुत्तकं ति खो, भिक्खवे, नन्दि-रागस्सेतं अधिवचनं। यो हि कोचि, भिक्खवे, भिक्खु उप्पन्नं लाभसक्कारसिलोकं

में बाधक है। भिक्षुओ! किसी समय एक कछुअे ने किसी दूसरे कछुअे से कहा—'अमुक सरोवर में न जाना।' परन्तु वह दूसरा कछुआ न माना और वहाँ चला ही गया। वहाँ किसी व्याध ने उस के पाँव के पंजे में एक धागा बाँध दिया। तब, भिक्षुओ! वह कछुआ पुनः अपने पुराने स्थान पर पहले कछुअे के पास आया। उसे देखकर पहले कछुए ने पूछा—

"अरे भाई कछुए! तुम उस प्रदेश (सरोवर) में गये तो नहीं थे?"

"हाँ, भाई! मैं वहाँ गया था।"

"तुम को वहाँ किसी ने क्षत-विक्षित तो नहीं कर दिया?"

"क्षत-विक्षत तो नहीं किया, परन्तु तभी से यह धागा मेरे पीछे पीछे लगा आ रहा है।"

"तब तो तुम यथार्थ में क्षत विक्षत हो चुके हो। इसी धागे (सूत्र) के बन्धन से तुम्हारे पिता, पितामह भी सङ्कट में पड़े थे, मरणान्तक दुःख को प्राप्त हुए थे। अब, भाई! तुम वहीं जाओ, अब तुम हमारे नहीं रहे!"

"भिक्षुओ! यहाँ व्याध मार को समझना चाहिये। यह धागा लाभसत्कार के स्थान पर है। सूत (धागा) के स्थान पर नन्दी राग को समझो। भिक्षुओ! जो कोई भी लोभी

अस्सादेति निकामेति—अयं वुच्चति, भिक्खवे, भिक्खु गिद्धो पपताय अनयं आपन्नो ब्यसनं आपन्नो यथाकामकरणीयो पापिमतो। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, [R.228] लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

४. दीघलोमिकसुत्तं

४. सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कार- [N.191, B.426] सिलोको...पे०...अधिगमाय। सेय्यथापि, भिक्खवे, दीघलोमिका एळका कण्टक-गहनं पविसेय्य। सा तत्र तत्र सज्जेय्य, तत्र तत्र गय्हेय्य, तत्र तत्र बज्झेय्य, तत्र तत्र अनयब्यसनं आपज्जेय्य। एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो भिक्खु लाभसक्कार-सिलोकेन अभिभूतो परियादिण्णचित्तो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय गामं वा निगमं वा पिण्डाय पविसति। सो तत्र तत्र सज्जति, तत्र तत्र गय्हति, तत्र तत्र बज्झति, तत्र तत्र अनयब्यसनं आपज्जति। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कार-सिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति। ●

५. मीळ्हकसुत्तं

५. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...

भिक्षु उत्पन्न लाभसत्कार के चक्र में फँस जाता है, उसका रसास्वाद लेना चाहता है वह सूत से बन्धे कछुए की तरह सङ्कट में पड़ जाता है। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार की चाह....पूर्ववत्....सीखना चाहिये॥ ●

४. दीर्घलोमिकसूत्र : : लम्बे बाल वाली भेड़ की उपमा

४. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! यह लाभसत्कार की चाह....पूर्ववत्....अनुत्तर योगक्षेम की प्राप्ति में बाधक है। जैसे, भिक्षुओ! लम्बे बालों वाली भेड़ किन्हीं कण्टकाकीर्ण झाड़ियों में चली जाय, तो वहाँ वह जहाँ जहाँ काँटों को अपने शरीर के किसी अङ्ग से स्पर्श करेगी, वहाँ वहाँ फँसती चली जायगी, सङ्कट में पड़ती जायगी। इसी तरह, भिक्षुओ! यहाँ जो भी कोई भिक्षु लाभसत्कार में आसक्त हो कर उसी की प्राप्ति में मन लगाता हुआ प्रात:काल वस्त्र व्यवस्थित कर, पात्र चीवर ले कर ग्राम या कस्बे में भिक्षाहेतु प्रविष्ट हो। वहाँ उस की जिस जिस वस्तु में आसक्ति हो उसे लेता चले, उस से बन्धता चले तथा उस के कारण नये नये सङ्कटों तथा दु:खों से घिर जाय। ऐसी कष्ट कर तथा बन्धनों में डालने वाली है यह लाभसत्कार की चाह। ....पूर्ववत्....ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥'' ●

५. मीढघटसूत्र : : लाभसत्कार से प्रसन्न होना अहितकर

५. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! यह लाभसत्कार की लगन

अधिगमाय। सेय्यथापि, भिक्खवे, मीळ्हका गूथादी गूथपूरा पुण्णा गूथस्स। पुरतो चस्स महागूथपुञ्जो। सा तेन अञ्ञा मीळ्हका अतिमञ्ञेय्य—'अहम्हि गूथादी गूथपूरा पुण्णा गूथस्स, पुरतो च म्यायं महागूथपुञ्जो' ति। एवमेव खो, भिक्खवे, [R.229] इधेकच्चो भिक्खु लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतो परियादिण्णचित्तो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय गामं वा निगमं वा पिण्डाय पविसति। सो तत्थ भुत्तावी च होति यावदत्थो, निमन्तितो च स्वातनाय, पिण्डपातो चस्स पूरो। सो आरामं गन्त्वा भिक्खुगणस्स मज्झे विकत्थति—'भुत्तावी चम्हि यावदत्थो, निमन्तितो चम्हि स्वातनाय, पिण्डपातो च म्यायं पूरो, लाभी चम्हि चीवरपिण्डपातसेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारानं, इमे पनञ्ञे भिक्खू अप्पपुञ्ञा अप्पेसक्खा न लाभिनो चीवरपिण्डपातसेनासनगिलानप्पच्चयभेसज्जपरिक्खारानं' ति। सो तेन लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतो परियादिण्णचित्तो अञ्ञे पेसले भिक्खू अतिमञ्ञति। तं हि तस्स, भिक्खवे, मोघपुरिसस्स होति दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय। एवं दारुणो खो, [N.192] भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति। •

६. असनिसुत्तं

६. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...

....पूर्ववत्....अनुत्तर योगक्षेम की प्राप्ति में बाधक है। जैसे, भिक्षुओ! विष्ठा (मल) खाने वाला विष्ठा का कीड़ा विष्ठा से भरा हुआ तथा विष्ठा से लिपटा हुआ हो। उस के चारों ओर भी विष्ठासमूह एकत्र हो। तब वह कीड़ा दूसरे विष्ठा खाने वाले से अभिमान करे—'मैं इतना अधिक विष्ठा पाने वाला....विष्ठा से लिपटा हुआ हूँ।' इसी तरह, भिक्षुओ! यहाँ कोई भिक्षु लाभसत्कार की लगन में लगा हुआ प्रातःकाल वस्त्र ठीक से पहन कर पात्र चीवर ले कर ग्राम या निगम में जाय। वहाँ वह यथेच्छ भोजन प्राप्त कर दूसरे दिन के लिये भी निमन्त्रण प्राप्त कर ले भिक्षा भी उसे मनचाही मिले। तब वह विहार में आ कर दूसरे भिक्षुओं से गर्वपूर्वक यह प्रसङ्ग सुनावे।..."मुझे भिक्षा भी पूरी मिली, मुझे चीवर, पिण्डपात, शयनासन एवं ग्लानप्रत्यभैषज्यपरिष्कार चारों ही प्रत्यय अतिमात्रा में मिले। इन अन्य भिक्षुओं को मेरी अपेक्षा कुछ भी नहीं मिला समझो'। वह इस लाभसत्कार से अन्य सज्जन स्थविर भिक्षुओं की अवमानना करने लगे। यह अकर्म उस भिक्षु के लिये दीर्घकाल तक अहितकर एवं दुःखप्रद होगा। क्यों कि यह लाभसत्कार की लगन ऐसी ही दारुण....पूर्ववत्....ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये''॥ •

६. अशनिसूत्र : : लाभसत्कार की बिजली से उपमा

६. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! लाभसत्कार....पूर्ववत्....अनुत्तर

अधिगमाय। कं, भिक्खवे, असनिविचक्कं आगच्छतु, सेखं अप्पत्तमानसं [B.427] लाभसक्कारसिलोको अनुपापुणातु।

"असनिविचक्कं ति खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोकस्सेतं अधिवचनं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥

●

७. दिद्धसुत्तं

७. ...सावत्थियं विहरति। "दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको [R.230] ...पे०... अधिगमाय। कं, भिक्खवे, दिद्धगतेन विसल्लेन सल्लेन विज्झतु, सेखं अप्पत्तमानसं लाभसक्कारसिलोको अनुपापुणातु।

"सल्लं ति खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोकस्सेतं अधिवचनं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥

८. सिङ्गालसुत्तं

८. ...सावत्थियं विहरति। "दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको [B.428] ...पे०...अधिगमाय। अस्सुत्थ नो तुम्हे, भिक्खवे, रत्तिया पच्चूससमयं जरसिङ्गालस्स वस्समानस्सा" ति?

"एवं, भन्ते"।

योगक्षेम की प्राप्ति में बाधक है। किसी पर बिजली गिरे या किसी भिक्षु को लाभसत्कार की उपलब्धि हो—दोनों समान रूप से दुःखदायी हैं।

"भिक्षुओ! इस अशनि (बिजली) पात के स्थान पर लाभसत्कार को समझो। यों, भिक्षुओ! तुम्हें....पूर्ववत्....यह सीखना चाहिये"॥

●

७. दिग्धसूत्र : : विषयुक्त वाण की उपमा

७. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! लाभसत्कार....पूर्ववत्....अनुत्तर योगक्षेम की प्राप्ति में बाधक है। किसी को विषसम्पृक्त बाण से बींध दिया जाय या किसी भिक्षु को लाभसत्कार मिलने लगे—दोनों ही बातें समान रूप से दुःखदायी हैं।

"भिक्षुओ! इस लाभसत्कार को विषदिग्ध बाण के समान समझो। यों, भिक्षुओ! तुम्हें....पूर्ववत्....सीखना चाहिये॥"

●

८. शृगालसूत्र : : लाभसत्कार की शृगाल से उपमा

८. श्रावस्ती में साधना के समय....। भिक्षुओ! लाभसत्कार....पूर्ववत्....अनुत्तर योगक्षेम की प्राप्ति में बाधक है। भिक्षुओ! क्या तुमने रात्रि के अन्तिम प्रहर में किसी शृगाल (गीदड़) को बोलते सुना है?"

''एसो खो, भिक्खवे, जरसिङ्गालो उक्कण्डकेन नाम रोगजातेन फुट्ठो नेव बिलगतो रमति, न रुक्खमूलगतो रमति, न अज्झोकासगतो रमति; येन येन गच्छति, [N.193] यत्थ यत्थ तिट्ठति, यत्थ यत्थ निसीदति, यत्थ यत्थ निपज्जति; तत्थ तत्थ अनयब्यसनं आपज्जति। एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो भिक्खु लाभसक्कार-सिलोकेन अभिभूतो परियादिण्णचित्तो नेव सुञ्ञागारगतो रमति, न रुक्खमूलगतो रमति, न अज्झोकासगतो रमति; येन येन गच्छति, यत्थ यत्थ तिट्ठति, यत्थ यत्थ [R.231] निसीदति, यत्थ यत्थ निपज्जति; तत्थ तत्थ अनयब्यसनं आपज्जति। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खि-तब्बं'' ति। ●

९. वेरम्भसुत्तं

९. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०... अधिगमाय। उपरि, भिक्खवे, आकासे वेरम्भा नाम वाता वायन्ति। तत्थ यो पक्खी गच्छति तमेनं वेरम्भा वाता खिपन्ति। तस्स वेरम्भवातक्खित्तस्स अञ्ञेनेव पादा गच्छन्ति, अञ्ञेन पक्खा गच्छन्ति, अञ्ञेन सीसं गच्छति, अञ्ञेन कायो गच्छति। एवमेव खो, भिक्खवे, इधेकच्चो भिक्खु लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतो परिया-

---

''हाँ, भन्ते!''

''भिक्षुओ! उस समय इस को उत्कण्ठा रोग हो जाता है। तब इसका न तो बिल (माँद) में मन लगता है, न किसी वृक्ष के नीचे, न खुले आकाश (मैदान) में ही मन लगता है। वह जहाँ जहाँ जाता है, जहाँ खड़ा होता है, जहाँ बैठता है, जहाँ लेटता है, वहाँ वहाँ उसे कष्ट होता है; इसी तरह, भिक्षुओ! कोई भिक्षु लाभसत्कार के वश हो कर उसी की प्राप्ति में मन लगा कर न एकान्त स्थान में सुख पाता है, न किसी वृक्ष के नीचे, न खुले मैदान में ही सुख पाता है। वह जहाँ जहाँ जाता है, जहाँ खड़ा होता है....पूर्ववत्....वहाँ वहाँ उसे कष्ट होता है। भिक्षुओ! ऐसा कष्टदायी है यह लाभसत्कार का रोग? ....पूर्ववत्....ऐसा सीखना चाहिये''॥ ●

९. वेरम्भवातसूत्र : : लाभसत्कार की वेरम्भवात से उपमा

९. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार की लगन बहुत दुःखदायी....पूर्ववत्....अनुत्तर योगक्षेम की प्राप्ति में बाधक है। भिक्षुओ! ऊपर आकाश में वेरम्भ नामक वायु (पर्वतों में उठने वाली वायु के तेज झोंके) जब चलती है तो उस समय आकाश में उडने वाले किसी भी पक्षी को गिरा देती है। उस समय उस वेरम्भ वायु के झोकों से गिरने वाले पक्षी के पंख किधर ही जाते हैं, पैर किधर ही जाते हैं, शिर किधर ही जाता है तथा शरीर किधर ही जाता है। इसी तरह, भिक्षुओ! यहाँ कोई सामाजिक

दिण्णचित्तो पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय गामं वा निगमं वा पिण्डाय पविसति अरक्खितेनेव कायेन, अरक्खिताय वाचाय, अरक्खितेन चित्तेन, अनु-पट्ठिताय सतिया, असंवुतेहि इन्द्रियेहि। सो तत्थ पस्सति मातुगामं दुन्निवत्थं वा दुप्पारुतं वा। तस्स मातुगामं दिस्वा दुन्निवत्थं वा दुप्पारुतं वा रागो चित्तं अनुद्धंसेति। सो रागानुद्धंसितेन चित्तेन सिक्खं पच्चक्खाय हीनायावत्तति। तस्स अञ्ञे चीवरं हरन्ति, अञ्ञे पत्तं हरन्ति, अञ्ञे निसीदनं हरन्ति, अञ्ञे सूचिघरं हरन्ति, वेरम्भ-वातक्खित्तस्सेव सकुणस्स। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको ...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥

१०. सगाथकसुत्तं

१०. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको [B.429] ...पे०...अधिगमाय। इधाहं, भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं पस्सामि सक्कारेन अभिभूतं परियादिण्णचित्तं, कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं [R.232, N.194] निरयं उपपन्नं। इध पनाहं, भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं पस्सामि असक्कारेन अभिभूतं परियादिण्णचित्तं, कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपन्नं। इध पनाहं, भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं पस्सामि सक्कारेन च असक्कारेन च तदुभयेन अभिभूतं

लाभसत्कार के वश में हो कर....पूर्ववत्....काय, वाक्, मन, स्मृति एवं इन्द्रियों में चञ्चलता रखता हुआ ग्राम में प्रविष्ट होता है। वह वहाँ स्त्रियों को निर्वस्त्र देखता है, उन्हें निर्वस्त्र देख कर उस के चित्त में उनके प्रति राग उत्पन्न होने लगता है। वह उस चित्त के कारण धर्मानुशासन त्याग कर गृहस्थ धर्म की ओर झुकता है। उस समय उस के चीवर को कोई उठा ले जाता है, तो पात्र को कोई, तथा आसन को कोई तो उस के सूचीघर (झोले) को कोई उठा ले जाता है उसी वेरम्भ वायु से घिरे आकाशीय पक्षी के अङ्गों की तरह। ऐसा कष्टदायक होता है, भिक्षुओ! यह लाभसत्कार का मोह।....पूर्ववत्....भिक्षुओ! ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥''

१०. सगाथकसूत्र : : लाभसत्कार की दारुणता

१०. श्रावस्ती में साधना के समय....। ''भिक्षुओ! यह लाभसत्कार प्राप्ति का मोह बहुत कष्टदायक होता है।....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! यहाँ मैं किसी पुद्गल को देखता हूँ जो इस देहपात के बाद दुर्गतिमय नरक में जा गिरता है। फिर वैसे ही दूसरे पुद्गल को देखता हूँ जो लौकिक लाभसत्कार से असत्कृत होता हुआ, चित्त को वश में कर ठीक से धर्मसाधना करने पर भी देहपात के बाद, दुर्गतिमय नरक में ही गिरते देखता हूँ। फिर मैं एक तीसरे पुद्गल को देखता हूँ जो उक्त सत्कार तथा असत्कार—दोनों के मध्य की स्थिति

परियादिण्णचित्तं, कायस्स भेदा परं मरणा अपायं दुग्गतिं विनिपातं निरयं उपपन्नं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति।

११. इदमवोच भगवा। इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच सत्था—

''यस्स सक्करियमानस्स, असक्कारेन चूभयं।
समाधि न विकम्पति, अप्पमाणविहारिनो॥
''तं झायिनं साततिकं, सुखुमं दिट्ठिविपस्सकं।
उपादानक्खयारामं, आहु सप्पुरिसो इती'' ति॥

पठमो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

दारुणो बळिसं कुम्मं, दीघलोमि च मीळ्हकं।
असनि दिद्धं सिङ्गालं, वेरम्भेन सगाथकं ति॥

में रहता हुआ चित्त को निगृहीत कर साधना करता हुआ भी मरणानन्तर दुर्गतिमय नरक में ही गिरता है। भिक्षुओ! इस कष्टदायी लाभ की ऐसी कटुफलमय महिमा है। ....पूर्ववत्....भिक्षुओ! तुम्हें ऐसी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये''॥

११. भगवान् ने यह शिक्षा दी। यह कह कर भगवान् फिर इस गाथा के माध्यम से यों बोले—''जो सत्कार या असत्कार—दोनों के ही मिलने या न मिलने पर भी अप्रमादपूर्वक साधना करता हुआ समाधि को च्युत नहीं होने देता, उस ध्यान में तत्पर, सूक्ष्मद्रष्टा सत्पुरुष को 'उपादान क्षीण हो कर साधना में रत रहने वाला' कहते हैं॥''

प्रथम वर्ग समाप्त॥

इस प्रथम वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. दारुण, २. बडिश, ३. कूर्म, ४. दीर्घलोमिक, ५. मीळ्हक, ६. अशनि, ७. दिग्ध, ८. शृगाल, ९. वेरम्भ, एवं १०. सगाथकसूत्र॥

२. दुतियो वग्गो

११. सुवण्णपातिसुत्तं

१२. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कार-[B.430, R.233] सिलोको...पे०...अधिगमाय। इधाहं, भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं एवं चेतसा चेतो परिच्च पजानामि—'न चायमायस्मा सुवण्णपातिया पि रूपियचुण्णपरिपूराय हेतु सम्पजानमुसा भासेय्या' ति। तमेनं पस्सामि अपरेन समयेन लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतं परियादिण्णचित्तं सम्पजानमुसा भासन्तं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभ-सक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

१२. रूपियपातिसुत्तं

१३. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको [N.195] ...पे०...इधाहं, भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं एवं चेतसा चेतो परिच्च पजानामि—'न चायमायस्मा रूपियपातिया पि सुवण्णचुण्णपरिपूराय हेतु सम्पजानमुसा भासेय्या' ति। तमेनं पस्सामि अपरेन समयेन लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतं परियादिण्णचित्तं सम्पजानमुसा भासन्तं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

१३-२०. सुवण्णनिक्खसुत्तादिअट्ठकं

१४-२१. सावत्थियं विहरति। ''इधाहं, भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं एवं

द्वितीय वर्ग

११. सुवर्णपातिसूत्र : : लाभ सत्कार की भयङ्करता

१२. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! यह लाभसत्कार में लगाव बहुत कष्टदायक होता है। ....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! यहाँ मैं एक ऐसे पुद्गल को जानता हूँ जो पहले चान्दी से भरी हुई सोने की थाली मिलने की आशा में भी जान बूझ कर झूठ नहीं बोलता था। आगे चल कर मैं उसी को देखता हूँ कि वह आज लाभसत्कार प्राप्ति की आशा में जान बूझ कर असत्य बोलता रहता है। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार प्राप्ति की आशा ऐसी ही दुःखदायी है। ....पूर्ववत्....ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥ ●

१२. रूप्यपातिसूत्र : : लाभ सत्कार की भयङ्करता

१३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। भिक्षुओ! लाभ सत्कार-प्राप्ति की आशा ऐसी ही दुःखदायी होती है। भिक्षुओ! मैं आवर्जन द्वारा एक ऐसे पुद्गल को जानता हूँ जो पहले कभी सुवर्ण से भरी चाँदी की थाली की प्राप्ति की आशा में भी कभी जान बूझकर असत्य नहीं बोलता था....पूर्ववत्....सीखना चाहिये॥ ●

[R.234] चेतसा चेतो परिच्च पजानामि—'न चायमायस्मा सुवण्णनिक्खस्सा पि हेतु ...पे०... सुवण्णनिक्खसतस्सा पि हेतु...सिङ्गीनिक्खस्सा पि हेतु...सिङ्गीनिक्खसतस्सा पि हेतु...पठविया पि जातरूपपरिपूराय हेतु...आमिसकिञ्चिक्खहेतु पि... जीवितहेतु पि...जनपदकल्याणिया पि हेतु सम्पजानमुसा भासेय्या' ति। तमेनं पस्सामि अपरेन समयेन लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतं परियादिण्णचित्तं सम्पजानमुसा भासन्तं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको ...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ •

दुतियो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

[B.431] द्वे पाति द्वे सुवण्णा च, सिङ्गीहि अपरे दुवे।
पठवी किञ्चिक्खजीवितं, जनपदकल्याणिया दसा ति॥ •

१३-२०. सुवर्णनिष्कसूत्रादि (अष्टक): : लाभ सत्कार की भयङ्करता

१४. ...सुवर्णनिष्क की प्राप्ति की आशा में भी जानबूझकर असत्य.... ॥ •
१५. ....एक सौ सुवर्णनिष्क प्राप्ति की आशा में भी जानबूझकर असत्य.... ॥ •
१६. ....शृङ्गीनिष्क प्राप्ति की आशा में भी जानबूझकर असत्य.... ॥ •
१७. ....सौ शृङ्गीनिष्कों की प्राप्ति की आशा में भी....पूर्ववत्.... ॥ •
१७. ....चाँदी से भरी समस्त पृथ्वी की प्राप्ति की आशा में भी....पूर्ववत्.... ॥ •
१८. ....किसी भी सांसारिक धन की प्राप्ति की आशा में भी....पूर्ववत्.... ॥ •
१९. ....प्राणसङ्कट होने पर भी....पूर्ववत्.... ॥ •
२०. ....सुन्दरतम नारी की प्राप्ति की आशा में भी....पूर्ववत्.... ॥ •

द्वितीय वर्ग समाप्त ॥

इस द्वितीय वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. सुवर्णपाती, २. रजतपाती, ३-४. सुवर्णनिष्क, ५-६. शृङ्गीनिष्क, ७. पृथ्वी, ८. सांसारिक धन, ९. प्राणसङ्कट एवं जनपदकल्याणी सूत्र ॥ •

३. ततियो वग्गो

२१. मातुगामसुत्तं

२२. ...सावत्थियं विहरति। "दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०... न तस्स, भिक्खवे, मातुगामो एको एकस्स चित्तं परियादाय तिट्ठति यस्स [R.235] लाभसक्कारसिलोको चित्तं परियादाय तिट्ठति। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, [N.196] लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥

●

२२. कल्याणीसुत्तं

२३. ...सावत्थियं विहरति। "दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०... न तस्स, भिक्खवे, जनपदकल्याणी एका एकस्स चित्तं परियादाय तिट्ठति यस्स लाभसक्कारसिलोको चित्तं परियादाय तिट्ठति। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कार-सिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥

●

२३. एकपुत्तकसुत्तं

२४. ...सावत्थियं विहरति। "दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०... सद्धा, भिक्खवे, उपासिका एकपुत्तकं पियं मनापं एवं सम्मा आयाचमाना आयाचेय्य—'तादिसो, तात, भवाहि यादिसो चित्तो च गहपति हत्थको च आळवको' ति। एसा, भिक्खवे, तुला एतं पमाणं मम सावकानं उपासकानं, यदिदं चित्तो च गहपति हत्थको च आळवको। 'सचे खो त्वं, तात, अगारस्मा अनगारियं

तृतीय वर्ग

२१. मातृग्रामसूत्र : : लाभसत्कार का जञ्जाल

२२. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ! लाभसत्कार का जञ्जाल दुःखदायक ही होता है। भिक्षुओ! कोई अकेली स्त्री भी उसके चित्त को लुभाने में समर्थ नहीं हो सकती जिस का चित्त लाभसत्कार की प्राप्ति के फन्दे में फँस जाता है। ....पूर्ववत्....ऐसा सीखना चाहिये॥

●

२२. कल्याणीसूत्र : : लाभसत्कार का जञ्जाल

२३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ....पूर्ववत्....कोई अकेली वेश्या (जनपदकल्याणी) भी उसके चित्त को....पूर्ववत्....ऐसा सीखना चाहिये॥

●

२३. एकपुत्रसूत्र : : लाभसत्कार का जञ्जाल

२४. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "भिक्षुओ!....पूर्ववत्....कोई श्रद्धालु उपासिका अपने प्रिय तथा सुन्दर एकाकी पुत्र को यह शिक्षा दे—'पुत्र! तुम ऐसे धर्म के प्रति ऐसे श्रद्धावान् बनो जैसा चित्त गृहपति तथा हस्तक आळवक था।' क्यों कि मेरे गृहस्थ

पब्बजसि; तादिसो, तात, भवाहि यादिसा सारिपुत्तमोग्गल्लाना' ति। एसा, भिक्खवे, [B.432] तुला एतं पमाणं मम सावकानं भिक्खूनं, यदिदं सारिपुत्तमोग्गलाना। मा च खो त्वं, तात, सेखं अप्पत्तमानसं लाभसक्कारसिलोको अनुपापुणातू ति। तं चे, [R.236] भिक्खवे, भिक्खुं सेखं अप्पत्तमानसं लाभसक्कारसिलोको अनुपापुणाति, सो तस्स होति अन्तरायाय। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ •

२४. एकधीतुसुत्तं

२५. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०... सद्धा भिक्खवे उपासिका एकं धीतरं पियं मनापं एवं सम्मा आयाचमाना आयाचेय्य—'तादिसा, अय्ये, भवाहि यादिसा खुज्जुत्तरा च उपासिका वेळुकण्डकिया च नन्दमाता' ति। एसा, भिक्खवे, तुला एतं पमाणं मम सावकानं उपासकानं, यदिदं [N.197] खुज्जुत्तरा च उपासिका वेळुकण्डकिया च नन्दमाता। 'सचे खो त्वं, अय्ये, अगारस्मा अनगारियं पब्बजसि; तादिसा, अय्ये, भवाहि यादिसा खेमा च भिक्खुनी उप्पलवण्णा चा' ति। एसा, भिक्खवे, तुला एतं पमाणं मम साविकानं भिक्खुनीनं, यदिदं खेमा च भिक्खुनी उप्पलवण्णा च। मा च खो त्वं, अय्ये, सेखं अप्पत्तमानसं लाभसक्कारसिलोको अनुपापुणातू ति। तं चे, भिक्खवे, भिक्खुनिं सेखं अप्पत्तमानसं लाभसक्कारसिलोको अनुपापुणाति, सो तस्सा होति अन्तरायाय। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ •

उपासकों में ये दोनों ही आदर्श उपासक माने जाते हैं। अथवा 'तात! तुम यदि प्रव्रज्या लो तो ऐसे भिक्षु बनना, जैसे सारिपुत्र मौद्गल्यायन है।' क्यों कि मेरे समस्त भिक्षुसङ्घ में ये दो आदर्श (तुला, प्रमाण) भिक्षु है। 'तात! लाभ आदि के जञ्जाल में न फँस जाना, अपि तु अप्रमत्त हो कर शिक्षापालन में तत्पर रहना; क्यों कि इस लाभादि के जञ्जाल में फँसना तुम्हारे लिये विघ्नकारक ही होगा।' ....पूर्ववत्....ऐसा सीखना चाहिये''॥ •

२४. एकधीतासूत्र : : लाभसत्कार का जञ्जाल

२५. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! ....पूर्ववत्....कोई श्रद्धालु उपासिका अपनी पुत्री को यह शिक्षा दे—'पुत्रि! तुम धर्म के प्रति ऐसी श्रद्धावती बनो जैसी खुज्जुत्तरा उपासिका तथा वेणुकण्टकिया नन्दमाता हैं।' ये दोनों उपासिकाएं ही मेरे उपासिकासङ्घ में आदर्श उपासिका हैं। अथवा यह शिक्षा दे—'यदि तुम प्रव्रज्या लो तो ऐसी भिक्षुणी बनना, जैसी यह क्षेमा भिक्षुणी या उत्पलवर्णा भिक्षुणी हैं।' क्यों कि भिक्षुओ! मेरे भिक्षुणीसङ्घ में ये ही दो आदर्श (तुला या प्रमाण) भिक्षुणियाँ है। 'पुत्रि! तुम लाभ आदि

२५. पठमसमणब्राह्मणसुत्तं

२६. ...सावत्थियं विहरति। ''ये हि केचि, भिक्खवे, समणा वा [R.237] ब्राह्मणा वा लाभसक्कारसिलोकस्स अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं नप्पजानन्ति, न मे ते, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा समणेसु वा समणसम्मता ब्राह्मणेसु वा ब्राह्मणसम्मता, न च पन ते आयस्मन्ता सामञ्ञत्थं वा ब्रह्मञ्ञत्थं वा दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ति। ये च खो केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा लाभसक्कारसिलोकस्स अस्सादं च आदीनवं [B.433] च निस्सरणं च यथाभूतं पजानन्ति, ते च खो मे, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा समणेसु चेव समणसम्मता ब्राह्मणेसु च ब्राह्मणसम्मता, ते च पनायस्मन्तो सामञ्ञत्थं च ब्रह्मञ्ञत्थं च दिट्ठेव धम्मे सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती'' ति॥

●

२६. दुतियसमणब्राह्मणसुत्तं

२७. सावत्थियं विहरति। ''ये हि केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा वा लाभसक्कारसिलोकस्स समुदयं च अत्थङ्गमं च अस्सादं च आदीनवं च निस्सरणं च यथाभूतं नप्पजानन्ति...पे०...पजानन्ति...पे०...सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती'' ति॥

●

के जञ्जाल में न फँसना; क्यों कि इस लाभादि के जञ्जाल में फँसना तुम्हारे लिये विघ्नकारक ही होगा।' ....पूर्ववत्....ऐसा सीखना चाहिये॥''

●

२५. श्रमणब्राह्मणसूत्र : : लाभसत्कार के यथार्थ दोष-ज्ञान से मुक्ति

२६. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! जो भी कोई श्रमण या ब्राह्मण लाभसत्कार के आस्वाद या दोष को सम्यक्तया नहीं जानते उन्हें मैं श्रमणों में प्रशस्त श्रमण या ब्राह्मणों में प्रशस्त ब्राह्मण नहीं मानता तथा न वे श्रामण्य या ब्राह्मण्य की प्राप्ति हेतु इसी जन्म में भली भाँति साधना ही कर पाते हैं। परन्तु, भिक्षुओ! जो श्रमण या ब्राह्मण लाभसत्कार के आस्वाद या दोष को भली भाँति जान लेते हैं वे प्रशस्त श्रमण या प्रशस्त ब्राह्मण कहलाते हैं। अथ च, श्रामण्य एवं ब्राह्मण्य की प्राप्तिहेतु इस जन्म में भली भाँति साधना भी कर पाते हैं॥''

●

२६. द्वितीय श्रमणब्राह्मणसूत्र : : लाभसत्कार के यथार्थ ज्ञान से मुक्ति

२७. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! जो भी कोई श्रमण या ब्राह्मण लाभसत्कार के उत्पाद एवं नाश को आस्वाद एवं दोष को भली भाँति नहीं जानते....पूर्ववत्.... साधना भी कर पाते हैं॥''

●

२७. ततियसमणब्राह्मणसुत्तं

२८. ...सावत्थियं विहरति। ''ये हि केचि, भिक्खवे, समणा वा ब्राह्मणा [N.198] वा लाभसक्कारसिलोकं यथाभूतं नप्पजानन्ति लाभसक्कारसिलोकसमुदयं नप्पजानन्ति, लाभसक्कारसिलोकनिरोधं नप्पजानन्ति, लाभसक्कारसिलोकनिरोधगामिनिं पटिपदं नप्पजानन्ति ...पे०...पजानन्ति...पे०...सयं अभिञ्ञा सच्छिकत्वा उपसम्पज्ज विहरन्ती'' ति॥ •

२८. छविसुत्तं

२९. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको। लाभसक्कारसिलोको, भिक्खवे, छविं छिन्दति, छविं छेत्वा चम्मं छिन्दति, चम्मं छेत्वा [R.238] मंसं छिन्दति, मंसं छेत्वा न्हारु छिन्दति, न्हारुं छेत्वा अट्ठिं छिन्दति, अट्ठिं छेत्वा अट्ठिमिञ्जं आहच्च तिट्ठति। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको ...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ •

२९. रज्जुसुत्तं

३०. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको। लाभसक्कारसिलोको, भिक्खवे, छविं छिन्दति, छविं छेत्वा चम्मं छिन्दति, चम्मं छेत्वा

---

२७. तृतीय श्रमणब्राह्मणसूत्र : : लाभसत्कार के यथार्थ निरोधज्ञान से मुक्ति

२८. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! जो कोई भी श्रमण या ब्राह्मण लाभसत्कार को, लाभसत्कार की उत्पत्ति को, लाभसत्कार के निरोध को तथा लाभसत्कार के निरोधकारक मार्ग को नहीं जानते हैं....पूर्ववत्....जानते हैं....पूर्ववत्....स्वयं जान कर साक्षात्कार कर साधना करते हैं॥'' •

२८. छविसूत्र : : लाभसत्कार काया को कर देता है

२९. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार में लगाव साधक के लिये बहुत कष्टदायी होता है। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार का लगाव सर्वप्रथम मनुष्य के बाह्य चर्म को छेदता है, तदनन्तर आन्तरिक चर्म को, फिर चर्म को छेद कर मांस को, मांस को छेद कर न्हारु (नसों) को, उसे छेद कर अस्थियों को, उन्हें छेद कर मेद तक को छिन्न भिन्न कर रुकता है। भिक्षुओ! इतना कष्टदायी है यह लाभसत्कार का लगाव। ....पूर्ववत्....ऐसा सीखना चाहिये॥'' •

२९. रज्जुसूत्र : : लाभसत्कार की रस्सी चर्म को छेद डालती है

३०. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ....भिक्षुओ! यह लाभ सत्कार का लगाव सर्वप्रथम मनुष्य के बाह्यचर्म को....उपरिसूत्रवत्....छिन्न भिन्न कर सकता है।

मंसं छिन्दति, मंसं छेत्वा न्हारु छिन्दति, न्हारुं छेत्वा अट्ठिं छिन्दति, अट्ठिं छेत्वा अट्ठिमिञ्जं आहच्च तिट्ठति।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, बलवा पुरिसो दळ्हाय वाळरज्जुया जङ्घं [B.434] वेठेत्वा धंसेय्य। सा छविं छिन्देय्य, छविं छेत्वा चम्मं छिन्देय्य, चम्मं छेत्वा मंसं छिन्देय्य, मंसं छेत्वा न्हारु छिन्देय्य, न्हारुं छेत्वा अट्ठिं छिन्देय्य, अट्ठिं छेत्वा अट्ठिमिञ्जं आहच्च तिट्ठति। एवमेव खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको छविं छिन्दति, छविं छेत्वा चम्मं छिन्दति, चम्मं छेत्वा मंसं छिन्दति, मंसं छेत्वा न्हारु छिन्दति, न्हारुं छेत्वा अट्ठिं छिन्दति, अट्ठिं छेत्वा अट्ठिमिञ्जं आहच्च तिट्ठति। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥ •

३०. भिक्खुसुत्तं

३१. ...सावत्थियं विहरति। "यो पि सो, भिक्खवे, भिक्खु [N.199, R.239] अरहं खीणासवो तस्स पाहं लाभसक्कारसिलोको अन्तरायाय वदामी" ति। एवं वुत्ते, आयस्मा आनन्दो भगवन्तं एतदवोच—"किस्स पन, भन्ते, खीणासवस्स भिक्खुनो लाभसक्कारसिलोको अन्तरायाया" ति ?

"या हिस्स सा, आनन्द, अकुप्पा चेतोविमुत्ति नाहं तस्सा लाभसक्कारसिलोकं अन्तरायाय वदामि। ये 'च ख्वस्स, आनन्द, अप्पमत्तस्स आतापिनो पहितत्तस्स विहरतो दिट्ठधम्मसुखविहारा अधिगता तेसाहमस्स लाभसक्कारसिलोकं अन्तरायाय वदामि। एवं दारुणो खो, आनन्द, लाभसक्कारसिलोको कटुको फरुसो अन्तरायिको

"भिक्षुओ! जैसे कोई बलवान् पुरुष बालों से बनी रस्सी से अपनी जङ्घा को बाँध दे। बाँध कर उस रस्सी को दोनों ओर से दृढता से खींचे तो वह रस्सी मनुष्य के बाह्य चर्म को....छिन्न भिन्न कर सकती है। भिक्षुओ! इतना कष्टदायी है यह लाभसत्कार का लगाव....पूर्ववत्....ऐसा सीखना चाहिये"॥ •

३०. भिक्षुसूत्र : :लाभसत्कार अर्हत् के लिये विघ्नकारक

३१. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।"भिक्षुओ! जो भी कोई भिक्षु अर्हत् क्षीणास्रव भी हो चुका हो, उस को भी यह लाभसत्कार विघ्नप्रद ही होता है—ऐसा मेरा कथन है।" इतना कहने पर आयुष्मान् आनन्द ने भगवान् से पूछा—"भन्ते! कैसे अर्हत् क्षीणास्रव भिक्षु के लिये यह लाभसत्कार विघ्नप्रद है ?

"आनन्द! जिस का चित्त आश्रवों से सर्वथा विमुक्त हो चुका है उसके लिये मैं इस लाभसत्कार को विघ्नकारक नहीं मानता; अपि तु, आनन्द! जो कुछ उद्योगी, सावधान इन्द्रियों वाले, इसी जन्म में सुखसाधना को प्राप्त कर लेने वालों के लिये मैं इस लाभसत्कार

अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। तस्मातिहानन्द, एवं सिक्खितब्बं—'उप्पन्नं लाभसक्कारसिलोकं पजहिस्साम, न च नो उप्पन्नो लाभसक्कारसिलोको चित्तं परियादाय ठस्ससी' ति। एवं हि वो, आनन्द, सिक्खितब्बं'' ति॥

ततियो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

मातुगामो च कल्याणी, पुत्तो च एकधीतु च।
समणब्राह्मणा तीणि, छवि रज्जु च भिक्खुना ति॥

को उसकी साधना में विघ्नकारक मानता हूँ। ऐसा कष्टकारक है यह लाभसत्कार ....पूर्ववत्....आनन्द! तुम्हें ऐसी शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये॥''!

तृतीय वर्ग समाप्त॥

इस तृतीय वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. मातृग्रामसूत्र, २. कल्याणी, ३. एकपुत्र, ४. एकधीता, ५-६-७. तीन श्रमणब्राह्मणसूत्र, ८. छवि, ९. रज्जु एवं १०. भिक्षुसूत्र॥

४. चतुत्थो वग्गो

३१. भिन्दिसुत्तं

३२. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कार-[B.435] सिलोको। लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतो परियादिण्णचित्तो, भिक्खवे, [R.240] देवदत्तो सङ्घं भिन्दि। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०... सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

३२. कुसलमूलसुत्तं

३३. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको। लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतस्स परियादिण्णचित्तस्स, भिक्खवे, देवदत्तस्स [N.200] कुसलमूलं समुच्छेदमगमा। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको ...पे०...सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

३३. कुसलधम्मसुत्तं

३४. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको। लाभ-सक्कारसिलोकेन अभिभूतस्स परियादिण्णचित्तस्स, भिक्खवे, देवदत्तस्स कुसलो धम्मो समुच्छेदमगमा। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०... सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

चतुर्थ वर्ग

३१. भिन्दि-सूत्र : : लाभसत्कार के कारण सङ्घभेद

३२. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! लाभसत्कार से लगाव भिक्षु के लिये कष्टकर होता है। इस लाभसत्कार से अभिभूत हो कर ही देवदत्त ने सङ्घभेद का साहस किया था। भिक्षुओ! इसी से समझ लो, यह लाभसत्कार कितना दुःखप्रद एवं विघ्नकारक होता है।....ऐसा सीखना चाहिये॥'' ●

३२. कुशलमूलसूत्र : :लाभसत्कार के कारण पुण्यमूल का छेद

३३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! लाभसत्कार का मोह कष्टकर ही होता है। लाभसत्कार से अभिभूत एवं उसी में अपना मन लगाये हुए देवदत्त का कुशलमूल का उच्छेद हो गया था।....ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥'' ●

३३. कुशलधर्मसूत्र : : लाभसत्कार से कुशलधर्म का नाश

३४. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! ....पूर्ववत्....लाभसत्कार से अभिभूत एवं उसी में अत्यधिक मन लगाये हुए देवदत्त का कुशलधर्म (पुण्य कर्म) उच्छिन्न हो गया था। अतः यह लाभसत्कार कष्टकर एवं विघ्नकारक ही है।....पूर्ववत्....ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥'' ●

३४. सुक्कधम्मसुत्तं

३५. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको। लाभ-सक्कारसिलोकेन अभिभूतस्स परियादिण्णचित्तस्स, भिक्खवे, देवदत्तस्स सुक्को धम्मो समुच्छेदमगमा। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको...पे०...सिक्खितब्बं'' ति।

३५. अचिरपक्कन्तसुत्तं

३६. एकं समयं भगवा राजगहे विहरति गिज्झकूटे पब्बते अचिरपक्कन्ते [R.241] देवदत्ते। तत्र खो भगवा देवदत्तं आरब्भ भिक्खू आमन्तेसि—''अत्तवधाय, [B.436] भिक्खवे, देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि, पराभवाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, कदली अत्तवधाय फलं देति, पराभवाय फलं देति; एवमेव खो, भिक्खवे, अत्तवधाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि, पराभवाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, वेळु अत्तवधाय फलं देति, पराभवाय फलं देति; एवमेव खो, भिक्खवे, अत्तवधाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि, पराभवाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, नळो अत्तवधाय फलं देति, पराभवाय फलं देति;

---

३४. शुक्लधर्मसूत्र : : लाभसत्कार से शुक्ल धर्मों का नाश

३५. **श्रावस्ती में** साधना के समय....उपरिसूत्रवत्....देवदत्त के शुक्ल धर्म (पुण्यकर्म) उच्छिन्न हो गये थे। ....उपरिसूत्रवत्....सीखना चाहिये॥''

३५. अचिरप्रकान्तसूत्र : : देवदत्त के वध में सहायक लाभसत्कार

३६. एक समय भगवान् **राजगृह में** गृध्रकूट पर्वत पर साधनाहेतु विराजमान थे। देवदत्त उन से कुछ संवाद कर अभी लौटा ही था कि देवदत्त के ही विषय में कुछ विशेष बताने के लिये भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया और यों कहा—''भिक्षुओ! देवदत्त केवल आत्महत्या के लिये, अपने पराजय के लिये ही अपने लाभसत्कार की तरफ इतना आसक्त है।

''भिक्षुओ! जैसे केले का वृक्ष अपने नाश तथा पराभव के लिये फल देता है इसी तरह यह देवदत्त अपने नाश के लिये अपने लाभसत्कार में इतना अनुरक्त है।

''भिक्षुओ! जैसे बाँस के वृक्ष में फल लगने पर उस का नाश हो जाता है, उसी तरह देवदत्त का यह लाभसत्कार ही उसका नाश कर देगा।

एवमेव खो, भिक्खवे, अत्तवधाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि, पराभवाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि।

"सेय्यथापि, भिक्खवे, अस्सतरी अत्तवधाय गब्भं गण्हाति, परा-[N.201] भवाय गब्भं गण्हाति; एवमेव खो, भिक्खवे, अत्तवधाय देवदत्तस्स लाभसक्कार-सिलोको उदपादि, पराभवाय देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोको उदपादि। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति।

३७. इदमवोच भगवा। इदं वत्वान सुगतो अथापरं एतदवोच सत्था—

"फलं वे कदलिं हन्ति, फलं वेळुं फलं नळं।
सक्कारो कापुरिसं हन्ति, गब्भो अस्सतरिं यथा ति"॥

३६. पञ्चरथसतसुत्तं

३८. ...राजगहे विहरति वेळुवने कलन्दकनिवापे। तेन खो पन [R.242] समयेन देवदत्तस्स अजातसत्तुकुमारो पञ्चहि रथसतेहि सायं पातं उपट्ठानं [B.437] गच्छति, पञ्च च थालिपाकसतानि भत्ताभिहारो अभिहरीयति। अथ खो सम्बहुला भिक्खू येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्ना खो ते भिक्खू भगवन्तं एतदवोचुं—"देवदत्तस्स, भन्ते,

---

"भिक्षुओ! जैसे नड़ के वृक्ष में फल लगने के बाद उस का नाश सुनिश्चित हो जाता है, उसी तरह अधिक लाभसत्कार मिलने से देवदत्त का नाश भी निश्चित है।

"जैसे खच्चरी बच्चा पैदा करते ही मर जाती है अर्थात् वह बच्चा उसकी मृत्यु का कारण बन जाता है, उसी तरह यह लाभसत्कार भी देवदत्त की मृत्यु का ही कारण बनेगा। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार इसी तरह कष्टकारक होता है....पूर्ववत्....ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये"।

३७. भगवान् ने यह कहा। इसके बाद ही भगवान् यों बोले—

"केले के वृक्ष को अपने फल की उत्पत्ति के कारण ही नष्ट होना पड़ता है, वेणु (बांस) तथा नड़ वृक्षों का भी इसी कारण नाश हो जाता है। यह लाभसत्कार कापुरुषों (पापियों) को उसी तरह नष्ट कर देता है, जैसे कोई खच्चरी अपनी सन्तति के कारण मृत्यु को प्राप्त होती है॥"

३६. पञ्चशतरथसूत्र : :देवदत्त का लाभसत्कार उसी की हानि

३८. **राजगृह के** वेणुवनस्थित कलन्दकनिवाप में साधना के समय....। उस समय राजकुमार अजातशत्रु देवदत्त के पास प्रतिदिन प्रातः सायं पाँच सौ रथों में बैठ कर जाता था, तथा उसके सङ्घ के लिये सुन्दर रुचिकर भोजन की पाँच सौ थालियाँ भी भेजा करता

अजातसत्तुकुमारो पञ्चहि रथसतेहि सायं पातं उपट्ठानं गच्छति, पञ्च च थालिपाक-सतानि भत्ताभिहारो अभिहरीयती'' ति।

''मा, भिक्खवे, देवदत्तस्स लाभसक्कारसिलोकं पिहयित्थ। यावकीवं च, भिक्खवे, देवदत्तस्स अजातसत्तुकुमारो पञ्चहि रथसतेहि सायं पातं उपट्ठानं गमिस्सति, पञ्च च थालिपाकसतानि भत्ताभिहारो आहरीयिस्सति. हानियेव. भिक्खवे, देवदत्तस्स पाटिकङ्खा कुसलेसु धम्मेसु, नो वुद्धि।

''सेय्यथापि, भिक्खवे, चण्डस्स कुक्कुरस्स नासाय पित्तं भिन्देय्युं, एवं हि सो, भिक्खवे, कुक्कुरो भिय्योसोमत्ताय चण्डतरो अस्स; एवमेव, भिक्खवे, यावकीवं च देवदत्तस्स अजातसत्तुकुमारो पञ्चहि रथसतेहि सायं पातं उपट्ठानं गमिस्सति, पञ्च च थालिपाकसतानि भत्ताभिहारो आहरीयिस्सति, हानियेव, भिक्खवे, देवदत्तस्स [N.202] पाटिकङ्खा कुसलेसु धम्मेसु, नो वुद्धि। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कार-सिलोको...पे०...एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ •

३७. मातुसुत्तं

३९. ...सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको कटुको [R.243] फरुसो अन्तरायिको अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। इधाहं, भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं एवं चेतसा चेतो परिच्च पजानामि—'न चायमायस्मा मातु पि हेतु

था। इसी प्रसङ्ग में, बहुत से भिक्षुओं ने भगवान् के पास आकर, उन्हें प्रणाम कर, एक ओर बैठ कर अजातशत्रु के ये कृत्य सुनाये।

भगवान् ने उन भिक्षुओं को यों समझाया—''भिक्षुओ! तुम देवदत्त के इस लाभसत्कार की स्पृहा (चाह) न करो। जब तक अजातशत्रु देवदत्त को यह लाभसत्कार देता रहेगा तब तक देवदत्त के कुशल धर्मों की हानि ही होती रहेगी; उनकी वृद्धि की आशा नहीं है।

''भिक्षुओ! जैसे कोई पुरुष किसी क्रोधी कुत्ते की नाक पर डण्डा मार दे तब वह कुत्ता और भी क्रुद्ध हो उठे; उसी तरह यह अजातशत्रु देवदत्त का ज्यों ज्यों सत्कार करेगा त्यों त्यों वह देवदत्त अपने कुशल धर्मों की हानि ही करता जायगा, वृद्धि नहीं; क्यों कि यह लाभसत्कार ऐसा कष्टदायक एवं विघ्नकारक है ही। ....पूर्ववत्....तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये॥'' •

३७. मातृसूत्र : : लाभसत्कार की दारुणता

३९. **श्रावस्ती में** साधना करते समय....। भिक्षुओ! यह लाभसत्कार कष्टदायक ही होता है। यहाँ भिक्षुओ! मैं एक ऐसे पुरुष को जानता हूँ जो कभी अपनी माता के कारण भी असत्यभाषण करने का साहस नहीं करता था। परन्तु आज वह लाभसत्कार में आसक्त

सम्पजानमुसा भासेय्या' ति। तमेनं पस्सामि अपरेन समयेन लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतं परियादिण्णचित्तं सम्पजानमुसा भासन्तं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको कटुको फरुसो अन्तरायिको अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'उप्पन्नं लाभसक्कारसिलोकं पजहिस्साम। न च नो उप्पन्नो लाभसक्कारसिलोको चित्तं परियादाय ठस्सती' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

३८-४३. पितुसुत्तादिछक्कं

४०-४५. सावत्थियं विहरति। ''दारुणो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको कटुको फरुसो अन्तरायिको अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। इधाहं, [B.438] भिक्खवे, एकच्चं पुग्गलं एवं चेतसा चेतो परिच्च पजानामि—'न चायमायस्मा मातु पि हेतु...पे०...भातु पि हेतु... भगिनिया पि हेतु...पुत्तस्स पि हेतु...धीतुया पि हेतु... पजापतिया पि हेतु सम्पजानमुसा भासेय्या' ति। तमेनं पस्सामि अपरेन समयेन लाभसक्कारसिलोकेन अभिभूतं परियादिण्णचित्तं सम्पजानमुसा भासन्तं। एवं दारुणो खो, भिक्खवे, लाभसक्कारसिलोको कटुको फरुसो अन्तरायिको अनुत्तरस्स योगक्खेमस्स अधिगमाय। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'उप्पन्नं लाभ-सक्कारसिलोकं पजहिस्साम। न च नो उप्पन्नो लाभसक्कारसिलोको चित्तं परियादाय ठस्सती' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

चतुत्थो वग्गो॥

होकर जानबूझ कर असत्य बोलने में कोई सङ्कोच नहीं मानता। यह लाभसत्कार.... पूर्ववत्....भिक्षुओ! तुम्हें ऐसा सीखना चाहिये॥ ●

३८-४३. पितृसूत्र आदिषट्क : : लाभसत्कार की दारुणता

४०. श्रावस्ती में....पूर्ववत्....अपने पिता के कारण....पूर्ववत्....॥ ●

४०. श्रावस्ती में....पूर्ववत्....अपने भ्राता के कारण....पूर्ववत्....॥ ●

४०. श्रावस्ती में....पूर्ववत्....अपनी बहन के कारण....पूर्ववत्....॥ ●

४०. श्रावस्ती में....पूर्ववत्....अपने पुत्र के कारण....पूर्ववत्....॥ ●

४०. श्रावस्ती में....पूर्ववत्....अपनी पुत्री के कारण....पूर्ववत्....॥ ●

४०. श्रावस्ती में....पूर्ववत्....अपनी पत्नी के कारण....पूर्ववत्....॥ ●

चतुर्थ वर्ग समाप्त॥

तस्सुद्दानं

भिन्दि मूलं दुवे धम्मा, पक्कन्तं रथ मातरि।
पिता भाता च भगिनी, पुत्तो धीता पजापती ति॥

लाभसक्कारसंयुत्तं समत्तं॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. भिन्दिसूत्र, २. कुशलमूल, ३. अकुशलधर्म, ४. शुक्लधर्म, ५. अचिरप्रकान्त, ६. पञ्चशतरथ, ७. मातृसूत्र, ८-१३. पितृसूत्र आदिषट्क (पिता, भ्राता आदि छह सूत्र)॥

१८. राहुलसंयुत्तं

१. पठमो वग्गो

१. चक्खुसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति [N.203, B.439] जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। अथ खो आयस्मा राहुलो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा राहुलो भगवन्तं एतदवोच–"साधु मे, भन्ते, भगवा सङ्खित्तेन धम्मं देसेतु, यमहं भगवतो धम्मं सुत्वा एको वूपकट्ठो अप्पमत्तो आतापी पहितत्तो विहरेय्यं" ति।

"तं किं मञ्ञसि, राहुल, चक्खुं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं–'एतं [R.245] मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता" ति?

---

१८. राहुलसंयुक्त

प्रथम वर्ग

१. चक्षुःसूत्र : इन्द्रियों में अनित्यत्व अनात्मत्व, दुःखत्व

१. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती में अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय आयुष्मान् राहुल भगवान् के सम्मुख जा कर उन्हें प्रणाम कर एक ओर बैठ गये तथा भगवान् से यों निवेदन किया– "अच्छा हो, भन्ते! कि आप मुझे धर्म का इस तरह उपदेश करें कि उसे सुन कर मैं एकान्त में, सर्वविषयों से अपना चित्त हटाता हुआ, सावधानीपूर्वक उद्योग करता हुआ साधना कर सकूँ।"

"तो क्या मानते हो, राहुल, चक्षुरिन्द्रिय नित्य है? या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"

"जो अनित्य होता है वह दुःखमय होता है या सुखमय?"

"दुःखमय होता है, भन्ते!"

"नो हेतं, भन्ते"।

"सोतं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"। ...पे०...।

"घानं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"जिव्हा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"कायो निच्चो वा अनिच्चो वा" ति?

"अनिच्चो, भन्ते"।

"मनो निच्चो वा अनिच्चो वा" ति?

"अनिच्चो, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, [N.204] एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता'" ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"तो जो अनित्य एवं दुःखमय तथा विनाशी है, उस के लिये क्या यह सोचना उचित है—'यह मेरा है', 'यह मैं हूँ' या 'यह मेरी आत्मा है'?

"नहीं, भन्ते!"

"श्रोत्रेन्द्रिय नित्य है या अनित्य?" ....पूर्ववत्....।

"घ्राणेन्द्रिय नित्य है या अनित्य?" ....पूर्ववत्....।

"जिह्वेन्द्रिय नित्य है या अनित्य?" ....पूर्ववत्....।

"कायेन्द्रिय नित्य है या अनित्य?" ....पूर्ववत्....।

"मन इन्द्रिय नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"

"जो अनित्य है वह दुःखमय है? या सुखमय?

"दुःखमय, भन्ते!"

"तो जो अनित्य है, दुःखमय एवं विनाशी है, उस के विषय में क्या यह सोचना उचित है—'यह मेरा है', 'यहं मैं हूँ' या 'यह मेरी आत्मा है?'

"नहीं, भन्ते!"

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको चक्खुस्मिं पि निब्बिन्दति ...पे०... सोतस्मिं पि निब्बिन्दति...घानस्मिं पि निब्बिन्दति...जिव्हाय पि निब्बिन्दति... कायस्मिं पि निब्बिन्दति...मनस्मिं पि निब्बिन्दति; निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती" ति। (**एतेन पेय्यालेन दस सुत्तन्ता कातब्बा।**) ●

२. रूपसुत्तं

२. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्जसि, राहुल, रूपा निच्चा वा [B.440] अनिच्चा वा" ति? "अनिच्चा, भन्ते"...पे०...सद्दा...गन्धा...रसा...फोट्ठब्बा...[R.246] धम्मा निच्चा वा अनिच्चा वा ति? "अनिच्चा, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको रूपेसु पि निब्बिन्दति...सद्देसु पि निब्बिन्दति...गन्धेसु पि निब्बिन्दति...रसेसु पि निब्बिन्दति...फोट्ठब्बेसु पि निब्बिन्दति... धम्मेसु पि निब्बिन्दति; निब्बिन्दं विरज्जति...पे०...पजानाती" ति॥ ●

३. विञ्ञाणसुत्तं

३. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्जसि, राहुल, चक्खुविञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"ऐसा जानता हुआ तथा सुनता हुआ कोई आर्यश्रावक चक्षु के विषय में भी श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, काय तथा मन के विषय में निर्वेद (ग्लानि=अनुत्सुकता) करने लगता है, इस ग्लानि से उसे (उन इन्द्रियों के विषय में) वैराग्य होने लगता है, वैराग्य के कारण वह (साधक) विमुक्त हो जाता है। विमुक्त होने पर उसे 'मैं विमुक्त हो गया'—ऐसा ज्ञान हो जाता है। 'मेरी जन्ममरणपरम्परा क्षीण हो गयी, मेरी धर्मसाधना भी पूर्ण हो गयी, मेरा कर्तव्य किया जा चुका, अब ऐसा कुछ अन्य करणीय अवशिष्ट नहीं है।' यह जान जाता है॥" ●

[यह समस्त पाठ आगे के दश सूत्रों में भी दुहराते चलें।]

२. रूपसूत्र : : रूप में अनित्य दुःख एवं अनात्म का मनन

२. श्रावस्ती में साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल रूप नित्य हैं या अनित्य?" "अनित्य हैं भन्ते!" ....पूर्ववत्....शब्द....गन्ध....रस....स्प्रष्टव्य....धर्म नित्य हैं या अनित्य?" "अनित्य हैं, भन्ते!" ....पूर्ववत्.... ॥ ●

३. विज्ञानसूत्र : : विज्ञान में अनित्यत्व आदि का मनन

३. श्रावस्ती में साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल! चक्षुर्विज्ञान नित्य है या अनित्य?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"सोतविञ्ञाणं ...पे०...घानविञ्ञाणं... जिव्हाविञ्ञाणं... कायविञ्ञाणं... मनोविञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको चक्खुविञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति ...पे०... सोतविञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति...घानविञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति...जिव्हाविञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति...कायविञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति...मनोविञ्ञाणस्मिं पि [N.205] निब्बिन्दति; निब्बिन्दं विरज्जति...पे०...पजानाती" ति॥ •

४. सम्फस्ससुत्तं

४. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, चक्खुसम्फस्सो निच्चो वा अनिच्चो वा" ति?

"अनिच्चो, भन्ते"।

"सोतसम्फस्सो ...पे०...घानसम्फस्सो... जिव्हासम्फस्सो... कायसम्फस्सो... मनोसम्फस्सो निच्चो वा अनिच्चो वा" ति?

"अनिच्चो, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको चक्खुसम्फस्सस्मिं पि निब्बिन्दति ...पे०...सोतसम्फस्सस्मिं पि निब्बिन्दति...घानसम्फस्सस्मिं पि निब्बिन्दति...जिव्हासम्फस्सस्मिं पि निब्बिन्दति...कायसम्फस्सस्मिं पि निब्बिन्दति...मनोसम्फस्सस्मिं पि [R.247] निब्बिन्दति; निब्बिन्दं विरज्जति...पे०...पजानाती" ति॥ •

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

"श्रोत्रविज्ञान....घ्राणविज्ञान....जिह्वाविज्ञान....कायविज्ञान....मनोविज्ञान नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्.... ॥ •

४. संस्पर्शसूत्र : : संस्पर्श में अनित्यादि का मनन

४. श्रावस्ती में साधना के समय....।"तो क्या मानते हो, राहुल! चक्षुःसंस्पर्श नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

"श्रोत्रसंस्पर्श...., घ्राणसंस्पर्श...., जिह्वासंस्पर्श...., कायसंस्पर्श...., मनःसंस्पर्श नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्.... ॥ •

५. वेदनासुत्तं

५. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, चक्खुसम्फस्सजा वेदना निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"सोतसम्फस्सजा वेदना...पे०...घानसम्फस्सजा वेदना...जिव्हासम्फस्सजा वेदना...कायसम्फस्सजा वेदना...मनोसम्फस्सजा वेदना निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"। B.441]

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको चक्खुसम्फस्सजाय वेदनाय पि निब्बिन्दति...पे०...सोत...घान...जिव्हा...काय...मनोसम्फस्सजाय वेदनाय पि निब्बिन्दति...पे०...पजानाती" ति॥

●

६. सञ्ञासुत्तं

६. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, रूपसञ्ञा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"। [N.206]

"सद्दसञ्ञा...पे०...गन्धसञ्ञा...रससञ्ञा...फोट्ठब्बसञ्ञा...धम्मसञ्ञा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

---

५. वेदनासूत्र : : वेदना में अनित्यत्वादि का मनन

५. श्रावस्ती में साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल! चक्षुःसंस्पर्शज वेदना नित्य हैं या अनित्य?"

"अनित्य हैं, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

"श्रोत्रसंस्पर्शज वेदना...., घ्राणसंस्पर्शज वेदना...., जिह्वासंस्पर्शज वेदना...., कायसंस्पर्शज वेदना नित्य हैं या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....॥

●

६. संज्ञासूत्र : : संज्ञा में अनित्यत्वादि का मनन

६. श्रावस्ती में साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल! रूपसंज्ञा नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ...पूर्ववत्....।

"शब्दसंज्ञा...., गन्धसंज्ञा...., रससंज्ञा...., स्प्रष्टव्यसंज्ञा...., धर्मसंज्ञा नित्य है या अनित्य?"

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको रूपसञ्ञाय पि निब्बिन्दति...पे०... सद्दसञ्ञाय पि निब्बिन्दति...गन्धसञ्ञाय पि निब्बिन्दति...रससञ्ञाय पि निब्बिन्दति ...फोट्ठब्बसञ्ञाय पि निब्बिन्दति...धम्मसञ्ञाय पि निब्बिन्दति...पे०...पजानाती" ति॥

●

७. सञ्चेतनासुत्तं

७. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, रूपसञ्चेतना निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"सद्दसञ्चेतना...पे०...गन्धसञ्चेतना...रससञ्चेतना...फोट्ठब्बसञ्चेतना...धम्म-[R.248] सञ्चेतना निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको रूपसञ्चेतनाय पि निब्बिन्दति...पे०...सद्दसञ्चेतनाय पि निब्बिन्दति...गन्धसञ्चेतनाय पि निब्बिन्दति... रससञ्चेतनाय पि निब्बिन्दति ...फोट्ठब्बसञ्चेतनाय पि निब्बिन्दति...धम्मसञ्चेतनाय पि निब्बिन्दति...पे०...पजानाती" ति॥

८. तण्हासुत्तं

८. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, रूपतण्हा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्.... ॥

●

७. सञ्चेतनासूत्र : : सञ्चेतना में अनित्यत्वादि का मनन

७. श्रावस्ती में साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल! रूपसञ्चेतना नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

"शब्दसञ्चेतना...., गन्धसञ्चेतना...., रससञ्चेतना...., स्प्रष्टव्यसञ्चेतना...., धर्मसञ्चेतना नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्.... ॥

●

८. तृष्णासूत्र : : तृष्णा में अनित्यत्वादि का मनन

८. श्रावस्ती में साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल! रूपतृष्णा नित्य है या अनित्य?"

"सद्दतण्हा...पे०...गन्धतण्हा...रसतण्हा...फोट्ठब्बतण्हा...धम्मतण्हा निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको रूपतण्हाय पि निब्बिन्दति...पे०... सद्दतण्हाय पि निब्बिन्दति...गन्धतण्हाय पि निब्बिन्दति...रसतण्हाय पि [N.207] निब्बिन्दति...फोट्ठब्बतण्हाय पि निब्बिन्दति...धम्मतण्हाय पि निब्बिन्दति...पे०... पजानाती" ति॥

●

९. धातुसुत्तं

९. सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, पठवीधातु निच्चा [B.442] वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"आपोधातु...पे०...तेजोधातु...वायोधातु...आकासधातु...विञ्ञाणधातु निच्चा वा अनिच्चा वा" ति?

"अनिच्चा, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको पठवीधातुया पि निब्बिन्दति...पे०... आपोधातुया पि निब्बिन्दति...तेजोधातुया पि निब्बिन्दति...वायोधातुया पि [R.249] निब्बिन्दति...आकासधातुया पि निब्बिन्दति...विञ्ञाणधातुया पि निब्बिन्दति...पे०... पजानाती" ति॥

●

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

"शब्दतृष्णा...., गन्धतृष्णा...., रसतृष्णा...., स्प्रष्टव्यतृष्णा...., धर्मतृष्णा नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....॥

●

९. धातुसूत्र : : धातुओं में अनित्यत्वादि का मनन

९. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल! पृथ्वीधातु नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"

"अब्धातु...., तेजोधातु...., वायुधातु...., आकाशधातु...., विज्ञानधातु नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....॥

●

१०. खन्धसुत्तं

१०. सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, रूपं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"वेदना...पे०...सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको रूपस्मिं पि निब्बिन्दति...पे०... वेदनाय पि निब्बिन्दति...सञ्ञाय पि निब्बिन्दति...सङ्खारेसु पि निब्बिन्दति... विञ्ञाणस्मिं पि निब्बिन्दति; निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती" ति।

पठमो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

चक्खु रूपं च विञ्ञाणं, सम्फस्सो वेदनाय च।
सञ्ञा सञ्चेतना तण्हा, धातु खन्धेन ते दसा ति॥

---

१०. स्कन्धसूत्र : : स्कन्धों में अनित्यत्वादि का मनन

१०. श्रावस्ती में साधना के समय....। "तो क्या मानते हो, राहुल! रूप नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"

"वेदना....संज्ञा....संस्कार....विज्ञान....नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्.... ॥

प्रथम वर्ग समाप्त॥

इस प्रथम वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. चक्षुष्, २. रूप, ३. विज्ञान, ४. संस्पर्श, ५. वेदना, ६. संज्ञा, ७. सञ्चेतना, ८. तृष्णा, ९. धातु एवं १०. स्कन्ध सूत्र॥

२. दुतियो वग्गो

११. चक्खुसुत्तं

११. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं विहरति...। अथ खो [N.208] आयस्मा राहुलो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा [R.250] एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नं खो आयस्मन्तं राहुलं भगवा एतदवोच—"तं किं मञ्ञसि, राहुल, चक्खुं निच्चं वा अनिच्चं वा" ति?

"अनिच्चं, भन्ते"। [B.443]

"यं पनानिच्चं, दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता''' ति?

"नो हेतं, भन्ते"।

"सोतं...पे०...घानं...जिव्हा...कायो...मनो निच्चो वा अनिच्चो वा" ति?

"अनिच्चो, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं, दुक्खं वा तं सुखं वा" ति?

"दुक्खं, भन्ते"।

"यं पनानिच्चं दुक्खं विपरिणामधम्मं, कल्लं नु तं समनुपस्सितुं—'एतं मम, एसोहमस्मि, एसो मे अत्ता''' ति?

द्वितीय वर्ग

११. चक्षुःसूत्र : :चक्षुरादि में अनित्यत्वादि भावना से मोक्ष

११. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् श्रावस्ती में साधनाहेतु अनाथपिण्डिक द्वारा निर्मापित जेतवनाराम में विराजमान थे। ....तब आयुष्मान् राहुल को भगवान् ने यों पूछा—"तो क्या मानते हो, राहुल! चक्षुरिन्द्रिय नित्य है या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!"

"जो अनित्य है वह दुःखमय है या सुखमय?"

"दुःखमय ही है, भन्ते!"

"तो जो अनित्य है, दुःखमय है, विनाशी है उस के विषय में यह सोचना उचित है—'यह मेरा है', या 'यह मेरा है', या 'यह मेरी आत्मा है?'

"नहीं, भन्ते!

"श्रोत्र....पूर्ववत्....घ्राण....जिह्वा....काय....मन नित्य है या अनित्य?"

"नो हेतं, भन्ते"।

"एवं पस्सं, राहुल, सुतवा अरियसावको चक्खुस्मिं पि निब्बिन्दति ...पे०... सोतस्मिं पि निब्बिन्दति...घानस्मिं पि निब्बिन्दति...जिव्हाय पि निब्बिन्दति... कायस्मिं पि निब्बिन्दति...मनस्मिं पि निब्बिन्दति; निब्बिन्दं विरज्जति; विरागा विमुच्चति; विमुत्तस्मिं विमुत्तमिति ञाणं होति। 'खीणा जाति, वुसितं ब्रह्मचरियं, कतं करणीयं, नापरं इत्थत्ताया' ति पजानाती" ति॥ (एतेन पेय्यालेन दस सुत्तन्ता कातब्बा।) ●

१२-२०. रूपादिसुत्तनवकं

१२-२०. ...सावत्थियं विहरति। "तं किं मञ्ञसि, राहुल, रूपा निच्चा वा [R.251] अनिच्चा वा" ति? "अनिच्चा, भन्ते"...पे०...सद्दा...गन्धा...रसा...फोट्ठब्बा ...धम्मा।

"चक्खुविञ्ञाणं...पे०...सोतविञ्ञाणं...घानविञ्ञाणं...जिव्हाविञ्ञाणं... [N.209] कायविञ्ञाणं...मनोविञ्ञाणं...।

"चक्खुसम्फस्सो...पे०...सोतसम्फस्सो...घानसम्फस्सो...जिव्हासम्फस्सो... कायसम्फस्सो...मनोसम्फस्सो...।

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

"ऐसा जानने तथा सुनने वाले आर्यश्रावक को चक्षुरिन्द्रिय में भी....श्रोत्रेन्द्रिय में....घ्राणेन्द्रिय में....जिह्वेन्द्रिय में....कायेन्द्रिय में....मनइन्द्रिय में भी उपेक्षाभाव (ग्लानि) हो जाता है, वैराग्य हो जाता है, वैराग्य से मुक्ति हो जाती है। मुक्ति होने पर 'मैं मुक्त हूँ'—यह ज्ञान हो जाता है, तथा वह साधक—'मेरी जन्मपरम्परा क्षीण हो गयी, मेरी धर्मसाधना पूर्ण हो गयी, मैं अपना कर्तव्य कर चुका, अब मेरा कोई कर्तव्य अवशिष्ट नहीं है'—ऐसा जान लेता है। ●

[यह समस्त पाठ आगे के १० सूत्रों में दुहरा लेना चाहिये।]

१२-२०. रूप आदि सूत्र (नवक) : :रूपादि में अनित्यत्वादि भावना से मुक्ति

१२. ...."तो क्या मानते हो, राहुल! रूप नित्य हैं या अनित्य?"

"अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

....शब्द....गन्ध....रस....स्प्रष्टव्य....धर्म....।

१३. ....चक्षुर्विज्ञान....श्रोत्रविज्ञान....घ्राणविज्ञान....जिह्वाविज्ञान....कायविज्ञान.... मनोविज्ञान नित्य है या अनित्य?" ....पूर्ववत्....।

१४. "चक्षु:संस्पर्श....श्रोत्रसंस्पर्श....घ्राणसंस्पर्श....जिह्वासंस्पर्श....कायसंस्पर्श.... मन:संस्पर्श....पूर्ववत्....।

"चक्खुसम्फस्सजा वेदना...सोतसम्फस्सजा वेदना...घानसम्फस्सजा वेदना... जिव्हासम्फस्सजा वेदना...कायसम्फस्सजा वेदना...मनोसम्फस्सजा वेदना...।

"रूपसञ्ञा...पे०...सद्दसञ्ञा...गन्धसञ्ञा...रससञ्ञा...फोट्ठब्बसञ्ञा... धम्मसञ्ञा...।

"रूपसञ्चेतना...पे०...सद्दसञ्चेतना...गन्धसञ्चेतना...रससञ्चेतना...फोट्ठब्ब-सञ्चेतना...धम्मसञ्चेतना...।

"रूपतण्हा...पे०...सद्दतण्हा...गन्धतण्हा...रसतण्हा...फोट्ठब्बतण्हा... [B.444] धम्मतण्हा...।

"पठवीधातु...पे०...आपोधातु...तेजोधातु...वायोधातु...आकासधातु... विञ्ञाणधातु...।

"रूपं...पे०...वेदना...सञ्ञा...सङ्खारा...विञ्ञाणं निच्चं वा अनिच्चं [R.252] वा" ति? अनिच्चं, भन्ते...पे०...एवं पस्सं राहुल...पे०...नापरं इत्थत्ताया ति पजानाती ति॥ ●

२१. अनुसयसुत्तं

२१. ...सावत्थियं विहरति। अथ खो आयस्मा राहुलो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा राहुलो भगवन्तं एतदवोच—"कथं नु खो, भन्ते, जानतो कथं

---

१५. "चक्षु:संस्पर्शज वेदना.... श्रोत्रसंस्पर्शज वेदना.... घ्राणसंस्पर्शज वेदना.... जिह्वासंस्पर्शज वेदना.... कायसंस्पर्शज वेदना.... मन:संस्पर्शज वेदना....।

१६. "रूपसंज्ञा.... शब्दसंज्ञा.... गन्धसंज्ञा.... रससंज्ञा.... स्प्रष्टव्यसंज्ञा.... धर्मसंज्ञा....।

१७. "रूपसञ्चेतना.... शब्दसञ्चेतना.... गन्धसञ्चेतना.... रससञ्चेतना.... स्प्रष्टव्यसञ्चेतना .... धर्मसञ्चेतना....।

१८. "रूपतृष्णा.... शब्दतृष्णा.... गन्धतृष्णा.... रसतृष्णा.... स्प्रष्टतृष्णा.... धर्मतृष्णा....।

१९. "पृथ्वीधातु.... अब्धातु.... तेजोधातु.... वायोधातु.... आकाशधातु.... विज्ञानधातु....।

२०. "रूप.... पूर्ववत्.... वेदना.... संज्ञा.... संस्कार.... विज्ञान नित्य है या अनित्य?" "अनित्य है, भन्ते!" ....पूर्ववत्....।

यों जानता हुआ सुनता हुआ कोई आर्यश्रावक.... पूर्ववत्.... जानता है"॥ ●

२१. अनुशयसूत्र : : सम्यक् मनन से मानानुशय का नाश

२१. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ....आयुष्मान् राहुल ने भगवान् से पूछा— "भन्ते! कैसा जानते हुए कैसा देखते हुए साधक को इस विज्ञानसहित काय में तथा सभी

पस्सतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कार-मानानुसया न होन्ती'' ति?

''यं किञ्चि, राहुल, रूपं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं रूपं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। या काचि वेदना...पे०...या काचि सञ्ञा...ये केचि सङ्खारा...यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागत-पच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे [N.210] सन्तिके वा, सब्बं विञ्ञाणं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय पस्सति। एवं खो, राहुल, जानतो एवं पस्सतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कारमानानुसया न होन्ती'' ति॥

२२. अपगतसुत्तं

२२. ...सावत्थिनिदानं। अथ खो आयस्मा राहुलो येन भगवा तेनुपसङ्कमि; [R.253] उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदि। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा राहुलो भगवन्तं एतदवोच—''कथं नु खो, भन्ते, जानतो कथं पस्सतो

बाह्य निमित्तों में अहङ्कार (यह मैं हूँ) या ममकार (यह मेरा है)-यह मानानुशय (चित्त की कुपथगामी) प्रवृत्ति नहीं होती?''

''राहुल! जो भी अतीत अनागत वर्तमान रूप है, फिर भले ही वह आध्यात्मिक हो या बाह्य, स्थूल हो या सूक्ष्म, हीन हो या पुष्ट, दूर का हो या समीप का, वैसे सभी प्रकार के रूपों के विषय में 'वह न मेरा है', 'वह न मैं हूँ', या 'न वह मेरी आत्मा है'—ऐसा समझना चाहिये। इस प्रकार भली भाँति समझ कर जानना देखना चाहिये। जो भी अतीत अनागत वर्तमान वेदना है....पूर्ववत्....। जो भी अतीत अनागत वर्तमान संज्ञा है....पूर्ववत्....जो कोई भी संस्कार हैं....पूर्ववत्....जो कोई भी अतीत अनागत एवं वर्तमान विज्ञान हैं....पूर्ववत्....'न वह मेरी आत्मा है'—ऐसा भली भाँति समझना चाहिये, ऐसा भली भाँति देखना चाहिये। इस तरह, राहुल! देखते जानते हुए साधक को इस विज्ञानसहित काय में तथा सभी बाह्य निमित्तों में अहङ्कार, ममकार—ये मानानुशय नहीं होते॥''

२२. अपगतसूत्र : : ममत्वत्याग से मुक्ति

२२. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। आयुष्मान् राहुल ने भगवान् से पूछा—''भन्ते! क्या जान लेने एवं देख लेने से कोई आर्यश्रावक विज्ञानसहित इस काय में, तथा

इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कार-[B.445] मानापगतं मानसं होति विधा समतिक्कन्तं सन्तं सुविमुत्तं'' ति?

''यं किञ्चि, राहुल, रूपं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं रूपं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा अनुपादा विमुत्तो होति।

''या काचि वेदना...पे०...या काचि सञ्ञा...ये केचि सङ्खारा...यं किञ्चि विञ्ञाणं अतीतानागतपच्चुप्पन्नं अज्झत्तं वा बहिद्धा वा ओळारिकं वा सुखुमं वा हीनं वा पणीतं वा यं दूरे सन्तिके वा, सब्बं विञ्ञाणं 'नेतं मम, नेसोहमस्मि, न मेसो अत्ता' ति एवमेतं यथाभूतं सम्मप्पञ्ञाय दिस्वा अनुपादा विमुत्तो होति। एवं खो, राहुल, जानतो एवं पस्सतो इमस्मिं च सविञ्ञाणके काये बहिद्धा च सब्बनिमित्तेसु अहङ्कारममङ्कारमानापगतं मानसं होति विधा समतिक्कन्तं सन्तं सुविमुत्तं'' ति॥ •

दुतियो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

चक्खु रूपं च विञ्ञाणं, सम्फस्सो वेदनाय च। [R.254]
सञ्ञा सञ्चेतना तण्हा, धातु खन्धेन ते दस।
अनुसयं अपगतं चेव, वग्गो तेन पवुच्चती ति।

राहुलसंयुत्तं समत्तं॥

सभी बाह्य निमित्तों में अहङ्कार ममकार तथा मान अपगत हो (हट) जाते हैं, एवं उस का चित्त शुद्ध शान्त एवं विमुक्त हो जाता है?''

''राहुल! जो भी अतीत अनागत वर्तमान के रूप हैं....पूर्वसूत्रवत्....जो भी वेदना....संज्ञा ....संस्कार....विज्ञान....। पूर्वसूत्रवत्....उसका चित्त शुद्ध, शान्त एवं विमुक्त हो जाता है॥

•

द्वितीय वर्ग समाप्त॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. चक्षुष्, २. रूप, ३. विज्ञान, ४. संस्पर्श, ५. वेदना, ६. संज्ञा, ७. सञ्चेतना, ८. तृष्णा, ९. धातु, १०. स्कन्ध, ११. अनुशय एवं १२. अपगतसूत्र॥

राहुलसंयुक्त समाप्त॥

१९. लक्खणसंयुत्तं

१. पठमो वग्गो

१. अट्ठिसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा राजगहे वेळुवने [N.211, B.446] कलन्दकनिवापे। तेन खो पन समयेन आयस्मा च लक्खणो आयस्मा च महा-मोग्गल्लानो गिज्झकूटे पब्बते विहरन्ति। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो पुब्बण्ह-समयं निवासेत्वा पत्तचीवरमादाय येनायस्मा लक्खणो तेनुपसङ्कमि; उपसङ्कमित्वा आयस्मन्तं लक्खणं एतदवोच—"आयामावुसो लक्खण, राजगहं पिण्डाय पविसि-स्सामा" ति।

"एवमावुसो" ति खो आयस्मा लक्खणो आयस्मतो महामोग्गल्लानस्स पच्चस्सोसि। अथ खो आयस्मा महामोग्गल्लानो गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अञ्ञतरस्मिं पदेसे सितं पात्वाकासि। अथ खो आयस्मा लक्खणो आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एतदवोच—"को नु खो, आवुसो मोग्गल्लान, हेतु को पच्चयो सितस्स पातुकम्माया" ति?

"अकालो खो, आवुसो लक्खण, एतस्स पञ्हस्स। भगवतो मं सन्तिके एतं पञ्हं पुच्छा" ति।

---

१९. लक्षणसंयुक्त

प्रथम वर्ग

१. अस्थिसूत्र : : अस्थिकङ्काल, गोहत्या का परिणाम

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् राजगृह के वेणुवनस्थित कलन्दकनिवाप में साधनाहेतु विराजमान थे। उस समय आयुष्मान् लक्षण एवं आयुष्मान् महामोग्गल्लान भी गृध्रकूट पर्वत पर साधना कर रहे थे। तब कभी आयुष्मान् महामोग्गल्लान प्रात:काल अपने वस्त्र शरीर पर सुव्यवस्थित कर पात्र चीवर ले कर आयुष्मान् लक्षण के पास गये। जा कर उन से यों बोले—"आओ, आयुष्मन् लक्षण! आज राजगृह में भिक्षाहेतु चलेंगे।" आयुष्मान् लक्षण ने आयुष्मान् महामोग्गल्लान की बात स्वीकार कर ली।

तब आयुष्मान् महामोग्गल्लान गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए एक स्थान पर आ कर मन्द हास्य कर बैठे। (यह देख कर) आयुष्मान् लक्षण ने उन से पूछा—"आयुष्मन् महामोग्गल्लान! किस कारण से आपने असमय में यह मन्द हास्य किया?"

अथ खो आयस्मा च लक्खणो आयस्मा च महामोग्गल्लानो राजगहे [R.255] पिण्डाय चरित्वा पच्छाभत्तं पिण्डपातपटिक्कन्ता येन भगवा तेनुपसङ्कमिंसु; उपसङ्कमित्वा भगवन्तं अभिवादेत्वा एकमन्तं निसीदिंसु। एकमन्तं निसिन्नो खो आयस्मा लक्खणो आयस्मन्तं महामोग्गल्लानं एतदवोच—"इधायस्मा महामोग्गल्लानो गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अञ्ञतरस्मिं पदेसे सितं पात्वाकासि। को नु खो, आवुसो मोग्गल्लान, हेतु को पच्चयो सितस्स पातुकम्माया" ति?

"इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं अट्ठिकसङ्खलिकं वेहासं गच्छन्तिं। तमेनं गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा फासुळन्तरिकाहि वितुदेन्ति वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सा सुदं अट्टस्सरं करोति। [B.447] तस्स मय्हं, आवुसो, एतदहोसि—"अच्छरियं वत, भो, अब्भुतं वत, भो! [N.212] एवरूपो पि नाम सत्तो भविस्सति! एवरूपो पि नाम यक्खो भविस्सति! एवरूपो पि नाम अत्तभावपटिलाभो भविस्सती" ति!!

अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"चक्खुभूता वत, भिक्खवे, सावका विहरन्ति; ञाणभूता वत, भिक्खवे, सावका विहरन्ति, यत्र हि नाम सावको एवरूपं ञस्सति वा दक्खति वा सक्खिं वा करिस्सति। पुब्बेव मे सो, भिक्खवे, सत्तो दिट्ठो

(महामोग्गल्लान—) "तुम असमय में यह प्रश्न कर रहे हो। मैं जब भगवान् के सम्मुख बैठा रहूँ तब तुम मुझ से यह प्रश्न करना।"

तब आयुष्मान् लक्षण और आयुष्मान् महामोग्गल्लान राजगृह में भिक्षाचर्या कर, भोजन के बाद, पिण्डपात क्रिया से निवृत्त हो कर भगवान् के सम्मुख पहुँच कर उन्हें प्रणाम कर एक ओर बैठ गये। उस समय आयुष्मान् लक्षण ने आयुष्मान् महामोग्गल्लान से पुनः उन के उपर्युक्त मन्द हास्य का कारण पूछा।

(महामोग्गल्लान—) "आयुष्मन्! मैं वहाँ जब गृध्रकूट पर्वत से नीचे उतर रहा था तो मैने आकाश में उड़ते हुए एक अस्थिकङ्काल को देखा। तब कुछ गीध, कौए, कुरर तथा ऐसे ही अन्य मांसभोजी पक्षी उसके समीप आ आ कर उस की पंसुलियों में चोंच मार मार कर उस का मांस नोचते हुए चले जाते थे। वह उस वेदना से आर्त स्वर में चिल्लाता था। उसे देख कर तब मुझे यह विचार आया—"अरे! आश्चर्य है, अरे! अद्भुत है कि ऐसा भी प्राणी होता है! ऐसा भी यक्ष (प्रेत) होता है! प्राणी को ऐसा जन्म भी धारण करना पड़ता है।"

तब भगवान् ने कहा—"भिक्षुओ! मेरे शिष्य, आँखें खोलकर सावधान रहते हुए लोक में विचरण करते हैं। मेरे श्रावक ऐसी घटनाओं को भी देख लेते हैं, जान लेते हैं,

अहोसि, अपि चाहं न ब्याकासिं। अहं चेतं ब्याकरेय्यं, परे च मे न सद्दहेय्युं। ये मे न सद्दहेय्युं, तेसं तं अस्स दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय। एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे गोघातको अहोसि। सो तस्स कम्मस्स विपाकेन बहूनि वस्सानि बहूनि [R.256] वस्ससतानि बहूनि वस्ससहस्सानि बहूनि वस्ससतसहस्सानि निरये पच्चित्वा तस्सेव कम्मस्स विपाकावसेसेन एवरूपं अत्तभावपटिलाभं पटिसंवेदयती'' ति॥

(सब्बेसं सुत्तन्तानं एसेव पेय्यालो।) ●

२. पेसिसुत्तं

२. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं मंसपेसिं वेहासं गच्छन्तिं। तमेनं गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सा सुदं अट्टसरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे गोघातको अहोसि ...पे०... ॥ ●

३. पिण्डसुत्तं

३. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं मंसपिण्डं वेहासं गच्छन्तं। तमेनं गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे साकुणिको अहोसि ...पे०... ॥ ●

समझ लेते हैं। भिक्षुओ! पहले कभी मैंने भी यह प्राणी देखा था, परन्तु उस समय मैंने किसी को भी इसलिये नहीं बताया कि कोई मेरे कथन का विश्वास (श्रद्धा) न करेगा तो उसका बहुत अधिक अहित हो जायगा जो उसके लिये कष्टकर ही होगा। भिक्षुओ! यह प्राणी पहले कभी इसी राजगृह नगर में गोघातक के रूप में पैदा हुआ था। वह अपने उस गोहत्या पाप के कारण बहुत वर्षों तक, सैंकड़ों हजारों लाखों वर्षों तक नरक में कष्ट भोग कर उसी कर्म का कुछ अवशिष्ट फल भोगने के लिये आज इस रूप में पैदा हुआ है॥●

[यह समस्त पाठ आगे के नौ सूत्रों में भी यथाप्रसङ्ग जोड़ लेना चाहिये।]

२. पेशीसूत्र : : गोहत्या का दुष्परिणाम

२. ....''यहाँ मैंने, गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए, केवल मांसपेशीधारी शरीर को आकाश में जाते देखा। ....पूर्ववत्....भिक्षुओ! यह प्राणी पहले कभी इसी राजगृह में गोघातक के रूप में पैदा हुआ था।.... ॥ ●

३. पिण्डसूत्र : : पक्षिहत्या का दुष्परिणाम

३. ....''यहाँ मैंने, गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए, एक मांस पिण्डमात्रधारी शरीर को आकाश में जाते देखा। ....पूर्ववत्.... । यह प्राणी भी इसी राजगृह में शाकुनिक (चिड़ीमार= पक्षिघातक) के रूप में पैदा हुआ था।.... ॥ ●

४. निच्छविसुत्तं

४. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं [N.213, B.448] निच्छविं पुरिसं वेहासं गच्छन्तं। तमेनं गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे ओरब्भिको अहोसि...पे०... ॥ ●

५. असिलोमसुत्तं

५. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं असिलोमं [R.257] पुरिसं वेहासं गच्छन्तं। तस्स ते असी उप्पतित्वा उप्पतित्वा तस्सेव काये निपतन्ति। सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे सूकरिको अहोसि...पे०... ॥ ●

६. सत्तिसुत्तं

६. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं सत्तिलोमं पुरिसं वेहासं गच्छन्तं। तस्स ता सत्तियो उप्पतित्वा उप्पतित्वा तस्सेव काये निपतन्ति। सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे मागविको अहोसि...पे०... ॥ ●

७. उसुलोमसुत्तं

७. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं उसुलोमं पुरिसं

---

४. निश्छविसूत्र : : मृगहत्या का दुष्परिणांम

४. "यहाँ मैंने, गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए, एक चर्मरहित शरीर को आकाश में जाते हुए देखा। ....पूर्ववत्....।" यह प्राणी भी इसी राजगृह में एक मागविक (=मृगयु, हरिणों का शिकारी) के रूप में पैदा हुआ था।.... ॥ ●

५. असिलोमसूत्र : : शूकरहत्या का दुष्परिणाम

५. ...."आयुष्मन्! एक बार मैने गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए तलवार की तरह शरीर के बालों वाले पुरुष को आकाश में उड़ते हुए देखा। उसके वे तलवार जैसे बाल उड़ उड़ कर तीक्ष्णता से उसी के शरीर पर गिरते थे। उन की चोट (आघात) से वह आर्तनाद करता था....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! वह प्राणी कभी इसी राजगृह में शौकरिक (सूअरों का हत्यारा) के रूप में जन्मा था। ....पूर्ववत्...." ॥ ●

६. शक्तिसूत्र : : मृगहत्या का दुष्परिणाम

६. ...."आयुष्मन्! ....भाले जैसे बालों वाले पुरुष को देखा....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! वह प्राणी कभी इसी राजगृह में बहेलिये (मृगयु=व्याध) के रूप में जन्मा था॥ ●

वेहासं गच्छन्तं। तस्स ते उसू उप्पतित्वा उप्पतित्वा तस्सेव काये निपतन्ति। सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे कारणिको अहोसि...पे०... ॥

८. सूचिलोमसुत्तं

८. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं सूचिलोमं पुरिसं वेहासं गच्छन्तं। तस्स ता सूचियो उप्पतित्वा उप्पतित्वा तस्सेव काये निपतन्ति। सो [B.449] सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे सूतो अहोसि...पे०... ॥

९. दुतियसूचिलोमसुत्तं

[N.214, R.258] ९. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं सूचिलोमं पुरिसं वेहासं गच्छन्तं। तस्स ता सूचियो सीसे पविसित्वा मुखतो निक्खमन्ति; मुखे पविसित्वा उरतो निक्खमन्ति; उरे पविसित्वा उदरतो निक्खमन्ति; उदरे पविसित्वा ऊरूहि निक्खमन्ति; ऊरूसु पविसित्वा जङ्घाहि निक्खमन्ति; जङ्घासु पविसित्वा पादेहि निक्खमन्ति; सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे सूचको अहोसि...पे०... ॥

---

७. इषुलोमसूत्र : : अन्यायपूर्वक न्याय का दुष्परिणाम

७. ....''आयुष्मन्! ....बाणों जैसे बालों वाला पुरुष आकाश में उड़ते हुए देखा....पूर्ववत्.... । भिक्षुओ! वह इसी राजगृह में कभी अन्यायी न्यायाधीश (कारणिक) के रूप में जन्मा था....पूर्ववत्.... ॥

८. सूचिलोमसूत्र : : सूई जैसे बालों वाला क्रूर सूचक

८. ....''आयुष्मन्! ....सूई जैसे बालों वाला पुरुष....देखा। ....पूर्ववत्.... । भिक्षुओ! वह कभी इसी राजगृह में एक प्रसिद्ध चुगलखोर (एक दूसरे की चुगली कर परस्पर कलह कराने वाले) के रूप में जन्मा था। ....पूर्ववत्.... ॥

९. द्वितीय सूचिलोमसूत्र : : दुष्ट चुगलखोर

९. ....''आयुष्मन्! ....सूई जैसे बालों वाला पुरुष....देखा। ....पूर्ववत्.... । उसके वे सूई के समान उड़ उड़ कर उसी के शरीर में बार बार धँसते थे। वे उस के शिर से प्रविष्ट हो कर मुख से निकलते थे, मुख से निकल कर छाती में धँसते थे, छाती से निकल कर जाँघों में धँसते थे। उस वेदना से वह आर्त स्वर में चिल्लाता था। ....भिक्षुओ! यह पुरुष कभी इसी राजगृह में चुगलखोर के रूप में जन्मा था। ....पूर्ववत्.... ॥

१०. कुम्भण्डसुत्तं

१०. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं कुम्भण्डं पुरिसं वेहासं गच्छन्तं। सो गच्छन्तो पि तेव अण्डे खन्धे आरोपेत्वा गच्छति। निसीदन्तो पि तेस्वेव अण्डेसु निसीदति। तमेन गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे गामकूटको अहोसि...पे०... ॥ •

पठमो वग्गो॥

तस्सुद्दानं

अट्ठि पेसि उभो गावघातका, पिण्डो साकुणियो निच्छवोरब्भि।
असि सूकरिको सत्तिमागवि, उसु कारणिको सूचि सारथि।
यो च सिब्बियति सूचको हि सो, अण्डभारि अहु गामकूटको ति॥ •

———

१०. कुम्भाण्डसूत्र : : ग्राम का दुष्ट सरपञ्च

१०. ''आयुष्मन्! गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए मैने आकाश में कुम्भाण्ड (घड़े की तरह गोल अण्डाकार शरीर वाला) पुरुष देखा। वह प्रतिक्षण उन घटाकार अण्डों को अपने कन्धों पर ढोता था। बैठते हुए उन्हीं अण्डों पर बैठता था। ....पूर्ववत्.... । भिक्षुओ! वह पहले कभी इसी राजगृह में एक ग्राम का दुष्ट पञ्च हुआ था। ....पूर्ववत्.... ॥ •

प्रथम वर्ग समाप्त॥

प्रथम वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. अस्थिसूत्र, २. पेशीसूत्र, ३. पिण्ड, ४. निश्छविसूत्र, ५. असिलोम, ६. शक्तिलोम, ७. इषुलोम, ८. सूचिलोम, ९. द्वितीय सूचिलोम, एवं १०. कुम्भाण्डसूत्र॥ •

दुतियो वग्गो

११. ससीसकसुत्तं

[B.450, R.259] ११. एवं मे सुतं। एकं समयं राजगहे वेळुवने...। इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं पुरिसं गूथकूपे ससीसकं निमुग्गं [N.215] ...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे पारदारिको अहोसि ...पे०... ॥ •

१२. गूथखादसुत्तं

१२. ...इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं पुरिसं गूथकूपे निमुग्गं उभोहि हत्थेहि गूथं खादन्तं...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे दुट्ठब्राह्मणो अहोसि। सो कस्सपस्स सम्मासम्बुद्धस्स पावचने भिक्खुसङ्घं भत्तेन निमन्तेत्वा दोणियो गूथस्स पूरापेत्वा एतदवोच—अहो भोन्तो, यावदत्थं भुञ्जन्तु चेव हरन्तु चा ति...पे०... ॥ •

१३. निच्छवित्थिसुत्तं

१३. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं निच्छविं इत्थिं वेहासं गच्छन्तिं। तमेनं गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा

द्वितीय वर्ग

११. सशीर्षकसूत्र : : परस्त्रीगामिता का दुष्परिणाम

११. ऐसा मैंने सुना है। राजगृह के वेणुवन में साधना के समय... ''आयुष्मानो! मैंने यहाँ गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए, एक पुरुष को मल (विष्ठा) के एक गहरे गर्त में शिर तक डूबे हुए देखा। ....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! यह पुरुष पूर्व जन्म में इसी राजगृह में परस्त्रीगामी था। ....पूर्ववत्.... ॥ •

१२. गूथखादसूत्र : : विष्ठा खाने वाला ब्राह्मण

१२. आयुष्मानो! यहाँ....मैंने एक पुरुष को दोनों हाथों से उठा उठा कर विष्ठा खाते हुए देखा। ....। भिक्षुओ! यह पुरुष इसी राजगृह में पूर्व जन्म में कोई दुष्ट ब्राह्मण हुआ था। उसने काश्यप सम्यक्सम्बुद्ध के समय भिक्षुसङ्घ को भोजनार्थ निमन्त्रित कर, बड़े बड़े भाण्डों में विष्ठा भरवा कर उस को दिखाते हुए भिक्षुओं से कहा—''आप लोग इसी को भोजनरूप में यथेच्छ ग्रहण करें। ....पूर्ववत्.... ॥ •

१३. निश्छविस्त्रीसूत्र : : व्यभिचारिणी स्त्री

१३. आयुष्मानो! यहाँ....मैंने चर्मविहीन किसी स्त्री को आकाशमार्ग से जाते हुए

वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सा सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसा, भिक्खवे, इत्थी इमस्मिं येव राजगहे अतिचारिनी अहोसि...पे०... ॥ •

१४. मङ्गुलित्थिसुत्तं

१४. ...इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं इत्थिं [R.260] दुग्गन्धं मङ्गुलिं वेहासं गच्छन्तिं। तमेनं गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सा सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसा, भिक्खवे, इत्थी इमस्मिं येव राजगहे इक्खणिका अहोसि...पे०... ॥ •

१५. ओकिलिनीसुत्तं

१५. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं इत्थिं [B.451] उप्पक्कं ओकिलिनिं ओकिरिनिं वेहासं गच्छन्तिं। सा सुदं अट्टस्सरं करोति [N.216] ...पे०... एसा, भिक्खवे, इत्थी कलिङ्गस्स रञ्ञो अग्गमहेसी अहोसि। सा इस्सापकता सपत्तिं अङ्गारकटाहेन ओकिरि ...पे०... ॥ •

१६. असीसकसुत्तं

१६. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं असीसकं कबन्धं वेहासं गच्छन्तं। तस्स उरे अक्खीनि चेव होन्ति मुखं च। तमेनं गिज्झा पि काका पि कुलला पि अनुपतित्वा अनुपतित्वा वितच्छेन्ति विराजेन्ति। सो सुदं अट्टस्सरं करोति

देखा। ....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! यह स्त्री कभी इसी राजगृह में व्यभिचारिनी का कर्म करती थी। .... ॥ •

१४. मङ्गुरस्त्रीसूत्र : : मछली की गन्धवाली स्त्री

१४. आयुष्मानो! यहाँ....एक ऐसी स्त्री को देखा जिसके शरीर से मछली की तरह दुर्गन्ध आ रही थी। ....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! यह स्त्री पूर्व जन्म में भोले पुरुषों को, झूठा सच्चा मुहूर्त (ज्यौतिष) बता कर ठगा करती थी॥ •

१५. अवकिरणीसूत्र : : सपत्नी (सौत) को अग्नि में फैंकने वाली स्त्री

१५. आयुष्मानो! यहाँ....एक ऐसी स्त्री को देखा जो बड़े बड़े जलते अग्नि के गोले फेंक रही थी। ....पूर्ववत्....यह पूर्व जन्म में कलिङ्गराज की पटरानी थी। उसने ईर्ष्यावश अपनी सपत्नी (स्त्री) को अङ्गारकटाह में फेंक दिया था। ....पूर्ववत्.... ॥ •

१६. अशीर्षकसूत्र : : शिरोविहीन डाकू

१६. आयुष्मानो! यहाँ मैंने....सिर कटे हुए शरीर को आकाश में उड़ते हुए देखा।

...पे०...एसो, भिक्खवे, सत्तो इमस्मिं येव राजगहे हारिको नाम चोरघातको अहोसि ...पे०... ॥ ●

१७. पापभिक्खुसुत्तं

१७. इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं भिक्खुं वेहासं गच्छन्तं। तस्स सङ्घाटि पि आदित्ता सम्पज्जलिता सजोतिभूता, पत्तो पि आदित्तो सम्पज्जलितो सजोतिभूतो, कायबन्धनं पि आदित्तं सम्पज्जलितं सजोतिभूतं, कायो पि [R.261] आदित्तो सम्पज्जलितो सजोतिभूतो। सो सुदं अट्टस्सरं करोति...पे०...एसो, भिक्खवे, भिक्खु कस्सपस्स सम्मासम्बुद्धस्स पावचने पापभिक्खु अहोसि...पे०... ॥●

१८. पापभिक्खुनीसुत्तं

१८. अद्दसं भिक्खुनिं वेहासं गच्छन्तिं। तस्सा सङ्घाटि पि आदित्ता...पे०... पापभिक्खुनी अहोसि...पे०... ॥ ●

१९. पापसिक्खमानसुत्तं

[B.452] १९. अद्दसं सिक्खमानं वेहासं गच्छन्तिं। तस्सा सङ्घाटि पि आदित्ता ...पे०...पापसिक्खमाना अहोसि...पे०... ॥ ●

२०. पापसामणेरसुत्तं

२०. अद्दसं सामणेरं वेहासं गच्छन्तं। तस्स सङ्घाटि पि आदित्ता...पे०... [N.217] पापसामणेरो अहोसि...पे०... ॥ ●

उस की छाती में आँखें और शिर था। ....पूर्ववत्....। यह प्राणी पूर्व जन्म में इसी राजगृह का निवासी चौरघातक (डाकू) था। .... ॥ ●

१७. पापभिक्षुसूत्र : : कोई पापकर्ता भिक्षु

१७. आयुष्मानो! यहाँ....किसी भिक्षु को आकाश में उड़ते देखा। उस की सङ्घाटी भी जल रही थी, पात्र भी जल रहा था, उस का कायबन्धन भी जल रहा था, शरीर भी जल रहा था। इस वेदना से....पूर्ववत्....। भिक्षुओ! यह भिक्षु काश्यप सम्यक्सम्बुद्ध के धर्मोपदेश में पापबुद्धि रखता था। ....पूर्ववत्.... ॥ ●

१८. पापभिक्षुणीसूत्र : : कोई पापकर्त्री भिक्षुणी

१८. आयुष्मानो! यहाँ....एक भिक्षुणी को देखा....पूर्वसूत्रवत्....। यह काश्यप सम्यक्सम्बुद्ध के धर्मोपदेश में पापबुद्धि रखती थी। .... ॥ ●

१९. पापशिक्ष्यमाणासूत्र : : कोई पापी शिक्ष्यमाणा

१९. आयुष्मानो! यहाँ....किसी शिक्ष्यमाणा को आकाश में जाते देखा। ....यह काश्यप सम्यक्सम्बुद्ध के धर्मोपदेश में पापबुद्धि रखती थी। .... ॥ ●

२१. पापसामणेरीसुत्तं

२१. "इधाहं, आवुसो, गिज्झकूटा पब्बता ओरोहन्तो अद्दसं सामणेरिं वेहासं गच्छन्तिं। तस्सा सङ्घाटि पि आदित्ता सम्पज्जलिता सजोतिभूता, पत्तो पि आदित्तो सम्पज्जलितो सजोतिभूतो, कायबन्धनं पि आदित्तं सम्पज्जलितं सजोतिभूतं, कायो पि आदित्तो सम्पज्जलितो सजोतिभूतो। सा सुदं अट्टस्सरं करोति। तस्स मय्हं, आवुसो, एतदहोसि—"अच्छरियं वत, भो, अब्भुतं वत, भो! एवरूपो पि नाम सत्तो भविस्सतिं! एवरूपो पि नाम यक्खो भविस्सति! एवरूपो पि नाम अत्तभावपटिलाभो भविस्सती" ति!!

अथ खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि—"चक्खुभूता वत, भिक्खवे, सावका विहरन्ति; ञाणभूता वत, भिक्खवे, सावका विहरन्ति, यत्र हि नाम सावको एवरूपं ञस्सति वा दक्खति वा सक्खिं वा करिस्सति। पुब्बेव मे सा, भिक्खवे, [R.262] सामणेरी दिट्ठा अहोसि। अपि चाहं न ब्याकासिं। अहं चेतं ब्याकरेय्यं, परे च मे न सद्दहेय्युं। ये मे न सद्दहेय्युं, तेसं तं अस्स दीघरत्तं अहिताय दुक्खाय। एसा, भिक्खवे, सामणेरी कस्सपस्स सम्मासम्बुद्धस्स पावचने पापसामणेरी अहोसि। सा तस्स कम्मस्स विपाकेन बहूनि वस्सानि बहूनि वस्ससतानि बहूनि वस्ससहस्सानि बहूनि वस्ससतसहस्सानि निरये पच्चित्वा तस्सेव कम्मस्स विपाकावसेसेन एवरूपं अत्तभावपटिलाभं पटिसंवेदयती" ति॥

•

दुतियो वग्गो॥

---

२०. पापश्रामणेरसूत्र : : कोई पापी श्रामणेर

२०. आयुष्मानो! यहाँ....किसी श्रामणेर को....पापबुद्धि रखता था। .... ॥ •

२१. पापश्रामणेरीसूत्र : : कोई पापी श्रामणेरी

२१. "यहाँ मैंने आयुष्मानो! गृध्रकूट पर्वत से उतरते हुए, किसी श्रामणेरी को आकाश में उड़ते हुए देखा। उसकी सङ्घाटी....पात्र....कायबन्धन....शरीर भी जल रहा था। उसके कारण....पूर्ववत्....ऐसा भी प्रेत होगा! ऐसा भी प्राणी यहाँ पैदा होगा"!

तब भगवान् ने भिक्षुओं को बताया—मेरे शिष्य, आँखें खोल कर, सावधान रहते हुए लोक में विचरण करते हैं। मेरे श्रावक ऐसी साधारण पुरुषों के लिये दुर्गम घटनाओं को भी जान लेते हैं। भिक्षुओ ....पूर्ववत्....*[द्र० अस्थिसूत्र]* अवशिष्ट फल भोगने के लिये आज इस रूप में पैदा हुई है॥

•

द्वितीय वर्ग समाप्त॥

तस्सुद्दानं

कूपे निमुग्गो हि सो पारदारिको, गूथखादि अहु दुट्ठब्राह्मणो॥ [B.453]
निच्छवित्थि अतिचारिनी अहु, मङ्गुलित्थि अहु इक्खणित्थिका॥
ओकिलिनि सपत्तङ्गारोकिरि, सीसच्छिन्नो अहु चोरघातको॥
भिक्खु भिक्खुनी सिक्खमाना, सामणेरो अथ सामणेरिका॥
कस्सपस्स विनयस्मिं पब्बज्जं, पापकम्मं करिंसु तावदे ति॥

लक्खणसंयुत्तं समत्तं॥

इस वर्ग में व्याख्यात सूत्रों की सूची—१. सशीर्षकसूत्र, २. गूथखादीसूत्र, ३. निश्छविस्त्री, ४. मङ्गुर (मङ्गल) स्त्री, ५. अवकिरणीसूत्र, ६. अशीर्षकसूत्र, ७. पापभिक्षु, ८. पापभिक्षुणी, ९. पापशिक्ष्यमाणा, १०. पापश्रामणेर, ११. पापश्रामणेरीसूत्र॥

लक्षणसंयुक्त समाप्त॥

२०. ओपम्मसंयुत्तं

१. कूटसुत्तं

१. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा सावत्थियं [N.219, B.454, R.263] विहरति जेतवने अनाथपिण्डिकस्स आरामे। तत्र खो भगवा...पे०...एतदवोच— ''सेय्यथापि, भिक्खवे, कूटागारस्स या काचि गोपानसियो सब्बा ता कूटङ्गमा कूटसमोसरणा कूटसमुग्घाता सब्बा ता समुग्घातं गच्छन्ति; एवमेव खो, भिक्खवे, ये केचि अकुसला धम्मा सब्बे ते अविज्जामूलका अविज्जासमोसरणा अविज्जासमुग्घाता, सब्बे ते समुग्घातं गच्छन्ति। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'अप्पमत्ता विहरिस्सामा' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ •

२. नखसिखसुत्तं

२. सावत्थियं विहरति। अथ खो भगवा परित्तं नखसिखायं पंसुं आरोपेत्वा भिक्खू आमन्तेसि—''तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, कतमं नु खो बहुतरं, यो चायं मया परित्तो नखखिायं पंसु आरोपितो या चायं महापठवी'' ति?

''एतदेव, भन्ते, बहुतरं यदिदं महापठवी। अप्पमत्तकोयं भगवता परित्तो

---

२०. औपम्यसंयुक्त

१. कूटसूत्र : : अकुशल धर्म अविद्यामूलक

१. ऐसा मैंने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) श्रावस्ती में....पूर्ववत्....यों बोले—''भिक्षुओ! जैसे किसी शिखर वाले भवन के सभी शिखर उसी भवन पर आधृत हैं, उसी के सहारे से हैं, उसी पर उठे हुए हैं, उस के खड़े रहने से वे खड़े हुए दिखायी देते हैं। इसी तरह, भिक्षुओ! ये जितने भी अकुशल धर्म हैं वे सभी अविद्यामूलक हैं, अविद्या पर आधृत हैं, अविद्या के सहारे खड़े हैं। इसलिये, भिक्षुओ! तुम्हें इस उदाहरण से यह शिक्षा लेनी चाहिये—'हम अप्रमत्त (सावधान) रहते हुए साधनारत रहेंगे।'—ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥ •

२. नखशिखसूत्र : : प्रमाद न करना

२. श्रावस्ती में साधना के समय....। तब भगवान् ने अपने नख के अग्र भाग (शिखा) पर थोड़ा सा रज:कण (धूल) लगा कर भिक्षुओं से पूछा—''तो क्या मानते हो, भिक्षुओ! यह जो मेरे नख के अग्रभाग पर जो धूल लगी हुई है वह अधिक है? या यह महापृथ्वी?''

''भन्ते! यह महापृथ्वी ही अधिक है। आप के नखाग्र भाग पर लगी धूल तो उसकी

नखसिखायं पंसु आरोपितो। सङ्खं पि न उपेति उपनिधिं पि न उपेति कलभागं पि न उपेति महापठविं उपनिधाय भगवता परित्तो नखसिखायं पंसु आरोपितो'' ति।

''एवमेव खो, भिक्खवे, अप्पका ते सत्ता ये मनुस्सेसु पच्चाजायन्ति; अथ खो एतेयेव वहुतरा सत्ता ये अञ्ञत्र मनुस्सेहि पच्चाजायन्ति। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'अप्पमत्ता विहरिस्सामा' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ ●

३. कुलसुत्तं

३. सावत्थियं विहरति। ''सेय्यथापि, भिक्खवे, यानि कानिचि कुलानि [R.264] बहुत्थिकानि अप्पपुरिसानि तानि सुप्पधंसियानि होन्ति चोरेहि कुम्भत्थेन- [N.220, B.455] केहि; एवमेव खो, भिक्खवे, यस्स कस्सचि भिक्खुनो मेत्ता- चेतोविमुत्ति अभाविता अबहुलीकता सो सुप्पधंसियो होति अमनुस्सेहि। सेय्यथापि, भिक्खवे, यानि कानिचि कुलानि अप्पित्थिकानि बहुपुरिसानि तानि दुप्पधंसियानि होन्ति चोरेहि कुम्भत्थेनकेहि, एवमेव खो, भिक्खवे, यस्स कस्सचि भिक्खुनो मेत्ताचेतोविमुत्ति भाविता बहुलीकता सो दुप्पधंसियो होति अमनुस्सेहि। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'मेत्ता नो चेतोविमुत्ति भाविता भविस्सति बहुलीकता

अपेक्षा बहुत अल्प है। यह अल्प सा रज:कण इस महापृथ्वी के किसी भी भाग (कला) में समानता नहीं करता।''

''भिक्षुओ! वैसे ही वे प्राणी भी बहुत अल्प हैं जो इस मानवयोनि में जन्म लेते हैं। इसलिये, भिक्षुओ! तुम्हें भी यह शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये—''हम अप्रमत्त हो कर साधना करेंगे।'' भिक्षुओ! इस प्रकार तुम्हें सीखना चाहिये॥ ●

३. कुलसूत्र : : मैत्री-भावना

३. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''जैसे, भिक्षुओ! ऐसे गृहस्थों के घरों में चौर या डाकुओं द्वारा चौरी या डाका डालना सुगम होता है जिस घर में पुरुष कम हो और स्त्रियाँ अधिक; उसी प्रकार, भिक्षुओ! जिस किसी भिक्षु की मैत्रीयुक्त चेतोविमुक्ति अभावित या अनभ्यस्त हो वह साधक भिक्षु अमनुष्यों (दुष्ट देवताओं या प्रेतों) द्वारा सहज में ही पीड़ित किया जा सकता है।

''जैसे, भिक्षुओ! जिस घर में पुरुष अधिक हों तथा स्त्रियाँ कम, वह घर चौर डाकुओं द्वारा सहजता से नहीं लूटा जा सकता; वैसे ही भिक्षुओ! जिस भिक्षु की मैत्रीयुक्त चेतोविमुक्ति भलीभाँति साधित तथा अभ्यस्त है उसे देवता या प्रेत सहजतया साधना से च्युत करने में समर्थ नहीं हो सकते। अत: भिक्षुओ! तुम्हें इस उदाहरण से यह शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये—'हम अपनी मैत्रीयुक्त चेतोविमुक्ति भावना को इतनी सुदृढ तथा

यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥

●

४. ओक्खासुत्तं

४. ...सावत्थियं विहरति। ''यो, भिक्खवे, पुब्बण्हसमयं ओक्खासतं दानं ददेय्य, यो मज्झन्हिकसमयं ओक्खासतं दानं ददेय्य, यो सायन्हसमयं ओक्खासतं दानं ददेय्य, यो वा पुब्बण्हसमयं अन्तमसो गद्दुहनमत्तं पि मेत्तचित्तं भावेय्य, यो वा मज्झन्हिकसमयं अन्तमसो गद्दुहनमत्तं पि मेत्तचित्तं भावेय्य, यो वा सायन्हसमयं अन्तमसो गद्दुहनमत्तं पि मेत्तचित्तं भावेय्य, इदं ततो महप्फलतरं। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'मेत्ता नो चेतोविमुत्ति भाविता भविस्सति बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥

●

५. सत्तिसुत्तं

५. ...सावत्थियं विहरति। ''सेय्यथापि, भिक्खवे, सत्ति तिण्हफला। [R.265] अथ पुरिसो आगच्छेय्य—'अहं इमं सत्तिं तिण्हफलं पाणिना वा मुट्ठिना वा पटिलेणिस्सामि पटिकोट्टिस्सामि पटिवट्टेस्सामी' ति; तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, भब्बो नु खो सो पुरिसो अमुं सत्तिं तिण्हफलं पाणिना वा मुट्ठिना वा पटिलेणेतुं पटिकोट्टेतुं पटिवट्टेतुं'' ति?

स्वभ्यस्त कर लेगें कि हमें वहाँ से कोई च्युत न कर पावे। भिक्षुओ! ऐसा तुम्हें सीखना चाहिये॥

●

४. ओक्खासूत्र : : विपुल मैत्रीभावना

४. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''भिक्षुओ! जो दानदाता प्रात:काल किसी बड़े पात्र (=ओक्खा) में भात बना कर, मध्याह्न में, सायङ्काल में वैसे ही किसी बड़े पात्र में भात बना कर दान करे तथा दूसरा कोई साधक प्रात: एक गौ के दुहने जितने समय तक, मध्याह्न में भी, सायङ्काल में भी एक गौ के दुहने जितने समय तक ही मैत्रीचित्त की भावना करे तो यह ऐसी भावना उपर्युक्त दान से अधिक फलदात्री होगी। अत:, भिक्षुओ! तुम्हें इस उदाहरण से भी यह सीखना चाहिये—'हम अपनी मैत्रीचित्तभावना को इतना अधिक से अधिक बढावें, विस्तृत करें, वृद्धिङ्गत करें, कि वहाँ से हम कभी च्युत न हो पावें।' भिक्षुओ! तुम्हें ऐसा ही सीखना चाहिये॥''

●

५. शक्तिसूत्र : : विपुल मैत्रीभावना

५. **श्रावस्ती में** साधना के समय....। ''जैसे, भिक्षुओ! भाले का अग्रभाग (फल) तीक्ष्ण होता है। वहाँ कोई पुरुष आ कर यह सोचे—'मैं इस भाले के अग्र भाग को हाथ

"नो हेतं, भन्ते"। "तं किस्स हेतु"?

[N.221] "असु हि, भन्ते, सत्ति तिण्हफला न सुकरा पाणिना वा मुट्ठिना वा पटिलेणेतुं पटिकोट्टेतुं पटिवट्टेतुं। यावदेव च पन सो पुरिसो किलमथस्स विघातस्स भागी अस्सा" ति।

"एवमेव खो, भिक्खवे, यस्स कस्सचि भिक्खुनो मेत्ताचेतोविमुत्ति भाविता [B.456] बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा, तस्स चे अमनुस्सो चित्तं खिपितब्बं मञ्ञेय्य; अथ खो स्वेव अमनुस्सो किलमथस्स विघातस्स भागी अस्स। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'मेत्ता नो चेतोविमुत्ति भाविता भविस्सति बहुलीकता यानीकता वत्थुकता अनुट्ठिता परिचिता सुसमारद्धा' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥ •

६. धनुग्गहसुत्तं

६. ...सावित्थियं विहरति। "सेय्यथापि, भिक्खवे, चत्तारो दळ्हधम्मा धनुग्गहा सुसिक्खिता कतहत्था कतूपासना चतुद्दिसा ठिता अस्सु। अथ पुरिसो [R.266] आगच्छेय्य— 'अहं इमेसं चतुन्नं दळ्हधम्मानं धनुग्गहानं सुसिक्खितानं कतहत्थानं कतूपासनानं चतुद्दिसा कण्डे खित्ते अप्पतिट्ठिते पठवियं गहेत्वा

के मुक्के से तोड़ दूँगा, कूट दूँगा, पीट दूँगा।' तो क्या समझते हो, भिक्षुओ! वह पुरुष ऐसा कर सकेगा?" "नहीं, भन्ते!" "वह क्यों?"

"वह इसलिये कि यह भाला तीक्ष्ण अग्रभाग वाला है, अत: वह हाथ या हाथ की मुट्ठी से टूटना कूटना या पीटना सरल नहीं है। अपि तु वैसा करने वाला पुरुष ऐसा कर के आहत हो जायगा या अन्य प्रकार का कष्ट भोगेगा।

इसी तरह, भिक्षुओ! जिस किसी भिक्षु की मैत्रीचित्तविमुक्ति भावना दृढ हो चुकी हो, अभ्यस्त हो चुकी हो, स्थिर हो चुकी हो, सुसमाहित हो चुकी हो, उस की उस भावना को यदि कोई अमनुष्य तोड़ना चाहे तो वह नहीं तोड़ पायगा, अपि तु स्वयं ही कष्ट पायगा। अत: इस उदाहरण से, भिक्षुओ! तुम्हें यह शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये—'मैत्रीयुक्त चित्तविमुक्ति इतनी सुदृढ सुसमारब्ध एवं सुभावित कर लेंगे कि कोई इसे विशृङ्खलित न कर पाये।' भिक्षुओ! तुम्हें यही सीखना चाहिये॥ •

६. धनुर्ग्रहसूत्र : : अप्रमादपूर्वक साधना

६. **श्रावस्ती में** साधना करते समय....।"जैसे, भिक्षुओ! चार दृढचित्त वीर धनुर्धर, शिक्षित, इस कला में सिद्धहस्त, चारों तरफ खडे हों, तब वहाँ कोई पुरुष आवे तथा यह कहे—'मैं इन चारों वीरों द्वारा छोडे गये वाणों को पृथ्वी पर गिरने से पूर्व ही ले आऊँगा।'

आहरिस्सामी' ति। तं किं मञ्ञथ, भिक्खवे, 'जवनो पुरिसो परमेन जवेन समन्नागतो' ति अलं वचनाया'' ति?

''एकस्स चे पि, भन्ते, दळ्हधम्मस्स धनुग्गहस्स सुसिक्खितस्स कतहत्थस्स कतूपासनस्स कण्डं खित्तं अप्पतिट्ठितं पठवियं गहेत्वा आहरेय्य—'जवनो पुरिसो परमेन जवेन समन्नागतो' ति अलं वचनाय, को पन वादो चतुन्नं दळ्हधम्मानं धनुग्गहानं सुसिक्खितानं कतहत्थानं कतूपासनानं'' ति?

''यथा च, भिक्खवे, तस्स पुरिसस्स जवो, यथा च चन्दिमसुरियानं जवो, ततो सीघतरो। यथा च, भिक्खवे, तस्स पुरिसस्स जवो यथा च चन्दिमसुरियानं जवो यथा च या देवता चन्दिमसुरियानं पुरतो धावन्ति तासं देवतानं जवो, ततो सीघतरं आयुसङ्खारा खिय्यन्ति। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'अप्पमत्ता विहरिस्सामा' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं'' ति॥ [N.222] ●

७. आणिसुत्तं

७. ...सावत्थियं विहरति। ''भूतपुब्बं, भिक्खवे, दसारहानं आनको [B.457] नाम मुदिङ्गो अहोसि। तस्स दसारहा आनके घटिते अञ्ञं आणिं ओदहिंसु। अहु खो सो, भिक्खवे, समयो यं आनकस्स मुदिङ्गस्स पोराणं पोक्खरफलकं [R.267] अन्तरधायि। आणिसङ्घाटो व अवसिस्सि। एवमेव खो, भिक्खवे, भविस्सन्ति भिक्खू

तो, भिक्षुओ! क्या मानते हो भिक्षुओ! ऐसा जवन (फुर्ती) दिखाने से वह पुरुष श्रेष्ठ जवनयुक्त नहीं कहलायगा?''

''भन्ते! यदि वह एक द्वारा ही छोडे बाण को, पृथ्वी पर गिरने से पहले ले आवे तो भी श्रेष्ठ जवनयुक्त (फुर्तीला) कहलायगा, चारों की बात तो दूर रहे!''

''भिक्षुओ! उस पुरुष का जो यह जवन है सूर्य चन्द्रमा का जवन उससे बढ कर है। सूर्य चन्द्रमा के जवन की अपेक्षा अन्य उच्च देवताओं में अधिक जवन है। इन सब जवनों की अपेक्षा अधिक जवन से हमारा आयु:संस्कार क्षीण हो रहा है। अत: भिक्षुओ! तुम्हें यह शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये—'अप्रमत्त हो कर साधना करूँगा।' तुम्हें ऐसा ही सीखना चाहिये॥ ●

७. आणिसूत्र : : गम्भीर धर्मों में मन लगाना

७. **श्रावस्ती में** साधना के समय....।''भिक्षुओ! पहले दशार्ह जनों के पास आनक नामक एक मृदङ्ग (नगाड़ा) था। उस आनक में जब कभी कोई छिद्र हो जाता तो दशार्ह जन उस में काष्ठ की एक खूँटी ठोक देते थे धीरे धीरे समय बीतने पर एक दिन ऐसा आ गया कि उस आनक मृदङ्ग का अपना समस्त काष्ठ समाप्त हो गया, उस के स्थान पर बाह्य काष्ठ की खूँटियाँ ही रह गयीं। इसीतरह, भिक्षुओ! भविष्य में ऐसे भी भिक्षु होंगे जो

अनागतमद्धानं, ये ते सुत्तन्ता तथागतभासिता गम्भीरा गम्भीरत्था लोकुत्तरा सुञ्ञतप्पटिसंयुत्ता, तेसु भञ्ञमानेसु न सुस्सूसिस्सन्ति न सोतं ओदहिस्सन्ति न अञ्ञा चित्तं उपट्ठापेस्सन्ति न च ते धम्मे उग्गहेतब्बं परियापुणितब्बं मञ्ञिस्सन्ति।

"ये पन मे सुत्तन्ता कविकता कावेय्या चित्तक्खरा चित्तब्यञ्जना बाहिरका सावकभासिता, तेसु भञ्ञमानेसु सुस्सूसिस्सन्ति, सोतं ओदहिस्सन्ति, अञ्ञा चित्तं उपट्ठापेस्सन्ति, ते च धम्मे उग्गहेतब्बं परियापुणितब्बं मञ्ञिस्सन्ति। एवमेव तेसं, भिक्खवे, सुत्तन्तानं तथागतभासितानं गम्भीरानं गम्भीरत्थानं लोकुत्तरानं सुञ्ञतप्पटि-संयुत्तानं अन्तरधानं भविस्सति। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'ये ते सुत्तन्ता तथागतभासिता गम्भीरा गम्भीरत्था लोकुत्तरा सुञ्ञतप्पटिसंयुत्ता, तेसु भञ्ञमानेसु सुस्सूसिस्साम, सोतं ओदहिस्साम, अञ्ञा चित्तं उपट्ठापेस्साम, ते च धम्मे उग्गहेतब्बं परियापुणितब्बं मञ्ञिस्सामा' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥ •

८. कलिङ्गरसुत्तं

८. एवं मे सुतं। एकं समयं भगवा वेसालियं विहरति महावने कूटागारसालायं। तत्र खो भगवा भिक्खू आमन्तेसि "भिक्खवो" ति। "भदन्ते" ति ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं। भगवा एतदवोच—

तथागत द्वारा प्रोक्त गम्भीर एवं लोकोत्तर शून्यता के बोधक सूत्रों को नहीं सुनना चाहेंगे, उसके द्वारा बोधित ज्ञान पर कोई ध्यान नहीं देंगे, न वे उन धर्मों को सीखने या अभ्यास करने योग्य समझेंगे। इस के विपरीत, जो अन्य सम्प्रदायों के अनुयायियों द्वारा रचित काव्यप्रबन्ध हैं जो अर्थ और व्यञ्जन दोनों ही दृष्टियों से तात्कालिक चित्त के लिये लुभावने लगते हैं उन्हीं को सुनने के लिये कान देंगे, इच्छा करेंगे, तथा समझने का प्रयास करेंगे। भिक्षुओ! इस तरह तथागतप्रोक्त शून्यताबोधक गम्भीरार्थ एवं लोकोत्तर सूत्रों का लोप हो जायगा। अत: भिक्षुओ! इस दृष्टान्त के सहारे से तुम को यह शिक्षा ग्रहण करनी चाहिये—'ये जो तथागतप्रोक्त गम्भीर अर्थवाले लोकोत्तर शून्यताप्रतिपादक सूत्र हैं, उन का प्रवचन होने पर उन ही का श्रवण करेंगे, उन्हीं पर ध्यान लगायेंगे। उन के द्वारा ज्ञान प्राप्त करेंगे। उन्हीं तथागतप्रोक्त धर्मों को ग्रहण करने, सीखने तथा अभ्यास करने योग्य मानेंगे।' भिक्षुओ! तुम्हें ऐसा ही सीखना चाहिये॥ •

८. कलिङ्गरसूत्र : : रूक्ष काष्ठ के तख्ते पर शयन

८. ऐसा मैने सुना है। एक समय भगवान् (बुद्ध) **वैशाली** केमहावन की कूटागारशाला में साधनाहेतु विराजमान थे। वहाँ भगवान् ने भिक्षुओं को यों उपदेश किया—

"कलिङ्गरूपधाना, भिक्खवे, एतरहि लिच्छवी विहरन्ति [N.223, R.268] अप्पमत्ता आतापिनो उपासनस्मिं। तेसं राजा मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो न लभति ओतारं न लभति आरम्मणं। भविस्सन्ति, भिक्खवे, अनागतमद्धानं लिच्छवी [B.458] सुखुमाला मुदुतलुनहत्थपादा ते मुदुकासु सेय्यासु तुलबिम्बोहनासु यावसुरियुग्गमना सेय्यं कप्पिस्सन्ति। तेसं राजा मागधो अजातसत्तु वेदेहिपुत्तो लच्छति ओतारं लच्छति आरम्मणं।

"कलिङ्गरूपधाना, भिक्खवे, एतरहि भिक्खू विहरन्ति अप्पमत्ता आतापिनो पधानस्मिं। तेसं मारो पापिमा न लभति ओतारं न लभति आरम्मणं। भविस्सन्ति, भिक्खवे, अनागतमद्धानं भिक्खू सुखुमाला मुदुतलुनहत्थपादा। ते मुदुकासु सेय्यासु तुलबिम्बोहनासु यावसुरियुग्गमना सेय्यं कप्पिस्सन्ति। तेसं मारो पापिमा लच्छति ओतारं लच्छति आरम्मणं। तस्मातिह, भिक्खवे, एवं सिक्खितब्बं—'कलिङ्गरूपधाना विहरिस्साम अप्पमत्ता आतापिनो पधानस्मिं' ति। एवं हि वो, भिक्खवे, सिक्खितब्बं" ति॥ •

"भिक्षुओ! आजकल लिच्छविजन लकड़ी के तख्तों पर ही अपना शयनासन लगाते हैं। तथा उन्हीं पर बैठ कर अप्रमत्त हो कर उत्साहपूर्वक अपने समस्त कर्तव्य पूर्ण करते हैं। मगधराज वैदेहिपुत्र अजातशत्रु उनके विरुद्ध कोई कूटनीतिक षड्यन्त्र नहीं रच पाते।

"परन्तु, कालान्तर (भविष्य) में ये ही लिच्छविजन सुकुमार हो जायँगे तथा इन के हाथ पैरों में कोमलता आ जायगी। ये लकड़ी के तख्तों के स्थान पर गुदगुदे गद्दे तकियों पर सूर्योदय के बाद तक सोने लगेंगे। इस तरह, उस समय मगधराज वैदेहिपुत्र अजातशत्रु इन के विरुद्ध षड्यन्त्र रचने में भी सफल हो जायँगे।

